ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 26 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-40 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

एक्टिंग करियर में कुछ हटकर किरदार .. पेज 10 पर



## भाकपा माओवादी सबजोनल कमांडर बब्बन भोक्ता गिरफ्तार

### सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर प्लांट किए गए दो आईडी केन बम, 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में सक्रिय प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों के नापाक मनसूबे पर पानी फेरते हुए पुलिस टीम ने बड़ी घटना को अंजाम देकर जिले को दहलाने की फिराक में जुटे संगठन के सबजोनल कमांडर बब्बन भोक्ता उर्फ बब्बन को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार नक्सली की निशानदेही पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर प्लांट किए गए दो-दो किलोग्राम के दो शक्तिशाली केन बम बरामद किए। गिरफ्तारी उसके प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा-नौकाडीह गांव से हुई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए एसपी राकेश रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के सबजनल कमांडर बबन भोक्ता उर्फ बब्बन जी संगठन के विस्तार करने के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर अपने गांव नौकाडीह के आस-पास भ्रमणशील है। सूचना पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और टीम ने गांव में अभियान चलाकर इसे गिरफ्तार किया। आगे बताया कि गिरफ्तार नक्सली ने पूछताछ के दौरान उसके द्वारा प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा-नटकईया के जंगलों में सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर प्लांट किए गए दो-दो किलोग्राम के दो शक्तिशाली आईडी केन बम के साथ 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, फ्लैश हेडर व बैट्री भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली नक्सली संगठन में पिछले 12 वर्षों से सक्रिय है और अपने दस्ते के सदस्यों के साथ मिलकर कई बड़ी आगजनी और गोलीबारी जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है।



## पीटीआर में एक और नर बाघ मिला

### रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर तीन होने से हर्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक और नर बाघ के आने की पुष्टि की गई है। पीटीआर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पिछले कई दिनों से एक और नर बाघ पलामू टाइगर रिजर्व में है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने प्रमंडल का नाम गुप्त रखते हुए बताया कि यह दूसरा बाघ नर है। स्वस्थ और फुर्तीला है। नवंबर महीने में दो नर बाघों की उपस्थिति देखी जा रही है। यह दूसरा नर बाघ कैमरा ट्रैप में भी आ गया है। इससे पूर्व मार्च महीने में भी एक नर बाघ आया हुआ है। इस प्रकार वर्ष 2023 में रिजर्व में तीन नर बाघ आ चुके हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे साबित होता है कि यहां का जंगल बाघ के लिए बहुत ही अनुकूल है। बाघ के लिए शिकार व पानी के स्त्रोत भी पर्याप्त हैं। बाघों की सुरक्षा के लिए सख्त से सख्त कदम उठाए गए हैं। पलामू टाइगर की पेट्रोलिंग की जा रही है। सभी वनरक्षक, ट्रैकर, फॉरेस्टर व रेंजर को हिदायत दी गई है कि वह पूरी तरह से चाक-चौबंद रहते हुए इस बात को सुनिश्चित करें कि नर बाघ को किसी भी तरह की कोई परेशानी या चुनौती न मिले। कैमरा ट्रैप में इन बाघों के आ जाने से वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून ने भी संतोष जताया है। क्षेत्र निदेशक ने पलामू टाइगर रिजर्व के अगल-बगल बसे हुए गांव के लोगों से अपील की है कि वह भी बाघों व अन्य वन्य जीवों की सुरक्षा में अपना सहयोग दें।

## गागर में सागर

### डीसी के आदेश पर पलामू में धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम स्थगित



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के आदेश पर पलामू में प्रख्यात कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री का प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। इससे आयोजन समिति सहित कथा प्रेमियों में भी मायूसी देखी जा रही है। विदित हो कि 10 दिसंबर से खनवा स्थित अमानत नदी के किनारे बागेश्वर बाबा के नाम से जाने जाने वाले ख्याति प्राप्त कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री का तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रस्तावित था। आयोजन समिति सहित प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की तैयारी भी शुरू कर दी गई थी। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा बैठक कर विचार-विमर्श भी किया गया था। इसी बीच शनिवार को डीसी के आदेश पर कार्यक्रम को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। हालांकि पलामू में कार्यक्रम को लेकर मामला न्यायालय में भी चल रहा है। जिसमें कल सुनवाई होनी है। बहरहाल डीसी के आदेश के बाद सभी की नजरें न्यायालय की सुनवाई पर टिकी है।

### पलामू में स्वास्थ्य कर्मी की गर्दन रेतकर हत्या की कोशिश

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत एक कर्मी की शनिवार अहले सुबह गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की गई। संयोगवश उसी समय एक बाइक के आ जाने के कारण अपराधी स्वास्थ्य कर्मी को छोड़कर भाग गए। जिससे उसकी जान बच गयी। पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी सकेन्द्र राम छतरपुर थाना क्षेत्र के चराई का रहने वाला है। उसने बताया कि वह अनुमंडलीय अस्पताल का अनुबंध कर्मी हैं। शनिवार रात में वह रात में डयूटी पर तैनात था। अहले सुबह चार बजे के करीब वह अस्पताल के पीछे खेत में शौच के लिए गया। इसी दौरान दो अपराधी हमला करते हुए उसका मुंह बंद कर दिये। एक ने उसका मुंह दबाये रखा तथा दूसरा चाकू से उनका गर्दन रेतने लगा। इसी बीच एक बाइक सवार को आते देख दोनों अपराधी उसे छोड़ कर भाग गए। सकेन्द्र ने कहा कि वह एक अपराधी को शक्ल देख कर पहचान जायेगा। जबकि दूसरा जो पीछे खड़ा था, उसे वह देख नहीं पाया। फिलहाल घटना की लिखित जानकारी थाना प्रभारी को दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर दो दिसंबर को सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर अब दो दिसंबर को सुनवाई होगी। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर आज शनिवार को सुनवाई हुई। जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 2 दिसंबर को मुकर्रर कर दी।

### शिबू सोरेन जैसा नहीं है बनना : मरांडी

**साहिबगंज/बरहेट।** शनिवार को साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह गांव में भाजपा द्वारा आयोजित आदिवासी अधिकार यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आदिवासियों को अधिकार मिले, यहां के लोगों को हक दिलाना है। उसके लिए लड़ाई लड़नी होगी। सिर्फ शिबू सोरेन के परिवार ही संथाल नहीं है। झारखंड आंदोलन को शिबू सोरेन के द्वारा कई बार बेचने का कार्य किया है। श्री मरांडी ने कहा कि सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव के पवित्र आंदोलन की धरती रही है और आदिवासी अधिकार यात्रा के जरिए आदिवासियों को अधिकार मिले। इसके लिए आज यहां से यात्रा शुरू की गई है। यहां के लोगों को हक दिलाना है, उसके लिए लड़ाई लड़नी है। इस अवसर पर एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, विधायक अनंत ओझा,पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन,ताला मरांडी, कार्यक्रम प्रभारी दुर्गा मरांडी ,सह प्रभारी रेणुका मुर्मू ,माइकल मरांडी, होपना मरांडी,ज्योतिष हेंब्रम सहित अनेक लोगों उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि उन्हें 'शिबू सोरेन के परिवार जैसा नहीं बनना' वहीं, साहिबगंज में बाबूलाल मरांडी ने अधिकार यात्रा शुरू करने से पूर्व जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का टिप्स दिया।

### टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को उत्तराखंड में सुविधा दे रही सरकार

**रांची।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों का हाल जानें गए उनके परिजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मालूम हो कि टनल में फंसे श्रमिकों का हाल जानने उनके परिजन उत्तराखंड पहुंचे हैं। इसकी जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तो उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। टनल में फंसे झारखण्ड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के सात श्रमिक की पुष्टि हुई है।

### हेमंत सोरेन ने पाकुड़ वासियों को 153 करोड़, 81 लाख रुपये की 118 योजनाओं का दिया तोहफा

# देश के कई राज्य अपना रहे झारखंड मॉडल : मुख्यमंत्री

### आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला, बुजुर्ग, हर किसी के लिए सरकार की हैं योजनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम जिस मकसद से शुरू किया गया था। उसमें यह कितना प्रभावी, कारगर और सफल साबित रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के कई राज्य झारखंड के इस मॉडल को अपनाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके दरवाजे पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ दे रहे हैं तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन पाकुड़ में आज आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




**दो दशकों तक जन समस्याओं के समाधान को लेकर नहीं दिखी गंभीरता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी। लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका हक और अधिकार दे रहे हैं।

**जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप बन रही योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतार रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला, बुजुर्ग, हर वर्ग के कल्याणार्थ योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने लोगों से शेष पृष्ठ 11 पर

#### गांव- गांव पहुंच रही है सरकार की नजर

मुख्यमंत्री ने कहा- इस अभियान के पिछले दो चरणों में रहय सरकार की आवाज और नजरें गांव-गांव तक पहुंची हैं, लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला। यह कार्यक्रम राज्य वासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। पिछले दो चरणों में इस अभियान को लोगों का जिस तरह से रिस्पांस और सपोर्ट मिला, उसी के मद्देनजर पुनः इसका तीसरा चरण शुरू किया गया है।

## भ्रष्टाचारी को गवर्नर बना कर भेज दिया : हेमंत सोरेन



### विपक्ष को गठरी बना कर भेज देंगे गुजरात, हिम्मत है तो सीधी लड़ाई लड़े विपक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को अपने संथाल दौरे के पहले दिन पूरे तेवर में नजर आए। पहले दिन बरहेट में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हेमंत ने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन, पूर्व सीएम एवं ओडीशा के राज्यपाल रघुवर दास और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपने लपेटे में लिया। उन्होंने बरहेट में अपनी सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर पूरे तेवर के साथ पलटवार किया। उन्होंने राज्य में जारी सीबीआई, आईटी और ईडी की कार्रवाई को विपक्ष की साजिश बताते हुए इशारों-इशारों में ही पूर्व सीएम मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमारी सरकार और परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाता है। लेकिन जिसकी सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार कर बेड़ागर्क कर दिया, उस भ्रष्टाचारी को गर्वनर बना कर भेज दिया। उन्होंने रघुवर का नाम लिए बिना कहा कि पिछले महीने ही प्रदेश के पूर्व सीएम को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने जनसभा में कहा कि जब विपक्ष की राजनीतिक ताकत खत्म हो जाती है, तो ये लोग छिपकर वार करते हैं। ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी जांच एजेंसियों को आगे कर उसके पीछे छिप जाते हैं। उन्होंने, विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि पीछे से क्यों लड़ते हो। हिम्मत है तो सामने से लड़ो। सीएम हेमंत ने कहा कि जब विपक्ष सीधी राजनीतिक लड़ाई में पिछड़ जाता है तो ऊल-जुलूल आरोप लगाने लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को इस बात की तकलीफ है कि हमारी सरकार गरीबों को मजबूत कैसे कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष उनके हर काम में अड़ंगा लगाता है। सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी शेष पृष्ठ 11 पर

## मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा, मोदी ने स्वदेशी तेजस विमान से उड़ान भरी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में स्वदेशी तेजस विमान से उड़ान भरी।

यह उडान प्रधानमंत्री के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड-एचएएल के दौरे के समय भरी गई। श्री मोदी ने तेजस लड़ाकू विमान कारखाने सहित अन्य विनिर्माण इकाइयों की गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर तेजस विमान उड़ाने के अनुभव को अतुल्य बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश की स्वदेशी क्षमताओं में भरोसा और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्र की क्षमता के बारे में गौरव और आशावाद की भावना और मजबूत हुई है। भारतीय वायु सेना ने 83 तेजस विमानों की खरीद की प्रक्रिया आरंभ की है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर चौधरी ने हाल ही में बेंगलुरू में एचएएल के दो सीट वाले पहले एलसीए प्रशिक्षु विमान की समीक्षा की थी।



प्रधानमंत्री मोदी रक्षा उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन देते रहे हैं। उन्होंने 2024-25 तक पांच अरब डॉलर के रक्षा निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत ने अब तक के सर्वाधिक 15 हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात किया। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेजस उड़ान स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देने में देश की शक्ति का प्रतीक है। श्री ठाकुर ने कहा की यह देश की तकनीकी उन्नति में निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा की यह नवाचार और रणनीतिक नेतृत्व के साथ आत्मनिर्भर बनने की देश की क्षमता प्रदर्शित करता है।

## पलामू संसदीय सीट पर भाजपा में भी घमासान

### अंदर-बाहर के मुद्दे पर वर्तमान सांसद के विरोध में लॉबिंग तेज

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट को लेकर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के साथ केंद्र में सत्तासीन भाजपा में भी घमासान मचा है। अंदर-बाहर के मुद्दे पर वर्तमान सांसद वीडी राम के विरोध में इस बार पार्टी के अंदरखाने में ही लाबिंग तेज हो गई है। झारखंड कैडर के आईपीएस रहे वीडी राम दो बार से भाजपा के टिकट पर पलामू संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनका जन्मस्थान बक्सर बिहार है। हालांकि पलामू में उनकी नजदीकी रिश्तेदारी है तथा मेदिनीनगर में उन्होंने अपना आशियाना भी बनवाया है। इसके बावजूद पार्टी का एक धड़ा अंदर-बाहर के मुद्दे पर लंबे अरसे से सांसद के विरोध में मोर्चा खोला हुआ है। सोशल मीडिया पर भी इस संबंध में काफी कुछ लिखा-पढ़ा जा चुका है। इसके साथ ही सांसद की बढ़ती उम्र भी इस बार उनके टिकट की राह में रोड़ा अटका रही है। इस बार पलामू से टिकट पाने के लिए भाजपा के कैडर कार्यकर्ता दिल्ली तक जोर लगा रहे हैं। इसके साथ ही राजद से आये पूर्व सांसद मनोज कुमार, झाविमो से आये प्रभात भुइंया भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। चर्चा है कि उपचुनाव जीतकर सांसद बनने वाले जिले के कद्दावर नेता भी भाजपा से टिकट की जुगत में लगे हैं। हालांकि राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा। यह तो भविष्य के गर्भ में है। भाजपा का स्थानीय के साथ प्रदेश नेतृत्व भी स्थिति पर नजर बनाये हुए है।



#### आईएनडीआईए गठबंधन की भी गुत्थी उलझी

पलामू सीट को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन की भी गुत्थी उलझती जा रही है। कांग्रेस ने जहां अभी से पलामू व चतरा सीट पर दावेदारी कर दी है। वहीं पूर्व में संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राजद व झामुमो के भी अपने-अपने दावे हैं।

# सप्ताह में 70 घंटे काम से बढ़ेगा भारत



**सुनील बादल**

**देश** की मशहूर टेक कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में यह सलाह क्या दी देश विदेश में बड़े उद्योगपतियों से लेकर आम आदमी तक यह चर्चा का विषय बन गया। मूर्ति के समर्थक इसमें राष्ट्र निर्माण का भाव देख रहे हैं तो विरोधी इसमें शोषण का आधार देख रहे हैं। तीसरा पक्ष सुझाव दे रहा है कि राष्ट्र निर्माण की भावनाएं रखते हुए कामगारों के व्यक्तिगत हितों का भी ख्याल रखा जाना चाहिए। अलग-अलग विचारधारा के मूल में एक ओर कठोर परिश्रम और देशहित की भावना तो दूसरी ओर पश्चिमी देशों और कॉपोर्रेट कंपनियों की शोध आधारित नीति है कि सप्ताह के पांच दिन जम कर काम और दो दिन पूरा आराम एक मनुष्य को अधिक ऊजार्वान,उचित निर्णय की क्षमतायुक्त अधिक उत्पादक बनाती है ।भारत जैसे देश में यह बहस इसकी दिशा तय कर सकती है और शायद उन तथ्यों की ओर लोगों का ध्यान खींच सकती है जो इसे पश्चिमी मॉडल से अलग करती है ।



प्रसिद्ध जिंदल समूह के सज्जन जिंदल ने मूर्ति के सुझाव का भरपूर समर्थन करते एक्स पोस्ट में लिखा,'मैं नारायण मूर्ति के बयान का तहे दिल से समर्थन करता हूं। इसका संबंध लोगों को निचोड़ने से नहीं है बल्कि यह समर्पण के बारे में है। हमें भारत को एक ऐसी आर्थिक महाशक्ति बनाना है जिस पर हम सभी गर्व कर सकें। 5 दिवसीय सप्ताह की संस्कृति वह नहीं है जिसकी हमारे आकार के तेजी से विकसित हो रहे राष्ट्र को आवश्यकता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रतिदिन 14-16 घंटे से अधिक काम करते हैं। मेरे पिता सप्ताह में 7 दिन 12-14 घंटे काम करते थे। मैं हर रोज 10-12 घंटे काम करता हूं। हमें अपने काम में और राष्ट्र निर्माण में जुनूनी बनना होगा। हमारी परिस्थितियां अद्वितीय हैं और हमारे सामने आनेवाली चुनौतियां विकसित देशों से भिन्न हैं। वे सप्ताह में 4 या 5 दिन काम कर रहे हैं क्योंकि उनकी पिछली पीढ़ियां लंबे समय तक और अधिक उत्पादक घंटे बिताती थीं। हम विदेशों में कम काम को अपना मानक नहीं बनने दे सकते! भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा हैं और महाशक्ति बनने की हमारी यात्रा में इस पीढ़ी को आराम से ज्यादा काम को प्राथमिकता देनी होगी। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, आराम के अवसर मिलेंगे और 2047 के युवाओं को हमारे बलिदानों और परिश्रम का लाभ मिलेगा।' इन्फोसिस के पूर्व सीएफओ मोहन दास पई का आकलन थोड़ा अलग है लिखा, अभिजीत कृपया वैल्यु जजमेंट करना बंद कर दें। कुछ सबसे बड़ी, सबसे परिष्कृत वैश्विक कंपनियां अपना सबसे जटिल काम भारत से से कराती हैं। जब आप 20 अरब डॉलर रेवेन्यू बनाने जैसा कुछ कर लें तभी अपना मुंह खोलें। तब तक कृपया चुप रहें।' पई डिफेंस एनालिस्ट अभिजीत अय्यर मित्रा को जवाब दे रहे थे। मूर्ति ने जिस पॉडकास्ट में 70 घंटे प्रति सप्ताह काम की बात कही, उसे पई ही शेष पृष्ठ 11 पर





## गागर में सागर

### परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढस

**विश्रामपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय शनिवार को गोदरमा गांव पहुंचे। उन्होंने मृत सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडेय के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। बताते चलें कि सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के पिता सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडेय का निधन शुक्रवार को हो गया था। मौके पर श्याम किशोर पांडेय,राजीव पांडेय,धनंजय तिवारी,विजय चौबे,नरसिंह चौबे मौजूद थे। इधर वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने भी मुरारी पांडेय के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

### झारखंड व बिहार के फुटबॉल मैच में झारखंड की टीम बनी विजेता

**हैदरनगर।** प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत के सुदूरवर्ती पहाड़ की तलहटी के नीचे सेमराडीह गांव के खेल मैदान में झारखंड के बभंडी बनाम बिहार के चंद्रपुर बीच फुटबाल टूनामेंट के फाइनल मैच खेला गया। दोनों टीमों ने अंत तक रोमांचक प्रदर्शन किया। गोल करने को जूझते दोनों टीम मैच के दौरान खिलाड़ी आपस में जूझते रहे। जिससे खेल मैदान में दर्शकों के बीच ऊहापोह की स्थिति कायम रहा। उसके बाद पेनाल्टी मैच होने के बाद झारखंड की टीम ने लगातार तीन गोल दाग दिये। जबकि बिहार की टीम एक भी गोल ही कर सकी। जिसके बाद झारखंड की टीम को 3 - 1 से विजयी घोषित किया गया। झामुमो के पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड में युवाओं का इस खेल के प्रति काफी संभावनाएं है। ऐसे आयोजन से नये खिलाड़ियों को भी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इससे शारिरिक, मानसिक विकास की प्रगति को देख आगे भी इस खेल का आयोजन जारी रहना चाहिए। इस दौरान सामजसेवी व खेलप्रेमी रामचंद्र यादव, लव कुमार, सूरज पासवान, सुनील कुमार, रुपेश ठाकुर, राजेश सिंह व जुगेश चौधरी सिंह सहित सैकड़ों दर्शक शामिल थे।

#### मिलीभगत से कालाबाजारी करने का लगाया आरोप

# किसानों को नहीं मिला अनुदानित गेहूं का बीज, जताया आक्रोश

**कुछ दिन पहले ही पैक्स में गेहूं का बीज आया था : किसान**

**किसानों को अनुदानित दर पर मिलनेवाले बीज बिचौलियों की भेंट चढ़ जा रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत के किसानों को अनुदानित दर पर गेहूं का बीज नहीं मिलने से किसानों में मायूसी देखी जा रही है। इसे लेकर शनिवार को पथरा, डुबरीडीह, सरसोत, बहेरवाडीह, एकौनी गांव के किसानों ने प्राथमिक विद्यालय बहेरवाडीह परिसर में बैठक कर विभाग के प्रति आक्रोश जताया है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी व संचालन अरूण कुमार सिंह ने किया। इस संबंध में भगवत साव, कमलेश साव, सुरेश सिंह, उदित मेहता, रामपति यादव, अनिल शर्मा, फकीरा भुईयां,नौरंग बैठा, महंग राम, सुरेश मेहता, राकेश कुमार आदि किसानों का आरोप है कि कुछ दिन पहले ही पैक्स में गेहूं का बीज आया था। जिसे किसानों को न देकर कर्मियों और पैक्स की मिलीभगत से कालाबाजारी कर दिया गया। किसानों ने बताया कि एक ओर किसान सूखाड़ की मार झेल रहे हैं। दूसरी ओर किसानों को अनुदानित दर पर मिलनेवाले बीज बिचौलियों की भेंट चढ़ जा रहा है। ऐसे में किसान बीज महंगे दर पर बीज खरीदने को विवश हैं। किसानों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा, लखन सिंह भी किसानों की समस्याओं से रूबरू होते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया है। विधायक ने किसानों के हित में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

#### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने की शिरकत

# नई चेतना कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को नई चेतना-पहल बदलाव कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस के तत्वावधान में जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। लिंग पर आधारित भेदभाव को दूर करने व लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में जेएसएलपीएस द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यशाला में महिला उत्पीड़न, महिला हिंसा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विचारधारा, सामाजिक जागरूकता, परिवारिक, महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक भेदभाव आदि विषयों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कोआर्डिनेटर अंजनी कुमार ने कहा कि नई चेतना अभियान का मुख्य उद्देश्य



महिलाओं को हिंसा के विरुद्ध उनके अधिकारों से अवगत कराकर उनके जीवन को भय व भेदभाव से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि लिंग पर आधारित भेदभाव नहीं होनी चाहिए। महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए।

#### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# पेनाल्टी शूट आउट में मोकहर कला विजयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में पांती व मोकहर कला के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक मुकाबला एक-एक की बराबरी पर रहा। पेनाल्टी शूट आउट में मोकहर कला की टीम ने 1-0 से बाजी मारी। मैच में मुसा खान व रूपेश कुमार ने अपने खेल से दर्शकों को आकर्षित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि हुसैनाबाद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए भाजपा नेता कर्नल डा. संजय कुमार सिंह के अथक प्रयास की सराहना की। मौके पर क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, उमेश चन्द्र शिव, निर्णायक नेहाल मिर्जा, राजेन्द्र चौधरी, अशोक कुमार सिंह, पच्चु शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, सुदामा सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, रविंद्र सिंह, गणेश प्रजापति मौजूद थे। आज का मैच हैदरनगर प्रखंड के बरेवा बनाम हुसैनाबाद प्रखंड के बैंराव के बीच खेला जायेगा।

### ट्रेनों में यात्रियों को भीड़ व असुविधाओं से त्रस्त हैं यात्री

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी रेलखंड पर परिचालित सभी पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को भीड़ से राहत नहीं मिली है। छठ महापर्व संपन्न होने के छठे दिन शनिवार को बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन को जाने वाली जीडीआर सहित अन्य पैसेंजर ट्रेन के सभी बोगियों में यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं रहने से बेचैन दिखे। थी। जबकि अब लगन में शादी विवाह का दौर भी शुरू हो गया है। इसके बावजूद 14 के बजाय इस ट्रेन में गार्ड सहित नौ बोगी युक्त रेक का परिचालन ही हो पा रहा है। वहीं भीड़ भरी बोगियों में शौचालय व पानी की सुविधा नहीं रहने से यात्री काफी परेशान हैं। यात्रियों का कहना है कि रेल प्रशासन ने कोविड काल के बाद अब तक इस रेलखंड की सभी पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल ट्रेन के रुप में चलाकर मेल एक्सप्रेस का भाड़ा लिया जा रहा है। जबकि यात्रियों को पैसेंजर की भी सुविधा नहीं मिलती है।

#### नगर परिषद कार्यालय में आपके द्वार कार्यक्रम

# समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान, लोगों को राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में वार्ड 15 व 16 हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, सलीमुद्दीन अंसारी व समजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, नक्शा



से संबंधित मामले, धोती साड़ी का बितरण, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण के मामले आये। इनमें से कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। इससे लंबे समय से समस्या लेकर भटक रहे नागरिकों को राहत मिली। इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, जेई विभूति कुमार, मुकेश कुमार, अजित टुडु,मो. सत्तार खलीफा जिलानी, संजय ठाकुर, सुमित कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, मुबारक अंसारी मौजूद थे।

# रविवार को भी खुला रहेगा विद्युत कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बिजली विभाग जपला का कार्यालय रविवार को छुट्टी के बावजूद खुला रहेगा। इस दिन भी आम दिनों की भांति उपभोक्ता अपना बिजली बिल भुगतान कर सकते हैं। इसकी जानकारी विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए रविवार को भी काउंटर खोलने का निर्णय लिया है। ताकि उपभोक्ता अपना बिजली बिल बिना किसी परेशानी के जमा कर सकें। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के परिसर में अभी तक विद्युत मीटर नहीं लगा है। वे जल्द से जल्द मीटर लगवा लें। बगैर मीटर बिजली का प्रयोग करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिगसिगी पंचायत में आपकी सरकार कार्यक्रम

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद,जिला पार्षद विजय रविदास,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,एमामूल हक गुड्डू,मुखिया किरण देवी व समाजसेवी पिंटू चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में कई समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट करने के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया।

### पत्रकार संगठन के गढ़वा प्रभारी बने राम निवास

**विश्रामपुर।** झारखंड पत्रकार संगठन का गढ़वा जिला प्रभारी पत्रकार रामनिवास तिवारी को बनाया गया है। इस आशय का मनोनयन पत्र संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने जारी किया है। पत्र के माध्यम से श्री शुक्ला ने एक सप्ताह के अंदर गढ़वा जिला में संगठन का विस्तार करने का निर्देश दिया है। नवनियुक्त जिला प्रभारी ने कहा कि पत्रकारों को एक मंच पर लाना पहली प्रथमिकता है। संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष नीलकमल शुक्ला,जिलाध्यक्ष अश्विनी घई,योगेन्द्र कुमार मिश्रा,रघुवीर नारायण पांडेय आदि ने श्री तिवारी को बधाई दी है।

### आज हुसैनाबाद व कल हैदरनगर में कार्यकर्ता सम्मेलन

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर पार्टी विस्तृत कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय परिसर व सोमवार को देवी धाम परिसर हैदरनगर में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। इस दौरान भावी रणनीति पर कार्यकताओं के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

### शिक्षा के प्रसार में सहायक है अभिभावक-शिक्षक समन्वय

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकार प्रदत्त सुविधाएं,आठवीं बोर्ड की परीक्षा,विद्यालय का रखरखाव व व्यय, पोषण बागवानी, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना आदि विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने अभिभावकों से कहा कि सभी सुविधाओं का लाभ उठाकर बच्चों को अवश्य शिक्षित करें। बच्चों की प्रगति के बारे में भी बतायें। इससे समस्याओं को हल करने में मदद मिलेगी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि अभिभावक बेहिचक अपनी बात रखें। यह बैठक इसी निमित्त है। उन्होंने कहा कि अभिभावक-शिक्षक समन्वय शिक्षा के प्रसार सदैव सहायक होता है। बच्चे नियमित विद्यालय आयें,इसका विशेष ध्यान अभिभावक रखें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-10/2023-24

पत्रांक:– 797 हुसैनाबाद, दिनांक:– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दोमुहान नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 66,52,946=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.12. 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 312056 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 11/2023-24

पत्रांक–712 लातेहार/दिनांक–25.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओकवाही मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–,मनिका, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 47.235 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 30.11.2023 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 312072 (Water Resource) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-13/2023-24

पत्रांक:– 800 हुसैनाबाद, दिनांक:– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | भभका नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 82,31,760=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.12. 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :–https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.312059 Minor Irrigation(23-24):D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 14/2023-24

पत्रांक–715 लातेहार/दिनांक–25.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | हरिनामाड़ मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–बरवाडीह, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 96.259 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 30.11.2023 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 312078 Water Resource (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना (Re-Tender) (2nd Call)

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-08/2023-24

पत्रांक:– 795 हुसैनाबाद, दिनांक:– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | घोबघटवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 73,78,097=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक)) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20-12- 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :–https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.312054 Minor Irrigation(23-24):D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 10/2023-24

पत्रांक–711 लातेहार/दिनांक–25.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जगलदगा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 134.709 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 30.11.2023 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 312071 Water Resource (23-24)_D

## गागर में सागर

### पूर्व सैनिकों ने साथी को दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा शनिवार को शोक सभा कर पिछले दिनों दिवंगत हुए परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष आरसी यादव को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार के सदस्यों को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्रा ने कहा कि सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन रामचंद्र यादव अपनी जिंदादिली के लिए विख्यात थे। सेना के इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्प्स में एक क्राफ्ट्समैन के रूप में सेवा प्रारंभ कर आनरेरी कैप्टन के सर्वोच्च पद तक पहुंचना उनकी कर्तव्य निष्ठा व योग्यता का परिचायक है। कोषाध्यक्ष दया शकर शर्मा ने बताया कि संगठन में श्री यादव ने हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया। महासचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि स्व. यादव सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। यादव महासभा के जिला अध्यक्ष का दायित्व भी उन्होंने बखूबी निर्वाह किया था। पूर्व जिलाध्यक्ष गयानंद पाण्डेय, कार्यकारी महासचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, सचिव जनार्दन सिंह, मुक्तेश्वर कुमार, सदस्य बृज बिहारी सिंह, अंबिका सिंह, सचिव अशोक कुमार मेहता, सुधीर चौबे, कृष्णा सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### प्रशासन ने हटवाया महापुरुषों की प्रतिमाएं



**मेदिनीनगर।** जनमानस के प्रबल विरोध को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार रात में जेसीबी के सहारे कचहरी परिसर में अव्यवहारिक तरीके से स्थापित किये गये महापुरूषों की प्रतिमा को हटवाया। बताते चलें कि 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस पर कतिपय संगठनों द्वारा कचहरी परिसर में ह्यूम पाइप पर खुले में राजा मेदिनीराय सहित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। इसका नावा जयपुर के राजपरिवार के सदस्यों ने प्रबल विरोध जताया था। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने भी अपनी आपत्ति जताई थी। मामले की नजाकत को भांपते हुए जिला प्रशासन ने उक्त प्रतिमाओं को वहां से हटवा दिया।

### संत मरियम स्कूल में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम विद्यालय में आयोजित रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा छः से दसवीं के छात्र - छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने की जरूरत है। प्रतियोगिताओं से ही ऐसा संभव है। वर्तमान परिवेश में शिक्षा के अलावा सहभागी क्रियाकलापों में भी बच्चों की सहभागिता आवश्यक है।

### जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह आज

**मेदिनीनगर।** जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन



समारोह का आयोजन रविवार को किया गया है। समारोह समिति के अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी व जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी ने कहा कि इस बार का जरासंध जयंती समारोह ऐतिहासिक और यादगार होगा। समारोह में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी समेत कई हस्तियां भाग लेंगी।

### हैदरनगर में रेल पटरी पर मिला बिहार के मजदूर का शव

**मेदिनीनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय रेल मंडल अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन से सटे रेल पटरी पर शनिवार सुबह एक अधेड़ का शव मिला। उसकी पहचान बिहार के कटिहार निवासी 50 वर्षीय शिवचरण ऋषि के रूप में हुई है। स्टेशन प्रबंधक मो. सलाउद्दीन की सूचना पर आरपीएफ पोस्ट जपला की टीम ने शव को कब्जे में लिया है। रेलवे के अनुसार मजदूर शिवचरण हैदरनगर स्टेशन परिसर में ही रह कर सफाई का कार्य करता था।

# मानस की चौपाईयों के गायन से वातावरण भक्तिमय




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साहित्य समाज चौक स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ के दौरान मानस की चौपाईयों के संगीतमय गायन से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस दौरान आयोजित विभिन्न मानस मर्मज्ञों का प्रवचन सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति के संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि शाम 6:00 बजे चैनपुर के ओमप्रकाश दुबे प्रवचन करेंगे। 7:00 बजे श्रद्धालुओं को धर्मगुरू संजय सत्यकेतु को सुनने का सुअवसर प्राप्त होगा। 8:00 बजे से झांसी की रुचि रामायणी प्रवचन करेंगी तथा रात में 9:00 बजे अयोध्या के पंडित मधुसूदन त्रिपाठी भक्तों को राम कथा की महिमा बतायेंगे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन में अध्यक्ष भरत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रविशंकर पांडे, दीपक, निर्मला, अंशु उदयपुर, प्रकाश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, पूजा भिवानिया, मीनू नेमल आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### प. बंगाल के जलपाईगुड़ी सेंटर में होगा नामांकन

# स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में पलामू के आशुतोष का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संरक्षण में संचालित रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी तथा जीपीएस स्कूल जमुने के छात्र आशुतोष कुमार ठाकुर का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( साई ) में नामांकन के लिए हुआ है। आशुतोष ने कोलकाता के साईं सेंटर में आयोजित चयन प्रतियोगिता में भाग लेकर बेस्ट परफॉर्मेंस दिया। जिसके आधार पर आशुतोष का चयन बंगाल के जलपाईगुड़ी के साई सेन्टर में नामांकन के लिए किया गया है। आशुतोष स्थानीय जीजीपीएस स्कूल जमुने का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसका प्रशिक्षण डालटनगंज में एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय के नेतृत्व में संचालित रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी में होता था। उन्होंने पहले भी वर्ष 2022 में जमशेदपुर में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स में गोल्ड




तथा रजरप्पा में आयोजित झारखंड राज्य प्रथम सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड सहित एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा टैलेंट एथलीट में भी चयानित होकर पलामू जिला का मान सम्मान बढ़ाया है। आशुतोष की इस इस उपलब्धि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा, पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ,पलामू जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव कमलानंद दुबे, कोच रेशमा पांडे, जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पांडे,प्रीति कुमारी,दीपेंद्र कुमार,एथलेटिक्स कोच सोनी कुमारी, मोनू कुमार आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। यह जानकारी पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी है।

### अजामिल की कथा से बताया कर्म के प्रभाव का महत्व

# वेद व धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों को जाना पड़ता है नर्क : देवकीनंदन ठाकुर



### धर्म विमुख होने से पथभ्रष्ट हो गये माता-पिता की सेवा व धर्म के अनुसार कार्य करने वाले अजामील

### अपने पुत्र- पुत्री का नाम भगवान के नाम पर रखें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नर्क में वही व्यक्ति जाते हैं जो वेद व धर्म विरुद्ध कार्य करते हैं। धर्म कोई वस्तु नहीं, कर्म ही धर्म है व धर्म ही कर्म है। वेद के बताएं कर्मों से प्रायश्चित करें तो स्वर्ग प्राप्ति संभव है। उक्त बातें श्रीमद्भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शनिवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के चौथे दिन कथा सुना रहे थे। देवकीनंदन ने श्रीमद् भागवत कथा में अजामील की चर्चा करते हुए कहा कि अजामील माता-पिता की सेवा व धर्म के अनुसार कार्य करते थे। एक दिन वेश्या की भाव-भंगिमा को देख वे उस पर आकर्षित हो गए। उसे घर ले आए तो पत्नी, बच्चे व मां-बाप से नाता टूट गया। भगवान का भजन करने वाला अजामील सारे पैसे वेश्या पर लूटाने के बाद जंगल में हिंसा के माध्यम से जानवर की हत्या करता व खाल बेचकर वेश्या को पैसे देता रहा। कहा जाता है कि अजामील पथभ्रष्ट हुए तो सब लूट गया। एक दृश्य से अजामील का जीवन बिगड़ गया। कहा कि अजामील ने अपने एक पुत्र का नाम नारायण रखा था। एक बार अजामील के समक्ष मृत्यु खड़ी हो गई। अजामील अपने पुत्र का नाम लेकर नारायण- नारायण पुकारने लगा। नारायण का मृत्यु के समय नाम लेने से ही स्वर्ग प्राप्त हो गया। देवकीनंदन ने कहा कि अपने पुत्र- पुत्री का नाम भगवान के नाम पर रखें। जितनी बार नाम पुकारे भगवान का ही नाम मुख पर आए। देवकीनंदन ने कहा कि गायत्री का वरदान है जो ब्रह्मण या कोई व्यक्ति गायत्री का जाप करे तो उसकी दुर्गति कभी नहीं होती। बच्चों का पांच -सात वर्षों में यज्ञोपवित कराएं। शिखा रखें। हाथों में कलावा बांधें। गायत्री मंत्र का जाप करें। देख लेना तेजस्वी से तेजस्वी भी आपके आगे माथा टेकेंगे। कहा कि अधर्म के मार्ग पर ले जाने वाला कभी मित्र नहीं हो सकता। वह तो शत्रु के समान होता है। क्षणिक सुख के चलते चरित्र बर्बाद नहीं करनी चाहिए। समाज में चरित्रवान की पूछ होती है। चरित्रहीन की कभी नहीं। कहा कि धनवान होना बड़ी बात नहीं। गुरु पांडेय जैसा व्यक्ति भागवत कथा कराए। ऐसा ही व्यक्ति बड़ा धनवान होता है। कहा कि सक्षम हो तो खासकर गरीब सनातनियों की सेवा जरूर करो। कर्म ऐसा करें ताकि उसके कर्म को देख दूसरे भी अपने जीवन में उतार सके।

### सनातनी जातियों में बंटे तो मिटा दिये जायेंगेः देवकीनंदन

#### भव्य स्वागत से अविभूत हुए कथा वाचक

दोनों स्थानों पर देवकीनंदन का भव्य स्वागत किया गया। उनके काफिले के आगे सैकड़ों सनातनी युवा बाइक से भगवा झंडा लिए राधे-राधे का जयघोष कर रहे थे। मांदर व नगाड़े की धुन पर आदिवासी परम्परा के अनुसार गीत गाकर उनका स्वागत किया गया। छात्राओं के साथ महिलाओं ने महाराजश्री पर पुष्प वर्षा किया। स्वागत से महाराजश्री अविभूत नजर आये। बुढ़ीवीर में देवकीनंदन ने पाहन बिंदेश्वरी उरांव को शॉल ओढ़ाया। परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह व मुखिया अरविंद तिवारी ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बुढ़ीवीर में मुखिया अरविंद तिवारी व सुआ में आशुतोष पांडेय लक्की ने किया।





कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने शनिवार को जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड बंदुआ - बुढ़िवीर एवं सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया इलाके का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों जरूरतमंदों व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने सनातन धर्म से जुड़े कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए धर्म की रक्षा के लिए सनातनी संस्कृति को कायम रखने का आह्वान किया। कहा कि देश के कई हिस्सों में धर्म परिवर्तन के लिए भोले-भाले आदिवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। पूरे देश में सनातन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। महाराजश्री ने कहा कि सनातनी अगर जातियों में बटेंगे तो मिटा दिए जायेंगे। सनातन को कमजोर करने व मिटाने की साजिश रची जा रही है। इसे कामयाब नहीं होने देना है। इसका मुंहतोड़ जवाब देना है। बदलते वक्त के साथ हमारी भावनाएं भी बदली हैं। हम सभी धर्मो की इज्जत करते हैं, लेकिन कोई अगर हमारी तरफ बुरी नजर से देखेगा तो उसे प्यार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे कायर व बुजदिल होते हैं जो धर्म परिवर्तन कर लेते हैं। मुगल व अंग्रेज आए तो धर्म परिवर्तन कराया। काशी ले लिया। 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन है। अब तीसरा मथुरा में कृष्ण का मंदिर लेकर ही रहेंगे।

# विद्यार्थियों को मिली साइकिल, यातायात संबंधी समस्याएं होंगी दूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड अंतर्गत हाईस्कूल परसिया में अध्ययनरत विद्यार्थी रवि कुमार एवं दुर्गा कुमारी काफी खुश हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से इन दोनों विद्यार्थियों सहित उनके परिवारजनों में उत्साह का माहौल है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पांकी के सागालीम पंचायत के मध्य विद्यालय परिसर में लगाए गए शिविर के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500 रुपए राशि का चेक सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया। योजना का लाभ मिलने पर लाभुक विद्यार्थी दुर्गा कुमारी एवं रवि कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद किया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि से वे अपनी पसंद की साइकिल खरीदेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय जाने में यातायात संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। साइकिल रहने से उन्हें स्कूल जाने में समय की बचत भी होगी। साथ ही अतिरिक्त थकान भी नहीं होगा। इससे पढ़ाई में अधिक रुचि आएगी एवं परीक्षा में अच्छे परिणाम आएंगे। विदित हो कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल योजना से आच्छादित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 4500 रुपए की राशि विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है।

### नवनिर्मित शिवशक्ति पीठ में भगवान नर्बदेश्वर की मूर्ति स्थापित

# नये कलेवर में जन आकर्षण का केंद्र बनी कुसुमदाहा मंदिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर हाईस्कूल के समीप स्थित कुसुमदाहा मंदिर पुर्ननिर्माण के बाद अपनी भव्यता को लेकर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।। आसपास स्थित गांवों के लोग भी मंदिर की भव्यता व सुंदरता को निहारने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में शिवशक्ति पीठ की स्थापना की गई है। बाहरी शिल्पकारों ने भव्य मंदिर का निर्माण किया है। जिसमें भगवान नर्बदेश्वर की मूर्ति के साथ नर्मदा नदी के पत्थर का शिव लिंग स्थापित किया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर काले पत्थर से निर्मित नंदी जी बिराज रहे हैं। मंदिर व मूर्ति की कलात्मक सुंदरता लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। इसके अलावे श्रीकृष्ण -राधा के पुराने मंदिर का भी शिल्पकारों ने जीर्णोद्धार किया है। मंदिर परिसर में काले पत्थरों से बने पंचमुखी हनुमान जी व सूर्यनारायण की मूर्तियां आस्था को गहरी कर रहे हैं। पूरे परिसर में लगाये गये मखमली घास के साथ फूल व विभिन्न प्रजातियों के पौधों की सुंदरता लोगों का मन मोह रही है। मंदिर परिसर में ही आश्रम के भवन बनाये गये हैं। इस मंदिर का पुर्ननिर्माण स्थानीय निमियां के ठकुराई स्व. तारामनी के इकलौते पुत्र निशांत सिंह ने कराया है। इसके निर्माण पर करीब दस करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। बता दें कि कुसुमदाहा मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है। यह भगवान जगन्नाथ की मौसीबाड़ी है। हर वर्ष चैनपुर राजगढ़ निकलने वाले भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा यहां मौसीबाड़ी पहुंचकर ही सम्पन्न होती है। तब भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ यहीं पर कुछ दिन बिराजते हैं। जिसके बाद लौटती रथयात्रा होती है। उस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन को यहां पहुंचती है।

#### समापन पर भंडारा आयोजित

नवनिर्मित शिवशक्ति पीठ में स्थापित भगवान नर्बदेश्वर की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के समापन पर शनिवार को मंदिर परिसर में भंडारा आयोजित किया गया। इसमें चैनपुर राज परिवार के सदस्यों समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## निपटारा

### व्यवहार न्यायालय में आयोजन, वादियों की उमड़ी भीड़

# लोक अदालत में 53 मामलों का निस्तारण 2.56 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई

### लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नौ पीठों का गठन किया गया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सुलह-समझौते के आधार पर 53 मामलों का निस्तारण किया गया। वही दो लाख 56हजार 175 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नौ पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण किया जा रहा था। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। वहीं दूसरे पीठ में विद्युत विभाग से संबंधित व सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में लंबित मामले का निस्तारण किया जा रहा था। इस पीठ में विद्युत विभाग के 29 मामले का निस्तारण किया गया। विभाग को दो लाख छह हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ संख्या तीन में एमए सीटी से संबंधित एक



भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ चार में आपराधिक संबंधी 17 मामले का निस्तारण किया गया। उत्पाद विभाग के 10 केस में विभाग को 40 हजार 875 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले व पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामलों की सुनवाई की गई। पीठ संख्या सात में जेजे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण किया गया। इन सभी पीठों में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ संख्या आठ में रेलवे से जुड़े तीन मामले का निस्तारण किया गया। रेलवे को 1500 रुपये राजस्व भी प्राप्त हुआ। पीठ संख्या नौ में प्री-लिटिगेशन से संबंधित चार मामले निस्तारित हुए। पीठ संख्या 10 में एग्जेक्युटिव, रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले सुने गये। वहीं हेल्प डेस्क पर अधिवक्ता पुष्कर राज लोगों की सहायता कर रहे थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि जिन वादकारियों के मामले का निस्तारण किसी कारण वश मासिक लोक अदालत में नहीं हो सका वे नौ दिसंबर को आहूत होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामले का निस्तारण करा सकते हैं। इस मौके पर एसीजेएम आनंदा सिंह, जेएम निशिकांत,सतीश कुमार मुंडा, रूबी,रेलवे जे एम मनोज कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी,अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार दुबे,हुसैन वारिस,संतोष कुमार पांडेय, अशोक कुमार मिश्रा, संजय कुमार सिन्हा, अशोक प्रसाद, उत्तम कुमार उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में जमा हुए 1600 आवेदन



**भंडारिया।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अबुआ आवास व पेंशन सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 1600 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अंचल से संबंधित 100 आवेदन जमा किए गए। इससे पहले शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी राकेश भूषण, जिप सदस्य हिरवंती देवी, पंचायत के मुखिया विनय सिंह, प्रखंड प्रमुख रुक्मणी कुमारी, उपप्रमुख श्रद्धा देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया। अबुआ आवास योजना स्टॉल पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, पशुपालन, मनरेगा, पंचायती राज, श्रम, खाद आपूर्ति विभाग ,पीएचडी विभाग,वन विभाग सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 18 स्टोल लगाए गए थे, जहां जरूरतमंद लोगों ने आवेदन जमा किए। मौके पर मनरेगा बीपीओ रवि शंकर सिंह, पंचायत सचिव मोजेस किस्पोट्टा, लेखा प्रबंधक सुनील कुमार, विवेक तिवारी, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### महिला कबड्डी प्रतियोगिता आज

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के मैदान में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के सभी प्रखंडों की टीमें भाग लेंगी। साथ ही 17वीं सीनियर महिला राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये टीम का चयन भी किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के कोच अनंजय सिंह के मोबाइल नंबर 7903263310 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव राजू उरांव, संघ के मुख्य कोच अजय कुमार गुप्ता, उपसचिव विकास कुमार, अवध सिंह, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साह, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेहता, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, कबड्डी संघ के सदस्य संगीता कुमारी, टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष बेबी कुमारी, सदस्य जेम्स बालाजी, राधिका कुमारी, सुसंती कुमारी आदि शामिल थे।

### रोजगार मेले में 36 ने कराया नामांकन



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को कल्याण विभाग विशेष परियोजना परिवहन प्रेझा फाऊंडेशन के तत्वावधान में कल्याण गुरुकुल के सौजन्य से रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता बीडीओ कालिदास मुंडा ने की। मेले में 36 लोगों ने नामांकन कराया। मुंडा ने बताया कि नामांकित लोगों को गुरुकुल विद्यालय में ट्रेनिंग दी जाएगी। 45 से 60 दोनों के अंदर सभी को प्लेसमेंट दिया जाएगा। मौके पर मृत्युंजय पाठक, कल्याण गुरुकुल बीआरपी लाल धारी आदि मौजूद थे।

### महिला, दो बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट



**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी नारायण मेहता ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपनी पतोहू और दो बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आवेदन में लिखा है कि 23 नवंबर को 1:30 बजे को उसकी पतोहू और राज कुमार मेहता की पत्नी रंजिता देवी (25) अपने दो बच्चों को साथ लेकर नगर उंटारी बाजार में सामान लेने घर से निकली थी। शाम तक बच्चों के साथ नहीं लौटी तो हम खोजबीन करने लगे। अब तक कहीं पता नहीं चल रहा है। ससुर ने आवेदन देकर पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत दुर्गा पूजा समितियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत दुर्गा पूजा में स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता 2023 को लेकर नगर पंचायत ने प्रथम, दूसरा, तीसरा तथा चौथा स्थान प्राप्त करने वाली पूजा पंडाल समितियों को सम्मानित किया। कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में चयनित सभी पूजा समितियों को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड प्रदान किया। नगर पंचायत की प्रतियोगिता में दुर्गा पूजा समिति ट्रॉमा सेंटर स्थित पूजा पंडाल को प्रथम पुरस्कार, फ्रेंड्स रॉक ग्रुप बंशीधर मंदिर को द्वितीय स्थान, अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय स्थित नवयुवक क्लब को तीसरा स्थान तथा सब्जी बाजार स्थित जय भामा



शाह क्लब को चौथा स्थान दिया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल व रोहित बर्मा ने संयुक्त रूप से प्रस्सति पत्र तथा शील्ड ग्रहण किया। फ्रेंड्स रॉक ग्रुप के अध्यक्ष विकास कुमार बबलू को सम्मानित किया गया। नवयुवक क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार भाई को सम्मनित किया गया। जय भामा शाह क्लब के अध्यक्ष रजनी कांत मधुर उर्फ भोलू को सम्मानित किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्रणय मंडिलवार आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने की उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक से शिकायत, कार्रवाई की मांग

# फॉरेस्ट गार्ड व थाना प्रभारी ने ग्रामीण को पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

चिनिया थाना क्षेत्र के छतेलिया गांव में एक ग्रामीण के साथ फॉरेस्ट गार्ड और चिनिया थाना प्रभारी द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में छतेलिया के ग्रामीणों ने डीसी, एसपी और डीएफओ को आवेदन देकर फॉरेस्ट गार्ड और थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कामेश परहिया अपने खेत की तरफ बकरी के लिए बेर की धाणी लेने गया हुआ था। उस दौरान फॉरेस्ट गार्ड द्वारा कामेश को पकड़कर वन क्षेत्र में लकड़ी काटने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। जब उक्त मामले को लेकर कृष्ण परहिया थाने में आवेदन देने गए तो थाना प्रभारी ने आवेदन लेने से मना कर दिया। साथ ही कामेश परहिया, कृष्ण परहिया और उषा देवी के साथ थाना प्रभारी ने मारपीट की। ग्रामीणों ने कहा कि थाना प्रभारी ने



हम लोगों की बात सुनने के बजाय कामेश परहिया को जेल भेजा है। उसके साथ ही मारपीट करने की शिकायत को लेकर पहुंचे कृष्ण परहिया को भी जेल भेज दिया। ग्रामीणों ने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा आदिम जनजातियों के साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया गया, जिसे आदिम जनजाति कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने डीएफओ को बताया कि कामेश ने जंगल से लकड़ी नहीं काटा था। उसके बाद भी फॉरेस्ट गार्ड द्वारा मारपीट किया जाना अव्यावहारिक है। ग्रामीणों ने फॉरेस्ट गार्ड पर कार्रवाई करने की मांग की। उसके बाद के ग्रामीणों ने डीसी और एसपी से मिलकर थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि कृष्ण परहिया द्वारा थाना प्रभारी को जो आवेदन दिया गया था उसे एक बार देखना चाहिए था और पढ़ना चाहिए था लेकिन थाना प्रभारी ने आवेदन को बिना पढ़े ही कामेश, कृष्ण और उषा देवी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि अविलंब दोनों पर अगर कार्रवाई नहीं होती है तो हम लोग आगे उग्र आंदोलन करेंगे। साथ ही गलत आरोप में कामेश और कृष्णा को जेल भेजा गया है। भारतीय भुइया परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष नरेश भुइया ने कहा कि आदिम जनजाति के साथ थाना प्रभारी द्वारा किया गया व्यवहार काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त मामले में अविलंब जांच होनी चाहिए और दोषी थाना प्रभारी और फॉरेस्ट गार्ड पर अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए।

उधर उक्त मामले में एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त मामले में इंस्पेक्टर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

# तेज राफ्तार वाहन ने पांच को रौंद डाला, एक की मौत

## पांच दोस्त परिचित के घर तिलक समारोह में भाग लेने पैदल जा रहे थे

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

एनएच-75 पर मवि सिलीदाग-एक के नजदीक पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत इलाज के क्रम में हो गयी है, जबकि चार युवक घायल हो गये हैं। घटना शुक्रवार की रात लगभग 8:00 बजे की है।

जानकारी अनुसार पांच दोस्त अपने परिचित के घर तिलक समारोह में भाग लेने एक साथ सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप वैन सभी को रौंदते हुए आगे निकल गयी। इस दौरान पिकअप की चपेट में आने से जख्मी होकर सभी लोग सड़क पर कराहने लगे। तिलक समारोह में भाग लेने आये अन्य लोगो की मदद से सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर



अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल मझिगवां गांव निवासी विष्णुदेव मेहता के 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार मेहता की मृत्यु हो गयी, जबकि इसी गांव के सतीश मेहता के पुत्र शुभम मेहता, रविंद्र उर्फ लड्डू मेहता के पुत्र अभिषेक मेहता, अनिल मेहता के पुत्र आर्यन मेहता एवं रामख्याल मेहता के दामाद सोनू मेहता का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उक्त चारों युवकों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मृतक विकास का अंत्यपरीक्षण बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद पकड़े जाने के भय से चालक कुछ दूर पर वाहन खड़ा कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इधर उक्त स्थल पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना से लोग दहशत में हैं। लगातार हो रही सड़क हादसे को देखते हुए मुखिया स्वीटी वर्मा ने मिडिल स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवन के समीप मुख्य सड़क पर स्थायी ब्रेकर बनवाने की मांग जिला प्रशासन से की है। स्थल पर सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस की ओर से अस्थायी ब्रेकर की व्यवस्था कर दी गयी है।

## जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में बैठक आयोजित

**रंका (गढ़वा)।** जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग कालेज के सभागार में अनुमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन सुमन उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ पलामू प्रमंडल के प्रथम सांसद स्व. जेठन सिंह खरवार तथा स्वर्गीय फेटल सिंह खरवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। रामजी ने कहा कि आदिवासी दिवस के नाम पर जनजाति को तोड़ने का कुचक्र रचा जा रहा है जिससे बचने की जरूरत है। पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह ने कहा कि जनजाति समाज को शिक्षित कर सनातन धर्म को जिंदा रखा जा सकता है। मौके पर डॉक्टर गौरी शंकर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंह, भागीरथी सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, महावीर ठाकुर, मथुरा सिंह, नंदकुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, विवेक कुमार चौधरी, बाबुल, रोहिणी रमन सिंह आदि उपस्थित थे।

# डीसी-एसपी ने किया सीएम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, एसडीओ विजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड निर्माण, कार्यक्रम स्थल, पब्लिक दीर्घा, तथा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई तथा संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

विदित हो कि आगामी 30 नवंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के साथ-साथ गढ़वा जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए गढ़वा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को



लेकर जिले के सभी विभाग के अधिकार सक्रिय हैं। डीसी ने उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो अंचल अधिकारी यशवंत नायक तथा सभी विभागों के प्रतिनिधियों से एक-एक कर कार्यक्रम की तैयारी के बारे में पूछताछ की और आवश्यक निर्देश दिए। एसपी दीपक कुमार पांडे ने डीएसपी तथा पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछताछ करने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया ताकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। मौके पर मुखिया राम प्रताप साह करीब अंसारी वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि उपस्थित थे।

# महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर पति बैठक में नहीं हो सकेंगे शामिल

**बिट्टू सिंह। केतार**

'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार में शनिवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर 'केतार में महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति बैठक में ले रहे हैं भाग' के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने शनिवार को संज्ञान लेते हुए आनन-फानन में पत्र जारी कर निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति या रिश्तेदार द्वारा उनके कार्य में हस्तक्षेप न करने को निर्देशित किया है।

बीडीओ ने विभागीय पत्रों के निर्देशों का हवाला देते हुये सरकारी बैठक में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को स्वयं भाग लेने का अनुरोध किया है। वहीं बैठक में अपने प्रतिनिधि को नामित नहीं करने का भी उल्लेख किया है। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधि के पति को बैठक में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में पंचायतवार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए बीडीओ नंदजी राम प्रखंड कर्मियों, पंचायत समिति सदस्य और मुखिया के साथ बैठक की थी। बैठक में

### इंपैक्ट

**बीडीओ की ओर से जारी पत्र में विभागीय निर्देशों का हवाला देते हुए लगाया गया प्रतिबंध**



केतार में महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति बैठक में ले रहे हैं भाग

श्री बंशीधर नगर। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने

महिला जनप्रतिनिधियों के हक और अधिकार का हनन कर और सरकार के महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को ठेंगा दिखाकर उनके स्थान पर बैठक में उनके पति और रिश्तेदार विराजमान थे। उक्त मामले को लेकर जिला परिषद व विधायक प्रतिनिधि ने भी नाराजगी जताई थी। गौरतलब है कि सात पंचायतों वाला केतार प्रखंड में चार महिला मुखिया व 7 महिला पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

## 'सामूहिक विवाह में 151 कन्याओं की होगी शादी'

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी की ओर से 6 दिसंबर को आयोजित 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर पर है। समिति के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि आगामी 6 दिसंबर को टाउन हॉल के मैदान से सामूहिक रूप से बारात निकाली जाएगी। बारात रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचेगी। उसके बाद मझिआंव मोड़, सोनपुरवा मोहल्ला होते हुए स्टूडेंट क्लब छठ घाट के पास सामूहिक विवाह मंडप में पहुंचेगी। विकास ने बताया कि बेटियों की डोली उत्सर्व गार्डन से निकाली जाएगी। उत्सर्व गार्डन से निकलकर रंका मोड़ होते हुए स्टूडेंट क्लब के पास विवाह मंडल में पहुंचेगी। माली ने कहा कि वर्ष 2010 में 21 बेटियों की सामूहिक विवाह बिहार राज्य के गया जिला में कराने का कार्य किया था। वर्ष 2010 से अब तक 13 हजार से अधिक बेटियों की सामूहिक विवाह कराने का कार्य कर चुके हैं।

# थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने शनिवार को स्तरोन्नत उच्च विद्यालय अमरोरा के सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढ़ाया। सिंदुरिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर प्रत्येक व्यक्ति खुद के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकता है। आज लोग सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। साथ ही लोगों की असमय ही मृत्यु हो जा रही है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर इससे बचा जा सकता है। इसलिए विद्यालय के बच्चे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। साथ ही अपने अभिभावकों से भी पालन करने के लिए जागरूक करेंगे। बता दें कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है। करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। अधिकांश



दुर्घटनाओं में वाहन चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट तथा मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट निश्चित रूप से पहनें। फुटपाथों पर संभलकर चलें और जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क को पार करें। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलायें। मौके पर प्रधानाध्यापक कान्हु रक्षक, शिक्षक सरोज बैठा, पुरषोत्तम कुमार, विक्रम उरांव, राणा प्रताप पाल आदि उपस्थित थे।

### भवनाथपुर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने हीरो एजेंसी के समीप सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चेकिंग किया गया, जिसमें 50 दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पकड़ा गया। सभी को हेलमेट लाने के पश्चात चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। उन्होंने सभी को कहा कि सड़क सुरक्षा नियम का पालन करें। कभी भी बिना हेलमेट का बाइक नहीं चलाएं।

## अनदेखी | मामले पर बहुत ही जल्द कार्रवाई होगी : अंचलाधिकारी

# वाटरवेज की भूमि पर कब्जे के खिलाफ नही हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के वॉटरवेज की भूमि पर अवैध तरीके से गाड़े गए पिल्लड़ों के खिलाफ अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई, जबकि अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम और अंचल निरीक्षक राजेंद्र यादव ने दीपावली और छठ महापर्व के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही थी। मामले पर पदाधिकारियों की सक्रियता नहीं होने से तरह-तरह की चर्चाएं होनी शुरू हो गई है।

ग्रामीण नंदू यादव, सुनील यादव, आफताब आलम, छोटन यादव, विरजन राम इत्यादि ग्रामीणों का कहना है कि कहीं सांठ-गांठ के तहत तो नहीं गांव के अठारहा समूह द्वारा वॉटरवेज की भूमि पर सीमेंट युक्त पिल्लड़ों को गाड़ा गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो बलपूर्वक जेसीबी के सहारे उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने वाले



पदाधिकारी अब तक चुप नहीं बैठते। समाचार पत्र में छपी खबर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों द्वारा दीपावली व छठ महापर्व के बाद कार्रवाई करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ महापर्व को बीते लगभग सप्ताह दिन का समय गुजर गया लेकिन उस ओर न तो अंचल अधिकारी की सक्रियता देखी गई और न ही अंचल निरीक्षक की। साथ ही कहा कि एक माह पूर्व नक्शा का अवलोकन कर अंचल निरीक्षक राजेंद्र यादव, राजस्व कर्मचारी इंडेश्वर बैठा और भू मापी अमीन ठाकुर की संयुक्त कार्रवाई के दौरान वॉटरवेज की 90 डिसमिल भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। साथ ही उस पर पूर्व से स्थापित कई तरह के ठेला-गुमटी के अलावा अन्य तरह की दुकानों को भी उनके द्वारा बलपूर्वक हटा दिया गया था। उधर, वॉटरवेज की भूमि के साथ-साथ गांव के अन्य भूमि की जानकारी रखने वाले निजी अमीन बलिराम ने बताया कि वॉटरवेज की 90 डिसमिल भूमि सीधे तौर पर नक्शे पर अंकित है जो खाता 1088 और 1506 में निहित है। उन्होंने कहा कि उक्त खाता की जमीन की खरीदारी करने से कई वर्ष पहले ही वॉटरवेज की भूमि सरकारी नक्शे पर देखा जा रहा है, जिसे आज भी देखा जा सकता है। वॉटरवेज की भूमि पर गाड़े गए सीमेंट युक्त पिल्लड़ों के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक माह पूर्व अंचल कर्मियों की संयुक्त कार्रवाई के दौरान वॉटरवेज की पूरी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। उसके बाद गांव के लोगों के द्वारा उसे अपना बता उस पर सीमेंट के पिल्लड़ों गाड़ दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पदाधिकारी द्वारा उक्त पिल्लड़ों को क्यों नहीं हटाया जा रहा है यह एक बड़ा सवाल बन गया है। पूछने पर अंचलाधिकारी चुनाराम हेंब्रम ने बताया कि पर्व की समाप्ति हुए अभी महज कुछ ही दिन बीते हैं। बहुत ही जल्द हम सभी उस मामले पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब जो भी होगा दस्तावेज के आधार पर होगा।

## कार्यशाला को लेकर भाजपा ने की बैठक

**गढ़वा।** भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को पार्टी पदाधिकारी एवं प्रमुख लोगों की बैठक हुई। केसरी ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों की कार्यशाला 29 नवंबर को जिला कार्यालय गढ़वा में सुबह 9:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल में मंडल पालक की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, गढ़वा पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीनाथ सिंह, कार्यक्रम जिला प्रभारी रघुराज पांडे एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी मौजूद रहेंगे।

# अवैध रूप से डंप किया गया बालू भंडारण जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने गुप्त सूचना पर शनिवार को मकरी पंचायत के असनाबांध में अवैध रूप से डंप किये बालू के भंडारण को जब्त किया। इसके बाद मौके पर पहुंचे सीआई विभूति नारायण सिंह आगे की करवाई में जुट गए हैं। सीआई ने बताया कि उक्त बालू लगभग 1500 सौ सीएफटी है। वहीं अवैध बालू कारोबारी उदय यादव व उसके पुत्र को थाना लाया गया। बताते चलें कि इसके पूर्व 9 नवंबर को पुलिस निरीक्षक कृष्णकुमार द्वारा कैलान में गुप्त सूचना पर यात्री शेड के पास सीओ रामशंकर श्रीवास्तव, सीआई विभूति नारायण सिंह द्वारा आठ सौ सीएफटी बालू जब्त करते हुए करवाई की बात कही गई थी। परंतु उक्त बालू को अंचल कार्यालय के द्वारा गढवा खनन विभाग को मिट्टी युक्त बालू बताकर मामला की लीपापोती करने का प्रयास किया गया। बालू के भंडारण से कुछ बालू एलएनटी हो रहे टंकी निर्माण में लगा



दिया गया। सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव से पूछे जाने पर कहा कि खनन विभाग को पत्र लिखा गया है। पुलिस क्या कहती है हमको नहीं मालूम है। इन दिनों थाना क्षेत्र के मकरी नदी, बगही, अरसली उतरी दक्षणी व बरडीहा के बूढ़ीखांड से कैलान में बड़े पैमाने पर बालू माफिया कारोबार कर मालामाल हो रहे। इस अवैध खनन से सरकार को राजस्व का नुकसान के साथ-साथ पर्यावरण पर भी काफी असर पड़ रहा है। लोगों की मानें तो बिना संबंधित विभाग की मिलीभगत से इतने बड़े पैमाने पर कारोबार संभव नहीं है, जबकि अबतक आधा दर्जन जगहों पर अवैध बालू सीज किया जा चुका है। फिर भी माफिया अवैध कारोबार में बिना भय के संलिप्त हैं।

## गागर में सागर

### 'लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन सुनिश्चित करें'

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार अधिवक्ताओं, मध्यस्थकर्ताओं, एलएडीसी, स्थायी लोक अदालत और कंज्युमर फोरम के पदाधिकारियों साथ 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल कुमार ने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में सभी प्रकार के दीवानी मामले, सुलहनीय अपराधिक मामले, बैंक सर्टिफिकेट केस, वैवाहिक पारिवारिक मामले, श्रम संबंधित मामले, भू-अधिग्रहण संबंधित मामले, राजस्व संबंधित मामले, वाहन दुर्घटना, बिजली विभाग से संबंधित मामले, वन विभाग से संबंधित मामले, माप तौल विभाग से संबंधित मामले, चेक बाउंस इत्यादी से संबंधित मामले, विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले, उत्पाद विभाग के मामले एवं अंतिम प्रपत्र से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए सभी को ईमानदार प्रयास करना होगा। साथ ही बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक वादों का अपने-अपने मुवक्किलों द्वारा सुलह/समझौते के आधार पर वाद का निबटारा करवाने का निर्देश दिया ताकि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष बने सुधीर सिंह

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह को मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव को लेकर किसान भवन सिमरिया में प्रखंड के मुखिया की एक बैठक मुखिया पुरण राम के अध्यक्षता में हुई। जिसमें पुरानी कमिटी से नाराज 12 मुखिया ने मिलकर कमिटी भंग करने का निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन करते हुए संघ के नए अध्यक्ष के रुप में बन्हे मुखिया का चयन किया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर श्री सिंह ने कहा कि मुखियाओं के समस्याओं को उचित प्लेटफार्म पर मजबूती से रखेंगे। वहीं अध्यक्ष चुने जाने पर उनके शुभचिंतको ने बधाई दी।

### डायन-भूत को लेकर मारपीट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में डायन-भूत को लेकर मारपीट करने के तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि तिलैया गांव के 63 वर्षीय सहदेव गंझू व उनकी पत्नी को गांव के ही केदार गंझू, ल्लू गंझू व फौजदारी गंझू ने जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया थ। जिसे ले पीड़ित ने थाना में आवेदन दे प्राथमिक दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक के आलोक में तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### डीएसई ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक शनिवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचे। इस दौरान श्री बड़ाइक विद्यालय का निरीक्षण करने के साथ छात्राओं की समस्या से अवगत हुए। साथ हीं निरीक्षण के क्रम में ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं संग विद्यालय में ही जुड़े। इस दौरान डीएसई श्री बाइक ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के अलावे अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर विद्यालय वार्डन बिंदु पोद्दार सहित शिक्षकाएं उपस्थित थे।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. की हुई बैठक

**लातेहार।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला कमेटी लातेहार की बैठक माको डाक बंगला में जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव विजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता न्यू आंनद फार्मा बालूमाथ, सचिव विजय कुमार न्यू जी एस फार्मा चंदवा, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चैतन्य शिवम दवाखाना चंदवा, उपाध्यक्ष संतोष चंद्र गोस्वामी प्रभावती मेडिकल मनिका, संगठन सचिव संजीव कुमार नंदनी मेडिकल बरियातु, सह सचिव चंद्रकांत जयसवाल हेरहंज, पीआरओ राजेंद्र प्रसाद महुआडांड़, मीडिया प्रभारी अर्जुन विश्वकर्मा, अमित कुमार, बैद्यनाथ प्रसाद बरवाडीह, अजय कुमार यादव बरवाडीह, रमेश प्रसाद गुप्ता निशा मेडिकल लातेहार, दिलीप कुमार राम मेडिकल, संजय प्रसाद गुप्ता, आनंद कुमार, मो. गौस हक मेडिकल बालूमाथ, बिरेंद्र यादव दीपक मेडिकल मकईयाटार बालूमाथ, उमेश साव मुरपा बालूमाथ, दिनेश प्रसाद आरती मेडिकल गारू के नाम शामिल हैं।

### विहिप व बजरंग दल की हुई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक संयोजक पवन कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें विहिप के विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ ने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का 22 जनवरी 2024 को उद्घाटन किया जायेगा। ससके लेकर पूरे भारत वर्ष के मंदिरों में 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। अयोध्या से पूजित अक्षत को हर सनातन धर्म के घर-घर तक पहुंचाना है। इस कार्य के लिए हर प्रखंड मुख्यालय व पंचायत, गांव में कमेटी का गठन किया जाएगा। मौके पर प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, राम प्रसाद सिंह सेवा विभाग प्रांत टोली सदस्य, रविंद्र कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, विजय पांडेय, रामजीवन प्रसाद, मदन प्रसाद, अरविंद प्रसाद, चंदन प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग जिले में उत्पादित कोयले की चतरा की सड़कों से हो रही ढुलाई

# अधिकारी बने हैं मूकदर्शक, चतरा की सार्वजनिक सड़कें फिर से होंगी लाल

### उपायुक्त ने कहा, आम लोगों के हित में लेंगे निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)**
जिले के टंडवा प्रखंड की लाइफलाइन व सार्वजनिक सड़क से निर्बाध कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की जा रहा है, जिससे अमलोगों को धूल-कण व कोयले के उड़ते डस्ट से चलना मुश्किल हो गया है। कोयला लदे हाईवा वाहनों के लगातार परिचालन से सड़कें लाल हो रही हैं। बावजूद जिले के संबंधित अधिकारियों की आंख नहीं खुलती हैं। पिछले कई महीने से हजारीबाग जिले के चट्टी बरियातू कोल माइंस से उत्पादित कोयला टंडवा-सिमरिया भाया चतरा होते हुए कटकमसाड़ी रेलवे साइडिंग, टंडवा से सीएचपी पिपरवार एवं एनटीपीसी प्लांट पहुंचाया जा रहा है। इस कार्य में पीएनबी, एके लोजेस्टिक, जय अम्बे, आरकेटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी समेत अन्य शामिल हैं।

इन ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा सार्वजनिक सड़कों से ट्रांसपोटिंग किए जाने से जिले की हर पब्लिक सड़क दुर्घटना जोन बन गई है। प्रतिदिन कोयला वाहनों से दुर्घटनाएं घट रही हैं और सड़के लाल हो रही हैं। इससे होने वाली दुर्घटनाओं से सैकड़ों महिलाएं असमय विधवा तो बच्चे अनाथ हुए हैं। सैकड़ों वृद्ध मां-बाप बेटे का गम नहीं भुला पा रहे हैं। उक्त सड़कों पर जहां मगध आम्रपाली, पिपरवार, पूणाडीह कोल परियोजनाओं का बोझ सहन नहीं कर पा रहा है। इसके बावजूद हजारीबाग जिले के चट्टी बरियातू कोल माइंस से उत्पादित कोयले की निर्बाध ढुलाई हो रही है। इस मामले में चतरा उपायुक्त अबू इमरान ने पूछे जाने पर बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। इसकी जांच कर ग्रामीणों के हित में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक सड़क से कोयला ढुलाई पर लगाम लगाई जाएगी।

#### हजारीबाग प्रशासन ने सार्वजनिक सड़क से ढुलाई पर लगा रखी रोक, चतरा प्रशासन ने दे रखी है छूट

एक ओर से जहां चट्टी बरियातु कोल माइंस से उत्पादित कोयले की ढुलाई के लिए चतरा जिला प्रशासन ने खुली छूट दे रखी है, वहीं हजारीबाग जिला प्रशासन ने अपने जिला अंतर्गत सार्वजनिक सड़क से कोयला ढुलाई पर नो इंट्री लगा रखी है। चट्टी बरियातू कोल माइंस हजारीबाग जिला में होने के बावजूद प्रशासन ने कटकमसांडी रेलवे साइडिंग ले जाने की अनुमति नहीं दी है। यही कारण है कि अधिक दूरी तय कर टंडवा चतरा होते हुए कटकमसांडी कोयला पहुंचाया जा रहा है, जबकि केरेडारी बड़कागांव होकर जाने से कम दूरी तय करनी पड़ती है।

#### सिमरिया विधायक सरकार के समक्ष उठा चुके हैं मामला

जिले के पब्लिक सड़क से कोयला ढुलाई किए जाने पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास विरोध जता चुके हैं। विधायक राज्यपाल, सीसीएल अधिकारियों व सरकार को लिखित पत्राचार कर कोयला ढुलाई पर रोक लगाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि सीसीएल कोयला ढुलाई के लिए अपना वैकल्पिक मार्ग बनाएं। सार्वजनिक सड़क से कोयल वाहनों के परिचालन के कारण क्षेत्र के मासूम लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

#### आखिर सांसद चुप क्यों?

सार्वजनिक सड़क से कोयला ढुलाई व कोयला वाहनों के परिचालन से सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए फिर भी सांसद के कानों में जू नहीं रेंगी है। मगध-आम्रपाली से चलने वाले कोल वाहनों से लगभग 700 निर्दोषों की जान चली गई। बावजूद चतरा सांसद बेफिक्र सोए रहे। वे किसी पीड़ित परिवार को देखने तक नहीं गए, न ही सीसीएल के विरुद्ध मुंह खोला है।

## आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक व झामुमो जिला अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड के सेरक पंचायत में शनिवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, लातेहार एलआरडीसी उदय कुमार, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने संयुक्त रूप से किया। राम ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है। शाहदेव ने कहा कि ग्रामीण कार्यालय का चक्कर लगाने के बजाय शिविर में आकर अपनी समस्या रखकर ऑन द स्पॉट उसका समाधान करा सकते हैं।

वहीं कार्यक्रम में कई सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांच के बाद निष्पादन किया जाएगा। शिविर में सेरक मुखिया अनिता भगत, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष वारिश अंसारी, बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, जेएसएलपीएस के मुजीब आलम, प्रखंड कर्मी आदि मौजूद थे।

**आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन : लातेहार।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर पंचयात क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 और 2 के करकट में किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। मौके पर नोडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, डीआरडए डायरेक्ट प्रभात रंजन, प्रशासक राजीव रंजन, निवर्तमान अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, उपाध्यक्ष नवीन कु. सिन्हा आदि मौजूद थे।

## अक्टूबर का राशन गबन करने का आरोप, डीसी से शिकायत




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
इन दिनों राशन का घोटाला होना जैसे आम बात हो गई है। कुछ ऐसा ही मामला सदर प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के मुगीर्डीह, सलैया और नारायणपुर गांव के दर्जनों राशन कार्डधारी समाहरणालय पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा, जिसमें बताया कि सरना महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह का राशन उठाव किया गया है। लेकिन कार्डधारियों के बीच मात्र सितंबर माह का राशन वितरण किया, जबकि ग्रामीणों के राशन कार्ड में सितंबर व अक्टूबर दोनों माह का राशन वितरण अंकित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर के द्वारा एक माह का राशन गबन कर लिया गया। उन्होंने उपायुक्त से उक्त डीलर पर कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों में उपेंद्र उरांव, महेश्वर उरांव, रामदयाल उरांव, लालेश्वर उरांव, गुर्जर उरांव, प्यारी देवी, झामो मासोमात, सालमुनि देवी व मनीता देवी समेत कई कार्डघारी मौजूद थे।

## स्थानीय हाईवा से कोयले की ढुलाई की मांग को लेकर मां अंबे कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग को रोका

### विधायक व झामुमो जिला अध्यक्ष के आश्वासन के बाद खोला गया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हाईवा ओनर एसोसिएशन के बैनर तले बालूमाथ पांकी मोड़ के प्लस टू हाई स्कूल के निकट मां अंबे कंपनी द्वारा कोयला परिवहन को अनिश्चितकालीन के लिए रोक दिया गया। संगठन का कहना है कि डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस में मां अंबे कंपनी द्वारा बाहरी वाहनों से कोयले का परिवहन किया जा रहा है। इसको लेकर एसोसिएशन द्वारा विरोध करते हुए स्थानीय हाईवा से कोयले की ढुलाई की मांग पिछले 6 माह से की जा रही है। पर कंपनी द्वारा निरंतर मामले की निष्पादन के लिए टालमटोल किया जा रहा है। बाध्य होकर संगठन ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया है।



वहीं जाम की सूचना पाकर ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा। वहीं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लौट रहे क्षेत्रीय विधायक बैधनाथ राम एवं झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने सूचना पाकर मौके पर पहुंच कंपनी एवं संगठन की बात सुनी। मामले के निष्पादन के लिए आगामी 4 दिसंबर को पुनः बैठक करने की सहमति बनी। इससे पहले विधायक बैधनाथ राम के नेतृत्व में एवं झामुमो जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में कंपनी के हेड एवं संगठन के प्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में मामले का निष्पादन के आश्वासन के बाद शनिवार शाम को जाम खुलवाया गया। विधायक ने कहा कि बिना स्थानीय लोगों के सहयोग से एवं रोजगार दिए कंपनी चला पाना नामुमकिन है। सरकार की यह नीति है स्थानीय को प्राथमिकता देते हुए रोजगार से जोड़ना। इस नीति के विरुद्ध काम करने वाली कंपनियों के खिलाफ स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर एसडीम मो. परवेज आलम, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, सीओ तृप्ति विजया कुजूर एवं कंपनी के बलराम पांडे, संगठन के सचिव मो. शाहनवाज, मो. मुजम्मिल, मो इमरान, चंद्रदीप प्रसाद, गोपाल सिंह, जयपाल प्रसाद, संभु राम, दिनेश यादव, विकाश यादव, मो आफताब, हरिदयाल यादव, ललन सिंह, मो दानिस, मो. औरंगजेब का खान आदि उपस्थित रहे।

## आपके द्वार कार्यक्रम में स्टॉलों का एनडीसी डीएसडब्ल्यूओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड क्षेत्र के मंझगांवां पंचायत में शनिवार को पूर्व निधारीत कार्यक्रम के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एनडीसी विजय कुमार दास, प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मुखिया सरिता देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया। एनडीसी ने स्टॉल का निरीक्षण कर कई निर्देश दिए। कार्यक्रम के तहत खाद्य सुरक्षा, शिक्षा विभाग, मनरेगा, राजस्व, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल विभाग,आजीविका सेवा गारंटी,वन अधिनियम, स्वास्थ्य



विभाग, 15 में वित्त विभाग, अबुआ आवास, बाल विकास, बिजली विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्लॉट में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट पोर्टल में डेटा इंट्री करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी आपके द्वारा कार्यक्रम में पहुंचकर विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर संबंधितों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का आवेदन आवेदकों के खाता मिलान कर लेने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख, उपप्रमुख, समाजसेवी बसंत सिंह, अजय सिंह, आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## मासिक लोक अदालत में 25 वादों का निष्पादन, 36 लाख राजस्व की वसूली

**चतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राधिकार के प्रभारी सचिव मो. उमर के द्वारा मासिक लोक अदालत का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय माह के अंतिम शनिवार को आयोजित किया गया। इसमें 25 वादों का निष्पादन किया गया एवं 36 लाख 64 हजार 500 रुपये सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। लोक अदालत में वादों के निष्पान के लिए 3 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में सुरज प्रकाश ठाकुर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ चतरा, सदस्य सीताराम यादव एवं दिनेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता थे। दूसरी बेंच में विनय कुमार लाल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अवर न्यायधीश द्वितीय, सदस्य विनोद पाठक एवं सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पैनल अधिवक्ता थे। तीसरी बेंच में अदनान अकीब अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह मुंशीफ, एवं सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं प्रवीण रंजन पैनल अधिवक्ता शामिल थे।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
मनिका प्रखंड क्षेत्र के नंद बेलवा मोड़ के पास बीते शुक्रवार की शाम 5:00 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार सुरेंद्र सिंह, विनोद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान लातेहार इचाक पंचायत निवासी के रूप में की गई है। ईधर, मनिका थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से दोनों को गंभीर अवस्था में लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टर ने सुरेंद्र सिंह को मृत्यु घोषित कर दिया गया वहीं विनोद सिंह को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक के




परिजन हरिहर सिंह ने बताया कि सुरेंद्र सिंह और विनोद सिंह किसी काम को लेकर अपने घर से तकरीबन 10:00 बजे मनिका के लिए निकले थे और काम कर तकरीबन 5:00 बजे अपने घर लातेहार आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में लिया। दोनों घायल वहां पर तड़पते रहे। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

### बैठक — नप के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, कहा -शहर में चलाएं सफाई अभियान

# सभी दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस बनवाना करें सुनिश्चित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के आबादी सर्वे, हाउस होल्ड सर्वे, जो कार्य आपूर्ण एवं लंबित है उसकी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हाउस होल्ड सर्वे को लेकर कहा जल्द से जल्द अपने स्तर से सर्वे व आबादी का सर्वे कार्य करा लें। साथ ही कहा नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जो कार्रवाई पूर्व में




की गई थी उसकी लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। अगर किसी के द्वारा फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है तो उसे चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने कहा कि जो फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेच रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के समीप बन कर तैयार नव निर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराएं। साथ ही स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराएं। ट्रेड लाइसेंस को लेकर नगर परिषद पदाधिकारी विनीता कुमारी को निर्देशित किया कि व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस 31 दिसंबर तक बनवाना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापक संघ की नई प्रखंड कमेटी गठित, शकील खान बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के आकलन सफल व प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों ने शनिवार को एक बैठक कर प्रखंड कमेटी का गठन किया। प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटाड़ शिक्षक महबूब आलम की अध्यक्षता में उक्त बैठक हुई, जिसमें पुरानी एकीकृत संघ की कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें मोहम्मद शकील खान प्रखंड अध्यक्ष, संजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह सचिव, विजय यादव संयोजक, सुषमा मिंज,आलोक कुमार उपाध्यक्ष, मोहम्मद नौशाद अंसारी उप सचिव,



अनुज कुमार सिंहा कोषाध्यक्ष, डिलेश कुमार यादव उप कोषाध्यक्ष, अजीत कुमार सिंहा उर्फ गुड्डू मीडिया प्रभारी, दिलीप तिवारी संगठन प्रवक्ता मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में एक दर्जन से अधिक सदस्यों को रखा गया। बैठक में सहायक अध्यापकों द्वारा सरकार के उदासीन रवैये के प्रति आक्रोश प्रकट किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सहायक अध्यापकों की मूल मांग वेतनमान सरकार द्वारा नहीं दी जाती है तो 29 दिसंबर से आंदोलन करने पर विवश होगे। बैठक में संजीव कुमार सिंह, शकील खान, अनुज कुमार सिंहा, राकेश कुमार, विजय यादव, अनिल कुमारसिंह, महबूब आलम, अनिल प्रसाद, सियाराम सिंह, रीता देवी, आलोक कुमार, अमित, सुदेश्वर, सरफराज, विनोद, किरण टोपनो, सुषमा, रीता कुमारी, गीता कुमारी, जयंती कुमारी, जमादार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रशांत, डोमन राम, मैनेजर सिंह, राकेशकुमार, नंदलाल सिंह, दिनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक ने किया सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कुडू प्रखंड की चिरी पंचायत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, पार्किंग, परिसंपत्तियों का वितरण समेत अन्य बिंदुओं का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया हिंदू उच्च विद्यालय और बीएस कॉलेज मैदान का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए गए। विदित हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता आदि उपस्थित थे।

### होटल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** बाल एवं किशोर श्रमिक प्रतिषेद अधिनियम के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र में श्रम अधीक्षक द्वारा सघन छपेमारी अभियान के दौरान रोमित ढाबा में किशोर से बाल मजदूरी कराते हुए पकड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी सीमावर्ती में संचालित होटल एवं अन्य व्यवसायिक संस्था में श्रम अधीक्षक सह निरीक्षक दिनेश भगत द्वारा टीम के साथ बाल मजदूरी के विरुद्ध सघन छपेमारी अभियान चलाते हुए एक होटल संचालक को नाबालिग से कार्य करवाते हुए पकड़ा गया। नाबालिग से होटल संचालक हीरालाल साहू द्वारा कार्य कराया जा रहा था। उसी दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच किया गया और जिसकी पुष्टि होने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 149/23 दर्ज कर धारा 374,14 आईपीसी के तहत होटल संचालक हीरालाल साहू के विरुद्ध कारवाई प्रारंभ कर दिया गया। बताया जाता है कि गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत केदली पाकरटोली निवासी नाबालिग से रोमित ढाबा होटल में प्रत्येक दिन बाल मजदूरी कराया जा रहा था। इसके आलोक में श्रम विभाग द्वारा कारवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के द्वारा सेन्हा थाना के समीप संचालित रोमित ढाबा में छापेमारी के क्रम में बाल मजदूरी कराते हुए एक नाबालिग बच्चा पकड़ा गया। इस पर श्रम विभाग के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर होटल संचालक हीरालाल साहू के विरुद्ध कारवाई की जा रही है।

### शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का रिफ्रेशर प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षक अशोक भगत, अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन, सिनी टाटा ट्रस्टस के सहयोगकर्ता तरुण कुमार, सीमा श्वेता टोपनो, गणेश कुमार लाल, गंगा उरांव, चांदनी शाहदेव, अनवर अंसारी, प्रतिमा कुमारी, परमेश्वर कुमार महतो, सुमिता टोप्पो, जगदेव उरांव, अंजू लकड़ा, दुर्गा भगत, कुरैशा खातुन, मोहन राम, शमशाद आलम, बिशुन उरांव आदि उपस्थित थे।

### फाइलेरिया रोगियों में किट का वितरण

**लोहरदगा।** हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर - हेसापीढ़ि (किस्को) में फाइलेरिया रोग (हाथी पांव) से ग्रसित रोगियों को बेठहट पंचायत मुखिया राज किशन उरांव द्वारा एमएमडीपी किट वितरण किया गया। मौके पर किट वितरण में मुख्य रूप से बेठहट मुखिया राज किशन उरांव, कमल कांत मौर्य (एमपीडब्ल्यू), इंदु कुमारी (सीएचओ), चांदमनी तिर्की (एएनएम), राजकुमारी टोप्पो (सहिया साथी), पुष्पा कुजूर (सहिया), समिला उरांव (सहिया) आदि का विशेष का सहयोग रहा।

### रथ को डीसी-एसपी ने रवाना किया

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से चलाये जा रहे जागरूकता रथ को नगर भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ के जरिये 26 दिसंबर तक जिले के सभी प्रखंडों की 66 पंचायतों में आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की तिथि व स्थान समेत योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम आदि उपस्थित थे।

### एफएलएन ट्रेनिंग का हुआ समापन

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल सभागार में आयोजित दूसरे चरण का चार दिवसीय फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण का समापन हो गया। एफएलएन विषयक प्रखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को मिशन भारत सरकार के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक मिशन के तहत आयोजित एफएलएन में बताया गया कि इसका उद्देश्य तीन से नौ साल तक के बच्चों का समग्र विकास करना है। बच्चों के समग्र विकास के लिये यह प्रशिक्षण आवश्यक है। इस दौरान प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह, अरुण कुमार दास, राजेश कुमार सिन्हा, गणेश चंद्र शुक्ला और प्रशिक्षण में शामिल 40 शिक्षक मौजूद थे।

### वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जीव-जंतु के संवर्धन संरक्षण में विशेष योगदान देंगी ये कमेटियां

# 10 पंचायतों की जैव विविधता परिषद कमेटियों का प्रशिक्षण पूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

गुमला प्रखंड की सभी 10 पंचायतों की जैव विविधता परिषद की पंचायत स्तरीय कमेटियों का प्रशिक्षण प्रखंड सभागार एवं पंचायत सचिवालय में संपन्न हुआ। इसमें प्रखंड की बेंदोरा पंचायत, बामदा पंचायत, जनावल पंचायत, बरडीह पंचायत, छिछवानी पंचायत, कातिंग पंचायत, रामपुर पंचायत, वरवेनगर पंचायत, चैनपुर पंचायत, मालम पंचायत के प्रतिनिधि शामिल हुए। बता दें कि झारखंड में वन संरक्षण, जंगली तथा पालतू जानवर व पेड़- पौधों सहित सूक्ष्म जंतुओं के जीवन की सुरक्षा तथा विकास के वास्ते योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है।




इन समितियों के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड की सभी 10 पंचायत कमेटी सदस्यों को प्रशिक्षण हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से दिया गया। प्रशिक्षण झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर शांति बड़ाईक एवं रणधीर द्वारा दिया गया। इसमें कोऑर्डिनेटर सह बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज व मयंक मौली शर्मा का विशेष योगदान रहा। दीपक मिंज कहा कि वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जीव-जंतु के संवर्धन संरक्षण में यह कमेटी विशेष योगदान देगी। कमेटी को मिले संवैधानिक अधिकार से वनों एवं जीव-जंतु का संरक्षण होगा। साथ ही विलुप्त हो रही प्रजातियों को फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी। वहीं शांति बड़ाईक ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत पंचायत स्तर पर गठित कमेटी को प्राधिकृत किया गया है कि वह जंगली पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं तथा सूक्ष्म जंतुओं के संरक्षण, संवर्धन तथा विकास के लिए हर आवश्यक उपाय करने के वास्ते लोगों को जागरूक तथा प्रेरित करें। सरकारी पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मुखिया की अध्यक्षता में गठित हुई इन कमेटियों के चयन के वास्ते विधिवत ग्राम सभा आयोजित की गई थी। वर्ष 2018 में ही जैव विविधता प्रबंधन समिति का प्रत्येक पंचायत में गठन कर लिया गया था। इसके तहत केंद्र व राज्य सरकार के स्तर से फंड के इंतजाम का प्रावधान है। प्रत्येक पंचायत में इसके कार्यालय के लिए पंचायत सचिवालय में कमरा अलॉट करने सहित कार्यालय के विधिवत संचालन के वास्ते कुर्सी टेबल व अन्य उपष्कर की राशि झारखंड के जैव विविधता परिषद की ओर से देने का प्रावधान भी किया गया है। वनों की उपज- मसलन औषधीय पौधों व अन्य वन उत्पादों के निगरानी तथा खरीद बिक्री वन विभाग के बजाय स्थानीय कमेटी की देखरेख में ही की जानी है। स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले हाट बाजार में लगने वाले आढ़त या धार व्यापारियों के पंजीकरण का अधिकार व उनसे व्यापार कर के तौर पर दो फीसदी की विनिर्धारित राशि की वसूली के वास्ते भी संबंधित कमिटियां ही प्राधिकृत की गई हैं। इस मद में प्राप्त राशि को वन संरक्षण तथा जैव विकास के कार्य में ही लगाए जाने का निर्देश है। कमेटी को स्थानीय स्तर पर दुर्लभ प्रजाति के वन उत्पादों के संबंध में जानकारी हासिल कर उन्हें चिन्हित करते हुए सूचीबद्ध करने व उनके संवर्द्धन का भी निर्देश दिया गया है।

वहीं प्रशिक्षणार्थी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें कमेटी में शामिल तो जरूर किया गया था पर हमारे अधिकार कर्तव्य और दायित्वों की हमें ठीक-ठाक जानकारी नहीं थी। प्रशिक्षण के क्रम में इस संबंध में विस्तार के साथ हमें जानकारी दी गई तो हमें अवश्य मालूम हुआ कि यह कमेटी अत्यधिक पावरफुल है और इसके माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन का एक बड़ा अवसर हमारे हाथों में है। मौके पर मनोहर बड़ाईक, सुषमा करकेट्टा, जगरानी टोप्पो, मुनेश्वर सिंह, शेखर कुमार चौधरी, संदीप कुमार, शेख हेदायतुला, अजय साहू, फवीयणूस, दीपिका देवी, संगीता टोप्पो, देवमती देवी, जफर खां, तनुजा एक्का, पीटर खलखो, अनिला मिंज, जसिन्ता तिग्गा, सुशांना कुजूर, ललिता मिंज, रामप्रसाद रौतिया, कुलदीप रौतिया, निरोज मुकूल कुजूर, बंसती एक्का, अलोमनी मिंज, नीलम संगीता मिंज, खोरेन कुजूर, फूलजेन्स बखला आदि बड़ी संख्या में लोगों ने वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# समाज जितना उन्नत होता है, देश उतना ही उन्नत होगा : राज कल्याण

## भंडरा में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण, अधिवक्ता नसीम अंसारी,अधिवक्ता कुमार चंद्रशेखर, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता आदि ने किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण ने कहा कि समय-समय पर इस तरह का शिविर का आयोजन किया जाता है। इस तरह के शिविर के आयोजन का एक मात्र उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार - सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की जानकारी हो और उसका लाभ उठाकर वह अपने जीवन स्तर को बेहतर कर सके। उन्होंने कहा समाज जितना उन्नत होता है, देश उतना ही उन्नत होता है। हम भारत की उन्नति की कल्पना तभी कर सकते हैं जब समाज का अंतिम व्यक्ति हमारे साथ खड़ा हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए न्यायिक व्यवस्था को प्रतीत हुआ कि हमारी सहभागिता सुनिश्चित कर दी जाय, तो जरूरतमंद लोगों को सुचारु से इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इस तरह के शिविर का आयोजन कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक, घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश ने आम लोगों से स्वयं योजनाओं का लाभ लेने एवं दूसरे को भी इसकी जानकारी देने की अपील की। बीडीओ ने कहा किवर्ष में कई बार इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग, जो जागरूकता व अन्य किसी कारणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाता है, उसे ऑन द स्पॉट योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए योजनाओं से जोड़ना होता है। सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा कि शिविर में विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ आहर्तापूर्ण करने वालों को उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में परिसंपत्ति का वितरण लाभुकों के बीच किया जा रहा है। मौके पर बीपीएम विजय प्रसाद, नीता सरकार, बीपीओ अभिषेक किशोर, पीएलवी सीमा कुमारी, नितेंदर कुमार, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**परिसंपत्ति का वितरण :** मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया, जिसमें दो महिला समूहों को सात लाख पचास हजार का ऋण दिया गया। किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। वृद्धजनों को कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी, प्रधानमंत्री आवास का पूर्ण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### कुडू में लगा मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप, लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

सभी को शुलभ और सस्ता न्याय दिलाना ही प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि न्याय हर जगह मौजूद है। न्याय हम सभी की जरूरत है और सबको मिलना भी चाहिए। हमें सिर्फ इसकी सही जानकारी रखने की आवश्यकता है। उक्त बातें झालसा के निर्देशानुसार झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची (झालसा) के तत्वावधान विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा (डालसा) द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में शनिवार को आयोजित विधिक सेवा सशक्तीकरण कैंप (मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप) में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम पूजा कुमारी लाल ने कहीं। कार्यक्रम को सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, उप प्रमुख एनुल अंसारी, पैनल




अधिवक्ता उमेश कुमार, नारायण साहू आदि ने भी संबोधित किया और कानून से जुड़ी जानकारियां बताईं। इससे पूर्व कार्यक्रम में अतिथियों का फलदार पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर प्रसाद, पीएलवी दीपक कुमार, हफीजुल अंसारी, कुडू मुखिया शुष्मा देवी, चापी उप मुखिया हेना तिवारी, चिरी मुखिया रामेश्वर लोहरा आदि उपस्थित थे।

**परिसंपत्ति का वितरण :** मौके पर जेएसपीएल के तहत महिला समूह के बीच ऋण स्वीकृत कर दस लाख का क्रेडिट लिंकेज का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा 5 लाभुकों को वृद्धा पेंशन, आधा दर्जन लाभुकों के बीच साड़ी, धोती, लुंगी, कंबल एवं 7 किसानों के बीच सरसों के बीज का वितरण किया गया।

# शिविरों में 1,32,09,143 की परिसंपत्तियों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा लोहरदगा के सभी सातों ब्लॉक में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1,86,877 लाभुकों के बीच एक करोड़ बत्तीस लाख नौ हजार एक सौ तैंतालीस रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर हेतु कुल सात टीमों का गठन किया गया था। मुख्य कार्यक्रम नगर भवन स्थित नगर सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान जज, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा एवं राजेश कुमार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा उपस्थित रहे। किस्को प्रखंड हेतु वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सेन्हा प्रखंड हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंदन, भंडरा प्रखंड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण, कुडू प्रखंड हेतु प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, पेसरार प्रखंड हेतु मध्यस्थ अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा एवं सुदामा साहू तथा कैरो प्रखंड के लिए मध्यस्थ अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती को नियुक्त किया गया। नगर भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। नवंबर माह का मासिक लोक अदालत का आयोजन भी किया गया था, जिसके लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। बिजली संबंधित मामले एवं अन्य सिविल एवं क्रिमिनल अपीलीय मामलों को लिए अरविंद कुमार, तृतीय जिला जज के नेतृत्व में बेंच संख्या एक जबकि अन्य सिविल एवं क्रिमिनल विवादों के लिए सुचिता निधि तिग्गा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 का गठन किया गया था, जिसमें कुल 19 वादों का निष्पादन किया गया एवं 2162727 रुपये के राजस्व की वसूली की गई।

# डालसा के विधिक जागरूकता शिविर में दी गईं जानकारियां

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में डालसा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चंदन कुमार, डालसा के पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव बीडीओ तथा सीओ द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शिविर में ग्रामीणों को कानूनी प्रक्रिया के तहत अपने अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने बताया कि डायन बिसाही उत्पीड़न मामला, धोखाघड़ी मामला, दहेज उत्पीड़न मामला, परिवारिक विवाद सहित अन्य मामलों का निपटारा मध्यस्था के माध्यम से कराया जाता है। साथ ही कहा कि गरीब व्यक्तियों को मुफ्त में कानूनी सलाह देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के लिये अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चंदन कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 39 के तहत सभी महिला पुरुष को समान अधिकार प्राप्त है। अनुच्छेद 21 ए के तहत शिक्षा के विषय में बताया गया है। डालसा के माध्यम से असहाय गरीब वर्ग के ग्रामीणों को न्याय दिलाया जाता है। मामलों में त्वरित करवाई करते हुए डालसा द्वारा उचित न्याय दिलाने का कार्य किया जाता है। व्यक्तियों को कोई परेशानी हो तो आवेदन देते हुए लिखित शिकायत दर्ज करायें ताकि पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय मिल सके। मौके पर बीडीओ अशोक चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, पीएलभी पुनु देवी, प्रियांशु यादव आदि उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म

### कलश यात्रा में रांची की महापौर आशा लकड़ा भी हुईं शामिल

# कलश यात्रा के साथ श्री हरि नाम महोत्सव आरंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रामपुर गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री हरि नाम रसमृत महोत्सव आरंभ हुआ। हजारों महिलाओं की सहभागिता में भक्सो ग्राम स्थित शंख एवं कोयल नदी के संगम तट से पवित्र जल को अति प्राचीन उमानाथ मंदिर से रामपुर ग्राम तक लगभग 7 किलोमीटर की लंबी यात्रा करके लाया गया। कलश यात्रा में यज्ञ आचार्य पंडित विभाकर पाठक, प्रणव पाठक, दिवाकर पाठक महाराज द्वारा वरुण देवता का आह्वान कर जल उठाया गया।



कलश यात्रा में मुख्य यजमान कृष्णा चौधरी सपत्नीक द्वारा अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं रांची की महापौर आशा लकड़ा द्वारा भी मुख्य कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया। यज्ञ स्थल में पंचांग पूजन वेदी पूजन एवं सर्वतो भद्र मंडल सोडस मातृका नवग्रह देवता सप्त घृत मातृका आदि देव देवियों का सविधि पूजन कर 72 घंटे के लिए अखंड हरी नाम संकीर्तन हरे राम हरे राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का नृत्य वाद्य संगीत के साथ रामपुर कीर्तन महिला मंडली के द्वारा प्रारंभ किया गया। महोत्सव का समापन मंगलवार को 2:30 बजे पूर्णाहुति हवन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। साथ ही इस्कॉन रांची टीम के द्वारा रामपुर ग्राम में समापन पर नगर कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। महोत्सव को सफल बनाने में शंभू सिंह, प्रदीप साहू, उमेश साहू, शिवधन साहू, भवेश ठाकुर, रॉबिन साहू, भोला कुमार, अमित सिंह, ध्यान साहू, बिगन महली, सुखेंद्र साहू, फुलदेव लोहारा, महली उरांव, धनु साहू, कृष्णा चौधरी, ममता देवी, अलका देवी, ऋतुराज कुमार साहू, रिशु साहू, बिहारी सिंह आदि का योगदान रहा।

# लोगों से आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सदर प्रखंड की निंगनी पंचायत, कैरो प्रखंड की गजनी पंचायत और किस्को प्रखंड की अरैया पंचायत में किया गया।



निंगनी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा सावित्रीबाई फुले, मुख्यमंत्री सारथी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्रवासी श्रमिकों के हर पल साथ योजना, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई और अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये जाने की अपील की। निंगनी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में साइकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले योजना, बिरसा सिंचाई कूल संवर्द्धन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण योजना से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जनप्रतिनिधियों के बीच जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव समेत, प्रमुख, मुखिया आदि उपस्थित थे।

# अगले साल फरवरी से मार्च तक मिल सकती है पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को देशभर के 8 करोड़ किसानों को बड़ी सौगात देते हुए पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त ट्रांसफर कर दिया था। सरकार द्वारा 18,000 करोड़ रुपये की राशि किसानों को जारी किए गए हैं। 15वीं किस्त मिलने के बाद से ही यह सवाल उठने लगा है कि सरकार अगली किस्त के पैसे कब जारी करेगी।

**कब मिलेंगे 16वीं किस्त के पैसे :** मोदी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम के 16वीं किस्त के पैसे फरवरी, 2024 से मार्च, के बीच जारी कर सकती है। हालांकि, इस मामले में सरकार ने किसी तरह की आधिकारिक डेट का ऐलान नहीं किया है। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली ऐसी योजना है, जिसके जरिए गरीब किसानों के खाते में सरकार हर साल 6,000 रुपये कुल तीन किस्तों में ट्रांसफर करती है। सरकार किसानों को यह पैसे खेती से जुड़े खर्च के लिए देती है। कोई भी भूमिधरी किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। मगर वह किसी सरकारी नौकरी में नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही 10,000 रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाले किसान और ईपीएफओ मेंबर आदि को भी योजना का लाभ नहीं मिल सकता है।

**पीएम किसान स्कीम के लिए कैसे करें अप्लाई :** अगर आप भी पीएम किसान योजना का लाभ उठाना चाहते हैं तो योजना के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। हम आपको इसका स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस बता रहे हैं।

◆ऑनलाइन एप्लीकेशन के लिए योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।

◆यहां न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन के विकल्प को चुनें। आगे अपना आधार और कैप्चा कोड को दर्ज करें।

◆फिर आपकी जमीन शहरी या ग्रामीण इलाके में है, इस विकल्प को चुनें।

# अडानी समूह के शेयरों में तेजी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में तेजी आई और उसका बाजार पूंजीकरण लगभग 15,000 करोड़ रुपए बढ़ गया। उच्चतम न्यायालय ने समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई की और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ ही शुक्रवार को समूह का बाजार पूंजीकरण 14,786 करोड़ रुपए बढ़ गया। अडानी समूह की 10 कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण को कारोबार बंद होने पर लगभग 10.26 लाख करोड़ रुपये रहा। एक दिन पहले यह आंकड़ा 10.11 लाख करोड़ रुपए था। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने 2.58 प्रतिशत बढ़ी, जिससे उसका बाजार पूंजीकरण 2.53 लाख करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा अडानी पावर में 4.06 प्रतिशत, अडानी टोटल गैस में 1.2 प्रतिशत, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 0.84 प्रतिशत और अडानी ग्रीन एनर्जी में 0.77 प्रतिशत की बढ़त हुई। अडानी समूह में सिर्फ अंबुजा सीमेंट को गिरावट का सामना करना पड़ा और कंपनी के शेयर 0.31 फीसदी टूटकर बंद हुए।

# कोविड-19 वैक्सीन का उपयोग उम्मीद से कम : यूएस सीडीसी




**एजेंसी। लॉस एंजेलिस**
यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की नवीनतम जानकारी के अनुसार, अमेरिका में कोविड-19 वैक्सीन का उपयोग उम्मीद से कम है, 4 नवंबर तक केवल 14 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों को अपडेटेड कोविड-19 वैक्सीन मिली थी। सीडीसी ने कहा, कोविड-19 अभी भी अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु का एक महत्वपूर्ण कारण है, खासकर वृद्ध वयस्कों और कुछ अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों वाले लोगों के लिए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सीडीसी का हवाला देते हुए बताया कि कोविड-19 टीके हर संक्रमण को नहीं रोकते हैं, लेकिन वे उन लोगों में बीमारी की गंभीरता को कम कर सकते हैं जो टीका लगवाते हैं, जिससे जीवन बचाने, अस्पताल में भर्ती होने की संख्या कम करने और डॉक्टर के पास जाने से रोकने में मदद मिलती है। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि अनुमानतः 14 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों को 4 नवंबर तक अपडेट कोविड-19 वैक्सीन मिल चुकी थी।

## कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग

# नौ लोगों की हुई मौत, 1 घायल



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के कराची में शनिवार राशिद मिन्हास रोड पर स्थित आरजे मॉल में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई है एक 1 घायल हो गए हैं। कराची के स्थानीय अस्पतालों के अधिकारी और पुलिस ने डॉन न्यूज को जानकारी दी कि नौ शव अस्पतालों में लाए गए हैं। आठ शवों को जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर जेपीएमसी में और एक सिविल अस्पताल कराची (सीएचके) में लाया गया। उन्होंने आगे कहा कि एक 18 वर्षीय घायल लड़की को अभी सिविल अस्पताल कराची में भर्ती कराया गया था, जिसकी मौत हो गई। कराची के मुख्यमंत्री को भी इस पूरे घटना को लेकर रिपोर्ट सौंपी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जिला उपायुक्त अल्ताफ शेख ने कहा कि आग लगने के बाद मॉल से 22 लोगों को बचाया गया और जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर जेपीएमसी में ट्रांसफर कर दिया गया, जिनमें से एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर डीसी ने कहा कि इमारत को चौथी मंजिल तक खाली करा दी गई है, जबकि पांचवीं और छठी मंजिल को खाली करने का काम चल रहा है।

**मॉल में सुबह 6:30 बजे लगी आग :** शारिया फैसल स्टेशन हाउस ऑफिसर राजा तारिक महमूद ने डॉन न्यूज को बताया कि, जिस इमारत में आग लगी वो एक बड़ी कमर्शियल इमारत थी। इमारत के अंदर शॉपिंग सेंटर, कॉल सेंटर और सॉफ्टवेयर हाउस थे। फायर एंड रेस्क्यू डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उन्हें सुबह 6:30 बजे घटना के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने 8 फायर टेंडर, दो स्नोर्कल और दो बाउजर घटनास्थल पर भेजें गए और आग पर काबू पा लिया गया। सिंध महानिरीक्षक रिफत मुख्तार ने जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इमारत के अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए निर्देश जारी किया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 1896/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–24.11.2023

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शशहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR.NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में कार्य पूर्ण करने की अवधि छः (06) माह के स्थान पर तीन (03) माह पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.312066 Rural Development(23-24):D


## कार्यालय-जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू (जिला जनसम्पर्क इकाई, पलामू।)

### "आपकी योजना– आपकी सरकार आपके द्वार"

(24 नवम्बर, 2023 से 26 दिसम्बर, 2023)

**महत्वपूर्ण सूचना**

"आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 15 दिसम्बर, 2023 तक आयोजित विशेष शिविरों का कार्यक्रम निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मदगंज | पंशा मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 2 | | रामबांध मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 3 | | लटपौरी मुख्यालय | 05.12.2023 |
| 4 | | कोल्हुआ सोनबरसा मुख्यालय | 07.12.2023 |
| 5 | | भजनिया मुख्यालय | 09.12.2023 |
| 6 | | गोड़ाडीह मुख्यालय | 11.12.2023 |
| 7 | | मोहम्मदगंज मुख्यालय | 12.12.2023 |
| 8 | | कादल कुरमी मुख्यालय | 13.12.2023 |
| 9 | | पंशा एवं अन्य ग्राम | 14.12.2023 |
| 10 | | रामबांध के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 11 | हैदरनगर | परता | 24.11.2023 |
| 12 | | खरगड़ा | 28.11.2023 |
| 13 | | चौकड़ी | 30.11.2023 |
| 14 | | हैदरनगर (पूर्वी) | 02.12.2023 |
| 15 | | हैदरनगर (पष्चिमी) | 04.12.2023 |
| 16 | | बभन्डीह | 06.12.2023 |
| 17 | | बरडण्डा | 08.12.2023 |
| 18 | | मोकहरकला | 11.12.2023 |
| 19 | | ईमामनगर बरेवा | 15.12.2023 |
| 20 | हुसैनाबाद | देवरी खूर्द | 24.11.2023 |
| 21 | | देवरी कला | 28.11.2023 |
| 22 | | बड़ेपुर | 30.11.2023 |
| 23 | | बनीयाडीह (बराही) | 02.12.2023 |
| 24 | | दंगवार | 04.12.2023 |
| 25 | | बेलविगहा | 05.12.2023 |
| 26 | | लोटनीया | 06.12.2023 |
| 27 | | महुअरी | 07.12.2023 |
| 28 | | दरूआबेनी | 08.12.2023 |
| 29 | | उपरीकला | 09.12.2023 |
| 30 | | बेनीकला | 11.12.2023 |
| 31 | | पथरा | 12.12.2023 |
| 32 | | पोलडीह | 13.12.2023 |
| 33 | | उर्दवार (मंजूराहा) | 14.12.2023 |
| 34 | | झरगड़ा | 15.12.2023 |
| 35 | पीपरा | सरैया मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 36 | | तेन्दुई मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 37 | | मधुबाना मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 38 | | पीपरा मुख्यालय | 02.12.2023 |
| 39 | | दलपतपुर मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 40 | | बभन्डी मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 41 | | सरैया के अन्य ग्रम | 08.12.2023 |
| 42 | | तेन्दुई के अन्य ग्रम | 11.12.2023 |
| 43 | | मधुबाना के अन्य ग्रम | 14.12.2023 |
| 44 | हरिहरगंज | कुलहिया मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 45 | | सेमरवार मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 46 | | कटैया मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 47 | | तुरी मुख्यालय | 09.12.2023 |
| 48 | | खड़गपुर मुख्यालय | 02.12.2023 |
| 49 | | सरसोत मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 50 | | सलैया मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 51 | | ढकचा मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 52 | | कुलहिया के अन्य ग्राम | 11.12.2023 |
| 53 | | सेमरवार के अन्य ग्राम | 13.12.2023 |
| 54 | | कटैया के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 55 | नौडीहा बाजार | लक्ष्मीपुर | 24.11.2023 |
| 56 | | विषुणपुर | 28.11.2023 |
| 57 | | नावाटाड़ | 30.11.2023 |
| 58 | | चेराई–2 | 02.12.2023 |
| 59 | | नामूदाग | 04.12.2023 |
| 60 | | तरीडीह | 06.12.2023 |
| 61 | | खैरादोहर | 08.12.2023 |
| 62 | | सरईडीह | 11.12.2023 |
| 63 | | शाहपुर | 15.12.2023 |
| 64 | छत्तरपुर | सुशीगंज | 24.11.2023 |
| 65 | | काला पहाड़ | 28.11.2023 |
| 66 | | पीण्डराही | 30.11.2023 |
| 67 | | कवल | 02.12.2023 |
| 68 | | खोढ़ी | 05.12.2023 |
| 69 | | रूदवा | 07.12.2023 |
| 70 | | नौडीहा | 08.12.2023 |
| 71 | | कचनपुर | 09.12.2023 |
| 72 | | दीनादाग | 11.12.2023 |
| 73 | | कउवल | 12.12.2023 |
| 74 | | सिलदाग | 13.12.2023 |
| 75 | | डाली | 14.12.2023 |
| 76 | | मुरूमदाग | 15.12.2023 |
| 77 | पाण्डू | तिसीबारकला | 24.11.2023 |
| 78 | | डालाकला | 28.11.2023 |
| 79 | | फुलिया | 30.11.2023 |
| 80 | | कुटमू | 04.12.2023 |
| 81 | | पाण्डू | 07.12.2023 |
| 82 | | महुगॉवा | 11.12.2023 |
| 83 | | सिलदिली | 15.12.2023 |
| 84 | उटॉरी रोड | लुम्बा सतबहिनी मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 85 | | लहरबंजारी मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 86 | | मुरमाकला मुख्यालय | 05.12.2023 |
| 87 | | मुरमाखुर्द मुख्यालय | 07.12.2023 |
| 88 | | करकट्टा मुख्यालय | 09.12.2023 |
| 89 | | जोगा मुख्यालय | 11.12.2023 |
| 90 | | लुम्बा सतबहिनी के अन्य ग्राम | 14.12.2023 |
| 91 | विश्रामपुर | सिगसिगी मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 92 | | बधमनवा मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 93 | | धासीदाग मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 94 | | केतातकला मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 95 | | गुरहा कला मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 96 | | तोलरा मुख्यालय | 11.12.2023 |
| 97 | | लालगढ़ मुख्यालय | 15.12.2023 |
| 98 | नावाबाजार | सोहदागखुर्द मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 99 | | कुम्मीकला मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 100 | | बसना मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 101 | | रजहरा मुख्यालय | 01.12.2023 |
| 102 | | तुकबेरा मुख्यालय | 02.12.2023 |
| 103 | | रबदा मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 104 | | कन्डा मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 105 | | ईटको मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 106 | | सोहदागखुर्द के अन्य ग्राम | 11.12.2023 |
| 107 | | कुम्मीकला के अन्य ग्राम | 13.12.2023 |
| 108 | | बसना के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 109 | पड़वा | छेछौरी मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 110 | | मझिगांव मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 111 | | पतरा मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 112 | | मुरमा मुख्यालय | 01.12.2023 |
| 113 | | पंडवा मुख्यालय | 02.12.2023 |
| 114 | | लोहड़ा मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 115 | | गाड़ीखास मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 116 | | कजरी मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 117 | | छेछौरी के अन्य ग्राम | 11.12.2023 |
| 118 | | मझिगांव के अन्य ग्राम | 13.12.2023 |
| 119 | | पतरा के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 120 | | रबदा | 24.11.2023 |
| 121 | चैनपुर | खुराकला | 28.11.2023 |
| 122 | | करसो | 29.11.2023 |
| 123 | | बोडी | 30.11.2023 |
| 124 | | सलतूआ | 01.12.2023 |
| 125 | | बुढ़ीबीर | 02.12.2023 |
| 126 | | ओड़नार | 04.12.2023 |
| 127 | | बांसडीह | 05.12.2023 |
| 128 | | बरॉव | 06.12.2023 |
| 129 | | नरसिंहपुर पथरा | 07.12.2023 |
| 130 | | कोशियारा | 08.12.2023 |
| 131 | | पतरिया खुर्द | 09.12.2023 |
| 132 | | पूर्वडीहा | 11.12.2023 |
| 133 | | मझीगांवा | 12.12.2023 |
| 134 | | तलेया बभन्डी | 13.12.2023 |
| 135 | | महुगांवा | 14.12.2023 |
| 136 | | बन्दुआ | 15.12.2023 |
| 137 | रामगढ़ | बेड़मा बभन्डी मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 138 | | रामगढ़ मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 139 | | नावाडीह मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 140 | | चोरहट मुख्यालय | 01.12.2023 |
| 141 | | उलडन्डा मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 142 | | हुटार मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 143 | | बांसडीह खुर्द मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 144 | | बेड़मा बभन्डी के अन्य ग्राम | 11.12.2023 |
| 145 | | रामगढ के अन्य ग्राम | 13.12.2023 |
| 146 | | नावाडीह के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 147 | सदर मेदिनींनगर | जोड़ | 24.11.2023 |
| 148 | | रजवाडीह | 28.11.2023 |
| 149 | | जमूने | 30.11.2023 |
| 150 | | चियॉंकी | 04.12.2023 |
| 151 | | सूआ | 08.12.2023 |
| 152 | | कौड़िया | 11.12.2023 |
| 153 | | सरजा | 15.12.2023 |
| 154 | पाटन | केलहार | 24.11.2023 |
| 155 | | सेमरी | 28.11.2023 |
| 156 | | सतौआ | 30.11.2023 |
| 157 | | सगुना | 02.12.2023 |
| 158 | | उताकी | 04.12.2023 |
| 159 | | पाल्हेकला | 05.12.2023 |
| 160 | | नौडीहा | 06.12.2023 |
| 161 | | हिसरा बरवाडीह | 07.12.2023 |
| 162 | | मेराल | 08.12.2023 |
| 163 | | कांकेकला | 09.12.2023 |
| 164 | | शोले | 11.12.2023 |
| 165 | | रजहारा | 12.12.2023 |
| 166 | | सिरमा | 13.12.2023 |
| 167 | | किसुनपुर | 14.12.2023 |
| 168 | | जंघासी | 15.12.2023 |
| 169 | मनातू | रंगेया मुख्यालय | 24.11.2023 |
| 170 | | चक मुख्यालय | 28.11.2023 |
| 171 | | मंझौली–1 मुख्यालय | 30.11.2023 |
| 172 | | नवडीहा मुख्यालय | 01.12.2023 |
| 173 | | पदमा मुख्यालय | 04.12.2023 |
| 174 | | बंशीखुर्द मुख्यालय | 06.12.2023 |
| 175 | | डुमरी मुख्यालय | 08.12.2023 |
| 176 | | रंगेया के अन्य ग्राम | 11.12.2023 |
| 177 | | चक के अन्य ग्राम | 13.12.2023 |
| 178 | | मंझौली–1 के अन्य ग्राम | 15.12.2023 |
| 179 | तरहसी | सेलारी | 24.11.2023 |
| 180 | | टरिया | 28.11.2023 |
| 181 | | अरका | 30.11.2023 |
| 182 | | उदयपुरा–1 | 02.12.2023 |
| 183 | | तरहसी | 04.12.2023 |
| 184 | | गुरहा | 06.12.2023 |
| 185 | | मंझौली–2 | 08.12.2023 |
| 186 | | पाठक पगार | 11.12.2023 |
| 187 | | सोनपुरा | 15.12.2023 |
| 188 | नीलाम्बर–पिताम्बरपुर | जूरू | 24.11.2023 |
| 189 | | पुरनाडीह | 28.11.2023 |
| 190 | | हरतुआ | 30.11.2023 |
| 191 | | दारूडीह | 02.12.2023 |
| 192 | | कोटखास | 04.12.2023 |
| 193 | | लेस्लीगंज | 06.12.2023 |
| 194 | | कुराइन पतरा | 08.12.2023 |
| 195 | | संगवार | 11.12.2023 |
| 196 | | ओरियाकला | 13.12.2023 |
| 197 | | कुन्दरी | 15.12.2023 |
| 198 | सतबरवा | बारी | 24.11.2023 |
| 199 | | पोंची | 28.11.2023 |
| 200 | | वोहिता | 30.11.2023 |
| 201 | | रेवारातू | 04.12.2023 |
| 202 | | धावाडीह | 07.12.2023 |
| 203 | | रबदा | 11.12.2023 |
| 204 | | सतबरवा | 15.12.2023 |
| 205 | पांकी | सगालीम | 24.11.2023 |
| 206 | | आसेहार | 28.11.2023 |
| 207 | | हुरलौंग | 29.11.2023 |
| 208 | | सूड़ी | 30.11.2023 |
| 209 | | पकरिया | 01.12.2023 |
| 210 | | तेतराई | 02.12.2023 |
| 211 | | कोनवाई | 04.12.2023 |
| 212 | | होटाई | 05.12.2023 |
| 213 | | रतनपुर | 06.12.2023 |
| 214 | | सकलदीपा | 07.12.2023 |
| 215 | | माड़न | 08.12.2023 |
| 216 | | करार | 09.12.2023 |
| 217 | | डंडारकला | 11.12.2023 |
| 218 | | पांकी पष्चिम भाग | 12.12.2023 |
| 219 | | पांकी पूर्वी भाग | 13.12.2023 |
| 220 | | ढुब | 14.12.2023 |
| 221 | | पगार खुर्द | 15.12.2023 |

| क्र0 | नगर निगम/पंचायत का नाम | तिथि | वार्ड संख्या | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेदिनीनगर | 24.11.2023 | 22, 24 एवं 29, | टाउन हॉल |
| 2 | | 28.11.2023 | 21 एवं 23, | गांधी मैदान |
| 3 | | 30.11.2023 | 19 एवं 20, | गुरूद्वारा मैदान |
| 4 | | 02.12.2023 | 14 एवं 15, | सामुदायिक भवन, वार्ड नम्बर 15 |
| 5 | | 05.12.2023 | 17 एवं 18, | आई0टी0आई0 कैम्पस, रांची रोड, रेड़मा |
| 6 | | 07.12.2023 | 01, | षिव मंदिर परिसर सिंगरा खुर्द |
| 7 | | 09.12.2023 | 02, | आंगनवाडी भवन, बजराहा |
| 8 | | 11.12.2023 | 03 एवं 09, | बाजार समिति परिसर, बैरिया |
| 9 | | 12.12.2023 | 02, 10, 13 एवं 25, | ब्राहम्ण विद्यालय मैदान, शान्तिपुरी |
| 10 | | 13.12.2023 | 11 एवं 12 | बी0एन0 कॉलेज मैदान |
| 11 | | 15.12.2023 | 04 एवं 06, | जी0एल0ए0 कॉलेज मैदान |
| 1 | छत्तरपुर | 25.11.2023 | 01 एवं 02, | बाबा बीर कुवंर स्थल, भगवान टोला, मदनपुर |
| 2 | | 29.11.2023 | 03 एवं 04, | आंगनबाड़ी केन्द्र, बारा के पास |
| 3 | | 04.12.2023 | 05 एवं 06, | पंचायत भवन, रामगड़ |
| 4 | | 06.12.2023 | 07 एवं 08 | , बिरसा मुण्डा, दुर्गा पुजा स्थल, मसिहानी |
| 5 | | 11.12.2023 | 09 एवं 10 | , मन्देया (परथी आहरा के पास) |
| 6 | | 15.12.2023 | 11, 12 एवं 13, | न्यू प्रा0 विद्यालय खाटिन के पास |
| 1 | हुसैनाबाद | 24.11.2023 | 01 एवं 12, | वार्ड भवन वार्ड 12 |
| 2 | | 29.11.2023 | 05 एवं 06 | हरिजन स्कूल वार्ड 05 |
| 3 | | 02.12.2023 | 08 एवं 10 | वार्ड भवन वार्ड 14 |
| 4 | | 05.12.2023 | 15 एवं 16 | प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदगंज वार्ड 16 |
| 5 | | 07.12.2023 | 02 एवं 03 | टाउन हॉल वार्ड 03 |
| 6 | | 13.12.2023 | 04 | प्राथमिक विद्यालय गमहरिया वार्ड 04 |
| 7 | | 15.12.2023 | 07 एवं 09 | उर्दू प्राथमिक विद्यालय वार्ड 09 |

" आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू जिले में आयोजित शिविरों के जरिये लाभान्वितों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यकमों का लाभ दिया जाना है। अपने निकटतम शिविरों में आकर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं/कार्यकमों का लाभ प्राप्त करें।

उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.312067 Palamu(23-24):D

## एक नजर इधर भी

### भारत का संविधान व राजधर्म

***संविधान*** भारत का राजधर्म है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान पारित किया था। भारत के लिए यह तिथि चिर स्मरणीय है। संविधान जन गण मन का भाग्य विधाता है। संविधान में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार हैं। संविधान में भारतीय संस्कृति को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। संविधान की हस्तलिखित प्रति में राम, कृष्ण, हड़प्पा काल की मोहरों व वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम के चित्र हैं। श्रीराम का लंका विजय व श्रीकृष्ण अर्जुन के सुन्दर चित्र भी हैं। बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक, गुप्तकाल, शिवा जी, गुरु गोविन्द सिंह आदि सभी के चित्र आकर्षित करते हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि, 'संविधान उपबंध करे या न करे, राष्ट्र कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा जो देश पर शासन करेंगे।' डॉ. आम्बेडकर ने अंतिम भाषण दिया और कहा कि, 'एक समय था जब भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। भारत संसदीय प्रक्रिया से भी अपरिचित नहीं था।' संविधान सभा में राष्ट्रजीवन की सभी समस्याओं पर चर्चा हुई थी। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 संविधान का अस्थाई उपबंध बना। जम्मू कश्मीर विशेष उपबंध की व्यवस्था ठीक नहीं थी। इस व्यवस्था का खात्मा नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2019 में किया। भारतीय संविधान की रचना में देश के चोटी के विद्वानों ने हिस्सा लिया था। सभी विषयों पर जमकर चर्चा हुई थी। अल्पसंख्यक अधिकार समिति के सभापति सरदार पटेल ने अपनी सिफारिशें सभा में रखी थीं। यह हिस्सा ऐतिहासिक महत्व का है। यों तो संविधान सभा की पूरी बहस रोमांचकारी है। लेकिन बहस का एक मजेदार किस्सा संविधान में 'ईश्वर' को शामिल करने का है। राष्ट्रपति की शपथ के प्रारूप मसौदे में 'ईश्वर' का उल्लेख नहीं था। एचवी कामत ने ईश्वर को जोड़ने का संशोधन प्रस्ताव रखा, 'मेरे मन में भावना उठी कि इसमें कुछ कमी है। ईश्वर को विधान में स्थान मिलना चाहिए। मेरी धारणा थी कि प्रस्तावना का ही आरम्भ ईश्वर की स्तुति से होना चाहिए था। कदाचित यह ईश्वर की इच्छा थी कि विधान उसके नाम से वंचित होना चाहिए।' कामत ने कहा, 'हम भगवान को जितना दूर हटाते हैं, उतना ही वह हमारा पीछा करता है।' महावीर त्यागी ने ईश्वर के नाम पर या निश्चयपूर्वक सत्यनिष्ठा से शपथ लेने का संशोधन रखा। उन्होंने कहा 'इसका अर्थ यह होगा कि जो भगवान में विश्वास करते हैं वे उसके नाम में शपथ लेंगे और जो इस मत के हैं कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना जा सका है और न जाना जा सकता है उन नास्तिकों को केवल गम्भीरतापूर्वक निश्चयोक्ति करने की स्वतंत्रता होगी।' यह बहस भारत के इतिहास का अंग है। त्यागी ने कहा, 'ब्रिटिश संसद भी प्रार्थना से शुरू होती है। उनकी व्यवस्था साम्प्रदायिक राज्य नहीं है।' काजी करीमुद्दीन ने कहा, 'मैं बहुत प्रसन्न हूं कि उन्होंने ईश्वर के पक्ष में तर्क उपस्थित किये हैं कि ईश्वर को हमारे विधान से नहीं मिटाना चाहिए। मेरा निवेदन है कि यदि उनका संशोधन स्वीकार कर लिया जाये तो हम उन लोगों को अलग कर रहे होंगे जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं है। इस देश में और अन्यत्र ऐसे बहुत से लोग है जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं होता।' प्रो. केटी शाह ने कहा, 'ईश्वर का नाम रखने की प्रबल इच्छा के बावजूद मैं समझता हूं, हम अन्य लोगों की मूर्खताओं को दोहरा सकते हैं। मुझे भय है कि ईश्वर के नाम की केवल उपस्थिति मनुष्य की निर्बलता के विरुद्ध प्रतिभूति नहीं होगी।' धर्म और ईश्वर के नाम पर झगड़ों की चर्चा भी हुई। आरके सिंघवा ने कहा, मुझे ईश्वर के अस्तित्व तथा धर्म में भी दृढ़ विश्वास है। हम ईश्वर का आशीर्वाद मांगते हैं, केवल इसीलिये परमात्मा का नाम विधान में रखना उचित नहीं होगा।

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

# उन्होंने आंखों के लाखों रोगियों को दिया उजाला

***जब*** समाज में डॉक्टरों को लेकर तमाम तरह की नकारात्मक बातें होने लगी हैं, तब कुछ ऐसे भी डॉक्टर हैं जो अपने काम से सर्वप्रिय हो जाते हैं। उनका सब स्वतः ही सम्मान करने लगते हैं। शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ.एस.एस. बद्रीनाथ भी उस तरह के डॉक्टर थे। उनकी वजह से आंखों के लाखों रोगियों के जीवन में खुशियां आ गईं थीं। उनके हाल ही में हुए निधन से देश ने एक इस तरह के डॉक्टर को खो दिया जिसने अमीर-गरीब रोगियों के बीच में कभी भी भेदभाव नहीं किया। उनकी निगरानी में चेन्नई में शंकर नेत्रालय शुरू हुआ और वह भारत के सबसे बड़े धर्मार्थ नेत्र अस्पतालों में से एक के तौर पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ठीक ही कहा कि आंखों की देखभाल में डॉ. बद्रीनाथ के योगदान और समाज के प्रति उनकी अथक सेवा ने एक अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. बद्रीनाथ का काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। आजकल बहुत से डॉक्टरों के रोगियों के साथ सही से इलाज न करने के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं, तब डॉ. बद्रीनाथ जैसे डॉक्टर ही एक तरह से उम्मीद की किरण जगाते हैं। उनका हमारे बीच में होना सुकून देता था। वे नेत्र रोगियों के जीवन में आशा की किरण जगाते रहे। किसी भी रोगी के लिए अपने नेत्र चिकित्सक का चयन करना आसान नहीं होता। आखिरकार, रोगी अपनी बहुमूल्य दृष्टि की सुरक्षा के लिए और उसे आजीवन उत्तम स्थिति में बनाये रखने में किसी श्रेष्ठ डॉक्टर की तलाश में रहते हैं। उन्हें जब डॉ. ब्रदीनाथ जैसा सच्चा और ईमानदार डॉक्टर मिल जाता है तो उनकी परेशानी दूर हो जाती है। डॉ. बद्रीनाथ ने मद्रास मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन की पढ़ाई की थी। उन्होंने 1963 और 1968 के बीच ग्रासलैंड हॉस्पिटल, न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल स्कूल और ब्रुकलिन आई एंड ईयर इन्फर्मरी में नेत्र विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। अमेरिका में डॉ. बद्रीनाथ की मुलाकात डॉ. वासंती से हुई। एक साल बाद, उन्होंने 1970 तक डॉ. चार्ल्स एल शेपेंस के अधीन मैसाचुसेट्स आई एंड ईयर इन्फर्मरी, बोस्टन में काम करना शुरू किया और लगभग एक साथ रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स (कनाडा) के फेलो और नेत्र विज्ञान में अमेरिकन बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। वे 1970 में अपने परिवार के साथ भारत आ गये। उन्होंने छह साल की अवधि तक स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवाओं, अड्यार में एक सलाहकार के रूप में काम किया। इसके बाद उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू की। डॉ. बद्रीनाथ ने 1978 में मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की, जिसकी शंकर नेत्रालय अस्पताल इकाई, एक पंजीकृत सोसायटी और एक धर्मार्थ गैर-लाभकारी नेत्र रोग संगठन है। अगले 24 वर्ष में, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने भारत में अंधेपन से निपटने के लिए एक सेना बनाने के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञों और पैरामेडिकल कर्मियों को पढ़ाने और प्रशिक्षित करने के अलावा, किफायती लागत पर गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल की पेशकश की और अनुसंधान के माध्यम से नेत्र देखभाल समस्याओं के लिए स्थायी स्वदेशी समाधान की खोज जारी रखी। वर्षों तक अपने धर्मार्थ कार्यों के लिए, डॉ. बद्रीनाथ को भारत सरकार से पद्म श्री और पद्म भूषण का राष्ट्रीय सम्मान मिला। ड़ॉ. बद्रीनाथ को उनके रोगी और उनके संबंधी अपना भगवान मानते थे। आजकल डॉक्टरों के साथ मारपीट के मामले बढ़ते जा रहे हैं। रोगियों के करीबी बात-बात पर डॉक्टरों पर हाथ छोड़ने लगे हैं। पर डॉ. बद्रीनाथ का उनके रोगी और सहयोगी तहेदिल से सम्मान करते थे। बेशक, डॉक्टरों से हाथापाई करने वालों की हरकतों के कारण भ्रष्ट डाक्टरों के खिलाफ मुहिम कमजोर पड़ती है। रोगी और डॉक्टरों के संबंधों में मिठास घोलने की जरूरत है। इसकी पहल डॉक्टरों को ही करनी होगी। ग्राहक को भगवान का दर्जा दिया गया है। डॉक्टरों के लिए भी उनके मरीज ग्राहक रूपी भगवान हैं। मरीजों के लिए तो डॉक्टरों को पहले से ही भगवान का दर्जा प्राप्त है। लेकिन, उन्हें अपने व्यवहार में विनम्रता लाने की सख्त जरूरत है। वे भी रूखा व्यवहार और बदतमीजी नहीं कर सकते। उन्हें डॉ. बद्रीनाथ से प्रेरणा लेनी होगी। डॉ. बद्रीनाथ का जीवन किसी भी डॉक्टर के लिए एक उदाहरण बन सकता है। खैर, यह कहना तो सरासर गलत होगा कि सारे ही डॉक्टर खराब हो गये हैं या सभी पैसे के पीर ही हो गये हैं। अब भी बड़ी संख्या में डॉक्टर निष्ठा और लगन से अपने पेशे के साथ ईमानदारी पूर्वक न्याय कर रहे हैं। सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हां, पर कुछ धूर्त डाक्टरों ने अपने पेशे के साथ न्याय तो नहीं ही किया है। भारत में मेडिसन के पेशे से जुड़े सभी लोगों को यह तो मानना ही पड़ेगा कि उनकी तरफ से देश में कोई बड़े अनुसंधान तो हो नहीं रहे, जिससे कि रोगियों का स्थायी भला हो। पर उन पर फार्मा कंपनियों से माल बटरोने से लेकर पैसा कमाने के दूसरे हथकंडे अपनाने के तमाम आरोप लगते ही रहते हैं। क्या ये सारे आरोप मिथ्या हैं? क्या फार्मा कम्पनियों से पैसे लेकर उनकी ही ब्रांडेड दवाइयां लिखने वाले डॉक्टरों के प्रति मरीजों और उनके सगे-सम्बन्धियों में कभी ऐसे डॉक्टरों के प्रति कभी भी सम्मान का भाव जागेगा? इस तरह के तमाम गंभीर आरोप डॉ. बद्रीनाथ पर तो नहीं लगते थे। नेत्र चिकित्सक डॉ. बद्रीनाथ की बात करते हुए यह कहना जरूरी है कि हरेक इंसान को अपनी आंखों का बहुत ध्यान देना चाहिए। इंसान के सबसे जरूरी अंगों में से एक है आंख। लेकिन हम इंसान आंखों का ही ख्याल नहीं रखते हैं। आंखों से जुड़ी सभी तरह की बीमारियों से बचने का सबसे आसान उपाय यह है कि पहले इस रोका जाय। इसके लिए सबसे पहले आपको आंखों में होने वाले इंफेक्शन से बचना होगा। जब भी आंख में दिक्कत शुरू हो तो वक्त रहते इसका इलाज करवायें।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ठीक ही कहा कि आंखों की देखभाल में डॉ. बद्रीनाथ के योगदान और समाज के प्रति उनकी अथक सेवा ने एक अमिट छाप छोड़ी है। आजकल बहुत से डॉक्टरों के रोगियों के साथ सही से इलाज न करने के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं, तब डॉ. बद्रीनाथ जैसे डॉक्टर ही एक तरह से उम्मीद की किरण जगाते हैं।**

**इन दिनों**



आर.के.सिन्हा

# पूरी दुनियां में गूंजा, धन गुरु नानक सारा जग तारिया

## 27 नवंबर पर विशेष

***वैश्विक*** स्तरपर पूरी दुनियां में सतगुरु नानक प्रगटिया, मिट्टी धुंध जग चानण होआ, नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाने सरबत द भला के संदेश के साथ पूरे विश्व में स्थित सभी गुरुद्वारे सिख धर्म के पहले गुरु और संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 554 वे प्रकाशोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन मौके पर सिख, सिंधी समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी माथा टेकने गुरुद्वारा पहुंच रहे है हालांकि प्रकाश पर्व को लेकर अनेक दिनों से चल रहे प्रभातफेरी उपरांत जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर नगर कीर्तन की तरह प्रभातफेरी निकाली गई है। नगर कीर्तन में शामिल सिखऔर सिंधी समाज की महिलाओं और पुरुष ने गुरुवाणी का गायन करते हुए नगर भ्रमण किया जा रहा है। सिखों के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज, जिनका नाम लेने मात्र से मानो आत्मिक शांति का अहसास होने लगता है। श्री गुरु नानक देव जी सिखों के ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और उनके कर्म आज हर मनुष्य को प्रकाश के मार्ग पर ले जाते हैं। गुरु साहब ने अपना पूरा जीवन लोक भलाई के लिए समर्पित कर दिया। चूंकि दिनांक 27 नवंबर 2023 को हम वैश्विक स्तर पर बाबा गुरु नानक देवजी का प्रकाशोत्सव मना रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरी दुनिया में गूंजा धन गुरु नानक सारा जग तारिया - पावन बेला से जग पवित्र हुआ। साथियों बात कर हम बाबा गुरु नानक देव के पावन जन्म की करें तो, बाबाजी का जन्म एक खत्रीकुल में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नामक गाँव (अभी पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त में जिसका नाम आगे चलकर ननकाना पड़ गया) में कार्तिकी पूर्णिमा को हुआ था। कुछ विद्वान इनकी जन्मतिथि 15 अप्रैल, 1469 मानते हैं, किंतु प्रचलित तिथि कार्तिक पूर्णिमा ही है, जो अक्टूबर-नवंबर में दीवाली के 15 दिन बाद पड़ती है। उनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम तृप्ता देवी था, जबकि बहन बेबे नानकी थीं। गुरु साहिब बचपन से ही प्रखर बुद्धि के स्वामी थे। लड़कपन से वे सांसारिक मोहमाया के प्रति काफी उदासीन रहा करते थे। पढ़ने-लिखने में बिल्कुल भी रुचि नहीं थी, लेकिन उनका सारा समय आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग में व्यतीत होता था। उनके बाल्यकाल में कई ऐसी चमत्कारी घटनाएं हुई, जिसके बाद लोग उन्हे दिव्य शख्सियत मानने लगे। साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के बाल्यापन से युवापन की करें तो, बाबाजी का मन पढ़ने में नही लगता था, हालाँकि वे तेज बुद्धि के थे। उन्होंने 7-8 साल की उम्र में ही स्कूल छोड़ दिया था। उनका ध्यान शुरूआत से ही आध्यात्म की तरफ था, तत्पश्चात सारा समय वे आध्यात्मिक चिंतन औरसत्संग में व्यतीत करने लगे। आगे चलकर इनका विवाह सोलह वर्ष की आयु में गुरदासपुर जिले में लाखौकी नामक स्थान की कन्या सुलक्खनी से हुआ था। 32 वर्ष की अवस्था में इनके प्रथम पुत्र श्रीचंद का जन्म हुआ था और चार वर्ष पश्चात दूसरे पुत्र लखमीदास का जन्म हुआ था। नानक का मन गृहस्थी में नही लगा इसलिए उन्होंने 1507 में अपने दोनों पुत्रों और पत्नी को अपने श्वसुर के घर छोड़ दिया और अपने चार साथियों रामदास, मरदाना, लहना, बाला के साथ तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के दर्शन आधारशिला की करें तो, नानक देव जी के दर्शन की आधारशिला यह है कि वे सर्वेश्वरवादी थे। जिसका मतलब होता है कि ईश्वर सब जगह है अर्थात संसार के सभी तत्त्वों, पदार्थों और प्राणियों में ईश्वर विद्यमान है एवं ईश्वर ही सब कुछ है। नानक जी मूर्ती पूजा के विरोधी थे इसके अलावा उन्होंने हिंदू धर्म में फैली कुरीतिओं का सदैव विरोध किया था। उन्होंने एक परमात्मा की उपासना के मार्ग को बताया था, यही कारण है कि उनके विचारों को हिंदु और मुसलमान दोनों धर्मों के लोगों ने पसंद किया जाता है। संत साहित्य में नानक उन संतों की श्रेणी में हैं। हिंदी साहित्य में गुरुनानक भक्तिकाल के अतंर्गत आते हैं और वे भक्तिकाल में निर्गुण धारा की ज्ञानाश्रयी शाखा से संबंध रखते हैं। साथियों बात अगर हम सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध की करें तो, सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पोलावा। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गूंजायमान हो रहे हैं।

**सिखों के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज, जिनका नाम लेने मात्र से मानो आत्मिक शांति का अहसास होने लगता है। श्री गुरु नानक देव जी सिखों के ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और उनके कर्म आज हर मनुष्य को प्रकाश के मार्ग पर ले जाते हैं।**

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

## है न विचित्र बात !

### भव्य अयोध्या, दिव्य अयोध्या

***पांच*** सौ वर्ष के अथक संघर्ष के पश्चात अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है। अगले साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी। वह 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपनी जन्मभूमि पर पधारेंगे। प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जायेगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न, हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे, क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था। किन्तु सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया। और अब 22 जनवरी के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदल जायेगी। रामभक्तों की प्रतीक्षा पूर्ण हो जायेगी। श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने -ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब तीन हजार करोड़ रुपये लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि दिसंबर में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदेभारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच शुरू हो चुकी है। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है। अयोध्या रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाइवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में बड़ी संख्या में होटल बन रहे हैं। तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएंः तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को नई पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है।

■ **मृत्युंजय दीक्षित**


# मोदी के लिये 'पनौती' का इस्तेमाल राजनीतिक दरिद्रता

***कांग्रेस*** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी 'पनौती' (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए 'पनौती', जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मयार्दाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। 'जेबकतरे' शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है? राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान-विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने-माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में -औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है 'एक ढीला बुना हुआ कपड़ा' या 'मूर्ख'। बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। सोनिया ने कहा था, 'मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।' 'मौत का सौदागर' के बाद 'जहर की खेती' के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिली। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार-बार करती रही है और बार-बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मर्यादाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कोई पूर्व केबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को 'नीच' तक कह देता है तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर 'खून की दलाली' जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, औछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दर्शाती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं। राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आर्दशों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आर्दशों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमर्यादा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र-नारायणों में रहता है।' आज यदि उनके भक्तों- कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है।

**पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है।**

■ **ललित गग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# कल धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु नानक जयंती

गुरु नानक जयंती आमतौर पर नवंबर के महीने में आती है। इस वर्ष भी जयंती 27 नवंबर को मनाई जाएगी। उनकी विरासत आज भी दुनिया में चमक रही है। प्रेम, एकता और विनम्रता की उनकी शिक्षाएं युगों-युगों तक गूंजती रहेंगी। ये सभी के लिए सीख और प्रेरणा प्रदान करती हैं। गुरु नानक देव की जयंती पर मनाया जाने वाला गुरु पर्व सिक्खों और अन्य लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। यह श्रद्धा का दिन है, जो गुरु नानक की समानता, विनम्रता और ईश्वर के प्रति समर्पण की शिक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करता है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं अंतर धार्मिक समझ और सहिष्णुता को बढ़ावा देती हैं। गुरु पर्व विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए सिक्ख धर्म और उसके सिद्धांतों के बारे में जानने व धार्मिक सद्भाव में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। निस्वार्थ सेवा के कार्य, जिन्हें सेवा के रूप में जाना जाता है। गुरु पर्व समारोह का केंद्रीय हिस्सा है। सिक्ख समुदाय गुरु नानक की शिक्षाओं के सिद्धांतों को प्रदर्शित करने के लिए सेवा के विभिन्न कार्यों में संलग्न हैं। इस दिन निकलने वाले जुलूस के दौरान पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को पालकी में रखा जाता है और सभी लोग भजन गाते हुए और एक साथ प्रार्थना करते हुए उनके साथ चलते हैं। पारंपरिक वाद्ययंत्र पर नाचते-गाते साध-संगतों की टोली अनोखा दृश्य उत्पन्न करता है। इस दौरान युवाओं द्वारा विशेष मार्शल आर्टस का प्रदर्शन किया जाता है। गुरु नानक जयंती की सुबह लोग जल्दी उठते हैं। स्नान-ध्यान से निवृत होकर गुरुद्वारों की ओर जाते हैं और दिन की शुरूआत आसा-दी-वार गाकर करते हैं। तत्पश्चात एक-दूसरे से गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं साझा करते हैं।

# गुरु नानक जयंती सिक्खों के लिए सबसे बड़ा पर्व



गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था। हर साल कार्तिक पूर्णिमा तिथि को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। गुरु नानक जयंती दिवाली के 15 दिन बाद मनाई जाती है। गुरु नानक जयंती सिक्खों के लिए सबसे बड़ा पर्व है। सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ज्ञान, एकता और आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक हैं। उनकी शिक्षाएं समानता, करुणा और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों पर जोर देते हुए लाखों लोगों को प्रेरित और उनका मार्गदर्शन करती हैं। गुरु नानक का जीवन और दर्शन न केवल सिक्खों को बल्कि सभी पृष्ठभूमि के लोगों को मूल्यवान सबक प्रदान करता है, जो सद्भाव, अंतर-धार्मिक समझ और एक न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया की खोज को बढ़ावा देता है। उनकी विरासत को गुरु पर्व और उनकी शिक्षाओं के अनुसार जीने, विविध और परस्पर जुड़े हुए विश्व में एकता की भावना को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयासों के माध्यम से मनाया जाता है। यह त्योहार एकता, सामुदायिक बंधन और अंतर-धार्मिक समझ को बढ़ावा देता है। निःस्वार्थ सेवा या सेवा के कार्य इस समारोह का असल उद्देश्य है, जो गुरु नानक की शिक्षाओं की भावना और एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया की उनकी दृष्टि का प्रतीक है। यह उनके जीवन और शिक्षाओं के प्रति गहरी श्रद्धा और श्रद्धांजलि का दिन है। गुरु ग्रंथ साहिब में समाहित गुरु नानक देव की शिक्षाएं गहन आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती हैं। गुरुपर्व सिक्खों के लिए इन शिक्षाओं पर विचार करने और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का समय है। यह त्योहार सिक्खों और अन्य लोगों को एक साथ लाता है। सामुदायिक एकता की भावना को बढ़ावा देता है। गुरु नानक जयंती को लेकर सिक्ख धर्म के धार्मिक स्थलों में कई दिन पहले से ही तैयारियां आरंभ हो जाती हैं। इस दिन यहां सुबह की शुरूआत अमृत बेला के उत्सव से होती है। भजन होते हैं, कीर्तन और कथा का पाठ किया जाता है। उसके बाद प्रार्थना सभा और फिर लंगर का आयोजन होता है। लंगर के बाद भी कथा और कीर्तन पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन लोग अपने घरों में और गुरुद्वारों में दीपक जलाते हैं और मिठाइयों का भोग लगाते हैं। रात में गुरुद्वारा में रोशनी की जाती है और प्रकाश उत्सव मनाते हैं।

❖ गुड्डू कुमार



# दूरदर्शी दार्शनिक और धार्मिक सुधारक थे गुरु नानक देव

गुरु नानक जयंती कोई पुराना उत्सव नहीं है। यह सिक्ख धर्म के सबसे बड़े और सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है और लोग पूरे साल इसका इंतजार करते हैं। पवित्र गुरुग्रंथ साहिब में पाई गई गुरु नानक देव जी की अमूल्य शिक्षाओं का सम्मान करते हुए गुरु नानक जयंती भारत के सबसे प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है। यह दिन सिक्ख समुदाय के लिए गहरा महत्व रखता है। जिससे असीम खुशी और उत्साह फैलता है जिसकी गूंज दुनिया भर में होती है। गुरु नानक देव का ज्ञान और शिक्षाएं जीवन में एक पूर्ण और धार्मिक मार्ग प्रशस्त करतीं हैं। यह सभी के लिए आनंदमय और सौहार्दपूर्ण गुरु पर्व है। गुरु नानक देव, जिन्हें अक्सर गुरु नानक भी कहा जाता है। सिक्ख धर्म के संस्थापक और आध्यात्मिक लीडर थे। एक दूरदर्शी दार्शनिक और धार्मिक सुधारक थे। जिनकी शिक्षाओं और सिद्धांतों ने सिक्ख धर्म की नींव रखी। एक एकेश्वरवादी धर्म जो ईश्वर की एकता, सभी लोगों के बीच समानता और मानवता के लिए निःस्वार्थ सेवा पर जोर देता है। गुरु नानक देव का जीवन आध्यात्मिकता की गहरी भावना और ईश्वर की प्रकृति और मानव अस्तित्व को समझने की खोज से चिह्नित था। वह अपने आध्यात्मिक ज्ञान के लिए जाने जाते हैं। जिसके बारे में कहा जाता है कि यह ज्ञान उन्हें बेन नदी के किनारे ध्यान की अवधि के दौरान मिला था। सिक्ख परंपरा के अनुसार वह तीन दिनों के लिए पानी के भीतर गायब हो गए और एक दिव्य संदेश के साथ उभरे। जिसमें ईश्वर की एकता और निस्वार्थ सेवा और समानता के लिए समर्पित जीवन जीने के महत्व पर जोर दिया गया।

❖ बजरंगी कुमार

# नानक देव ने किया था ईश्वर की एकता का प्रचार



गुरु नानक जयंती सिक्ख समुदाय का सबसे बड़ा व सबसे खास त्योहार है। गुरु नानक जयंती या गुरुपर्व त्योहार पूरे देश में सिक्ख धर्म को मानने वाले लोग बहुत खुशियों के साथ मनाते हैं। यह सिर्फ सिक्खों का नहीं अपितु हिंदुओं का प्रमुख पर्व है। वे गुरुद्वारों में जाकर सिक्खों की पवित्र पुस्तक गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करते हैं। हिंदु समाज के लोग भी अपने घरों को सजाते हैं। इस दिन अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अपार भीड़ एकत्रित होती है। गुरु नानक देव गहन आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व के व्यक्ति हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं ने भारतीय उपमहाद्वीप एवं उससे परे के धार्मिक और सामाजिक ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी है। जैसे ही हम उनके जीवन और विरासत का पता लगाने के लिए यात्रा पर निकलते हैं। हम एक ऐसे व्यक्ति की प्रेरक कहानी के बारे में जान पाते हैं। जिसकी आध्यात्मिक खोज के कारण एक समावेशी विश्वास का जन्म हुआ। वे सिक्ख धर्म के संस्थापक और भारतीय उपमहाद्वीप के आध्यात्मिक प्रकाशक थे। उन्होंने ईश्वर की एकता का प्रचार किया। इस बात पर जोर दिया कि केवल एक दिव्य इकाई है जो धार्मिक सीमाओं से परे है। गुरु नानक की शिक्षाएँ समानता, करुणा और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थीं। उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव और रीति-रिवाजों का पुरजोर विरोध किया और ईश्वर के साथ सच्चे और हार्दिक संबंध बनाने के बारे में लोगों को शिक्षाएं दी। बेन नदी के तट पर गुरु नानक के परिवर्तनकारी आध्यात्मिक अनुभव ने उनके मिशन की शुरूआत को चिह्नित किया। उन्होंने बड़े पैमाने पर यात्राएं कर अपने संदेशों को साझा किया। उनके मूल सिद्धांतों में नाम जपना जैसे कि भगवान के नाम पर ध्यान करना। किरत करनी यानि ईमानदारी से श्रम और वंड चकना मतलब जरूरतमंदों के साथ भोजन साझा करना शामिल थे। गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित उनकी शिक्षाएँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। गुरु नानक की विरासत ज्ञान, एकता और सामाजिक समानता के प्रतीक के रूप में कायम है।

❖ डौली

# गुरु नानक देव ने लोगों को प्रेम के साथ शांति व सद्भाव से रहना सिखाया



गुरु नानक जयंती को गुरु पर्व या नानक देव का प्रकाश पर्व भी कहते हैं। गुरु नानक जी ने अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज को कई महत्वपूर्ण आध्यात्मिक संदेश दिए थे, जो आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। यह पर्व हर साल कार्तिक महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस साल 27 नवंबर 2023 को गुरु नानक जयंती मनाया जाएगा। गुरु नानक देव ने लोगों को प्रेम के साथ शांति और सद्भाव से रहना सिखाया। उन्होंने भेदभाव मिटाने और लोगों को एकजुट करने का काम किया। लंगर की सामुदायिक रसोई के माध्यम से लोग शांति से भोजन करने के लिए वर्ग व धर्म की परवाह किए बिना एक साथ आए। गुरुपर्व नानक देव की जयंती का प्रतीक है। जिन्होंने मानवता के लिए काम किया है। इसलिए गुरुपर्व का उत्सव उस व्यक्ति के लिए किसी श्रद्धांजलि से कम नहीं है। जिसने अपना पूरा जीवन लोगों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। इसके अलावे उन्होंने हमें दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए शिक्षण का एक मूल्यवान सेट भी प्रदान किया। सिक्ख प्रतिवर्ष कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन गुरुपर्व मनाते हैं। लोग तीन दिनों तक उत्सव का आनंद लेते हैं। त्योहार की तैयारी घरों की साफ-सफाई और मालाओं, रोशनी आदि से सजाने से शुरू होती है। इस दिन गुरुद्वारों को भी खूबसूरती से सजाते हैं। साथ ही 48 घंटे तक गुरुग्रंथ साहिब का पाठ भी किया जाता है। भक्त सुबह के समय आस-पड़ोस में प्रभात फेरी यानी छोटी-छोटी शोभा यात्राएं भी निकालते हैं। गुरुद्वारों में प्रार्थना करने के साथ दस गुरुओं की स्तुति करने के लिए भजन गाये जाते हैं। गुरु नानक जयंती सिख धर्म को मानने वालों के लिए बहुत बड़ा दिन है। गुरु नानक देव का आभार व्यक्त करने के लिए यह दिन खास है। मानवता के प्रति उनके महान योगदान के लिए लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं। भारत के विभिन्न राज्यों में उनके जन्मदिन पर सार्वजनिक अवकाश रहता है। इस दिन लोग गुरु नानक की शिक्षाओं को याद करते हैं। लंगर रसोई की व्यवस्था करके गुरु नानक का लक्ष्य उस समय हमारे समाज में व्याप्त असमानता और मतभेदों को मिटाना था। इसके अलावा रसोई जाति, पंथ, धर्म, लिंग, वर्ग आदि से परे मनुष्यों के बीच भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देने का एक शानदार तरीका है।

❖ वेद प्रकाश

# ब्रह्मांड का निर्माता केवल एक हैं भगवान

> गुरु नानक जयंती का उत्सव सूरज ढलने पर भी नहीं रुकता। गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा, प्रार्थना और भजन-कीर्तन जारी रहता है।

गुरु नानक जयंती सिक्खों का पवित्र त्योहार है। इस त्यौहार की शुरूआत पन्द्रह दिन पहले हो जाती है। गुरु नानक देव जी सिक्खों के पहले गुरु थे। यह जयंती इतनी खास है कि इस दिन पंजाब, हरियाणा व भारत के कई अन्य राज्यों में सार्वजनिक अवकाश होता है। गुरु नानक जयंती का उत्सव सूरज ढलने पर भी नहीं रुकता। गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा, प्रार्थना और भजन-कीर्तन जारी रहता है। गुरु नानक देव जी की जन्मतिथि 15 अप्रैल 1469 है और माना जाता है कि उनका जन्म रात में 1:20 बजे हुई थी। इसलिए यह देर रात का उत्सव होता है। इस दिन पुजारी पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब से गुरुवाणी का पाठ करते हैं। इस दिन आयोजित किया जाने वाला लंगर एक भव्य भोजन भोज की तरह है। यह सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला है। सभी का स्वागत है। इसमें सभी को स्वादिष्ट व्यंजन और अन्य चीजें परोसी जाती हैं। लंगर की अवधारणा सर्वग्राही है। क्योंकि यह जाति, वर्ग, धर्म या लिंग जैसी चीजों की परवाह किए बिना किसी भी जरूरतमंद को भोजन उपलब्ध कराता है। इसके पीछे एक दिल छू लेने वाली कहानी है। जब गुरु नानक देव जी सिर्फ 12 साल के थे तो उनके पिता ने उन्हें अच्छा सौदा करने के लिए पैसे दिए। लेकिन इसके बजाय उन्होंने इसका इस्तेमाल भूखे संतों के एक समूह को खिलाने के लिए किया। इस तरह लंगर की परंपरा शुरू हुई और यह मानव जाति की सेवा करने की उनकी विरासत को आगे बढ़ाने में सहायक हो रहा है। गुरु नानक देव युगपुरुष व असाधारण आध्यात्मिक विचारक थे। एक छोटे बच्चे के रूप में भी उन्हें आध्यात्मिकता, धर्म और भगवान जैसी सभी दिव्य चीजों में अत्यधिक रुचि थी। उन्होंने लोगों के साथ प्रेम, भाईचारे और ज्ञान का संदेश साझा करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों और यहां तक कि विदेशों की भी यात्रा की। नानक देव का प्रार्थनाओं के माध्यम से ईश्वर के साथ अविश्वसनीय संबंध था और उनकी शिक्षाएँ आज भी लाखों सिक्ख भक्तों को प्रेरित करती हैं। वह सिक्ख धर्म के महानायक की तरह हैं क्योंकि उन्होंने ही 15वीं सदी में इसकी शुरूआत की थी। आप उनकी शिक्षाओं को सिक्ख धर्म के हृदय और आत्मा मान सकते हैं। उनकी शिक्षाएं गुरु ग्रंथ साहिब नामक पवित्र पुस्तक में संकलित हैं। गुरु ग्रंथ साहिब का मुख्य संदेश इक ओंकार के बारे में है, जिसका अर्थ है कि केवल एक ही ईश्वर है जो हर एक रचना में मौजूद है और शाश्वत सत्य की कुंजी रखता है। संपूर्ण सिक्ख धर्म इसी विचार के इर्द-गिर्द बना है और यह एक अनुस्मारक की तरह है कि ब्रह्मांड का निर्माता केवल एक है भगवान।

❖ कुमारी रिया

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

# देश विदेशों में भी पूजे जाते हैं गुरु नानक देव



गुरु नानक जयंती सिक्खों का पवित्र त्योहार है। यह गुरु नानक देव के जन्म पर मनाया जाता है। गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर लोग गुरुद्वारों में जाते हैं और प्रार्थना करते हैं। साथ ही सिक्ख समुदाय के लोग प्रभात फेरी निकालकर गुरु नानक देव के उपदेशों का प्रसार करते हैं। इस त्यौहार की शुरूआत पन्द्रह दिन पहले हो जाती है। यह प्रत्येक सिक्ख जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन है। लोग गुरुद्वारों में प्रसाद तैयार करते हैं या जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाते हैं। गुरु नानक जयंती पर वे अपने घरों को दीयों और मोमबत्तियों से भी सजाते हैं। पुरुषों के समूह विशेष रूप से सिक्ख समुदाय से संबंध रखने वाले लोग गतका प्रदर्शन के माध्यम से मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते हैं। इसमें पारंपरिक हथियारों के चालन का प्रदर्शन किया जाता है। सिक्खों के मुताबिक गुरु एक आध्यात्मिक आत्मा है। गुरु नानक देव को भारत और विदेशों में पूजा जाता है। वे अपने दिव्य संदेश को साझा करने के लिए लंबी दूरी तय करते हुए लंबी-लंबी यात्राएं की हैं। उन्होंने जाति आधारित भेदभाव और रीति-रिवाजों को खारिज कर समानता, सामाजिक न्याय और परमात्मा के साथ हार्दिक संबंध के महत्व की वकालत की। गुरु ग्रंथ साहिब में कैद उनकी शिक्षाएं ज्ञान का एक कालातीत स्रोत बनी हुई हैं, जो लाखों सिक्खों का मार्गदर्शन करती हैं। अनगिनत लोगों को करुणा, सेवा और आध्यात्मिक भक्ति का जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। छोटी उम्र से ही गुरु नानक ने आध्यात्मिकता की गहरी भावना और परमात्मा को समझने की खोज पर जोर दिया। उनकी शिक्षाएं एकेश्वरवाद की अवधारणा में निहित हैं, जो ईश्वर की एकता और संपूर्ण मानवता की एकता पर जोर देती हैं। उन्होंने धार्मिक हठधर्मिता और रीति-रिवाजों को खोखला मानते थे। इसके बजाय उन्होंने ध्यान और भक्ति के माध्यम से परमात्मा के साथ वास्तविक संबंध के महत्व पर जोर दिया। गुरु नानक की मौलिक शिक्षाओं में से एक इक ओंकार की अवधारणा थी, जो एक ईश्वर में विश्वास को दर्शाती है जो निराकार और सर्वव्यापी है। उन्होंने जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना सभी लोगों के बीच समानता की वकालत की और प्रचलित जाति-आधारित भेदभाव और सामाजिक पदानुक्रम का जोरदार विरोध किया। उनकी शिक्षाओं को बाद में सिक्ख धर्म के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित किया गया। गुरु नानक की विरासत आध्यात्मिक ज्ञान, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव चाहने वालों के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कायम है।

❖ उर्मिला

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में 4 दोषियों को उम्रकैद




**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए दोषियों की सजा का एलान हो चुका है। चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा जुर्माना भी लगाया गया है। शुक्रवार को दोषियों की सजा पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 25 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया था। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह काम से घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया कि मकसद डकैती था।

### नोएडा में चलती कार में आग लगी, दो लोग जिंदा जले

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 इलाके में शनिवार सुबह एक कार में आग लग गई। इस दौरान कार सवार दो लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने शवों को कार से बाहर निकाल लिया है। यह हादसा आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 में सुबह करीब छह बजे हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने आग को बुझाया। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच की गई। मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का जयपुर में निधन



**जयपुर।** दादू पीठ संप्रदाय की सबसे बड़ी पीठ नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का शनिवार को निधन हो गया। दोपहर 1:30 बजे उन्होंने जयपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। तबीयत खराब होने के बाद महंत गोपाल दास को पिछले दिनों जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दोपहर 01.30 बजे अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा जयंतराम जी महाराज की बारहदरी के लिए रविवार सुबह 10 बजे से निकलेगी।

# कांग्रेस-बीआरएस ने राज्य के लोगों से किया विश्वासघात : पीएम मोदी

**एजेंसी। हैदराबाद**

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर तेलंगाना के लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने वादा किया कि विधानसभा के चुनाव में जीत के बाद भाजपा पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाएगी। नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी जनसभा में भाजपा को वादा पूरा करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड का गठन और जनजातीय विश्वविद्यालय का वादा हमने पूरा किया है। राज्य के दलितों के एक वर्ग माडिगा को सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। इस संबंध में उन्होंने कल अधिकारियों से बातचीत भी की है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। वहां भी केंद्र सरकार पुरजोर तरीके से इस वर्ग के हित की बात करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की



केसीआर सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को एटीएम के तौर पर इस्तेमाल किया है। हर सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार हो रहा है। परियोजना की लागत लगातार बढ़ रही है और काम पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार ने युवाओं की उपेक्षा की और उनके शिक्षा और रोजगार के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस और बीआरएस को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस पहले टीआरएस थी और कांग्रेस के गठबंधन का नाम पहले यूपीए था। अब इन्होंने अपने नाम बदल लिए हैं लेकिन नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी के तहत 20 लाख टन की अतिरिक्त खरीद करेगी। साथ ही गरीबों को अगले 5 वर्षों तक मुक्त राशन मिलता रहेगा। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना और तेलुगु लोगों ने मुश्किल वक्त में जिस तरह से भाजपा का साथ दिया है वह आगे भी साथ देते रहेंगे।

## तेलंगाना के विकास के लिए भाजपा का जीतना जरूरी : शाह




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि तेलंगाना के विकास से लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार समय की मांग है। शाह ने शनिवार को हैदराबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में केसीआर की सरकार ने भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति की है। कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तीनों पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। राज्य का विकास इनकी प्राथमिकता नहीं है। शाह ने कहा कि वह तेलंगाना की जनता से कहना चाहते हैं कि आपने कांग्रेस को मौका दिया वो बीआरएस में शामिल हो गए, बीआरएस को मौका दिया तो उन्होंने भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण के अलावा कोई काम नहीं किया। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाइये, हम तेलंगाना निर्माण के लिए जिन युवाओं ने बलिदान दिया, उनके स्वप्नों को पूरा करने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि किसी भी सरकार की विश्वसनीयता इससे पता चलती है कि उसने जो वादे किये थे वो पूरे हुए या नहीं। लेकिन केसीआर की सरकार ने तेलंगाना की जनता से किए वादे पूरे न करके केवल घोटाले करने का काम किया है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में 01 लाख नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन 08 से ज्यादा पेपर लीक हुए, भर्तियां तो हुई ही नहीं। केसीआर ने वादा किया था कि वह 40 लाख बच्चों को मुफ्त शिक्षा देंगे, वो भी नहीं हुआ। 07 लाख गरीबों को घर देने का वादा भी नहीं पूरा कर पाए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटें हैं। यहां एक ही फेज में 30 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

### राजस्थान में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

## 68.24 प्रतिशत पड़े वोट




**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। शाम छह बजे संपन्न हुए मतदान में सायं पांच बजे तक 68. 24 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे इसके बाद हुए नामांकन के आंकड़ें अभी आना शेष हैं। बता दें राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए मतदान आज सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक शुरू हुआ था। राजस्थान में विधानसभा की 199 सीट पर चुनाव के लिए मतदान शनिवार यानि शनिवार की सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक जारी रहा।

एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न एक बजे तक 40.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य की 199 विधानसभा सीट पर मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चलेगा। अधिकारी ने बताया कि एक बजे तक तिजारा सीट पर 52.36 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की 200 विधानसभा सीट में से 199 सीट पर मतदान हो रहा है। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया है।

### उत्तरकाशी टनल हादसा

## हैवी ऑगर मशीन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त



### मैनुअल ड्रिलिंग पर किया जा रहा विचार

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी टनल हादसे का शनिवार को 14वां दिन रहा। शुक्रवार को 47 मीटर की ड्रिलिंग होने के बाद जब आगे की ड्रिलिंग की जा रही थी तो दिक्कतें आने लगी थी। ड्रिलिंग करते समय मलबे में लोहे की रॉड आने से परेशानियां हो रही थी। जिसके बाद शुक्रवार की देर रात से ही ड्रिलिंग बंद है। वहीं, जिस अमेरिकी हैवी ऑगर मशीन से उम्मीदें थी, उसने भी अब दम तोड़ दिया है। करीब चार बार सुरंग का मलबा साफ करने के दौरान हैवी ऑगर मशीन से लोहे की रॉड और पाइप टकराई थी, जिसके कारण ऑगर मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इन सबको देखते हुए अब मैनुअल ड्रिलिंग पर विचार किया जा रहा है।

पहाड़ी के ऊपर से भी ड्रिलिंग के बारे में सोचा जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि अब ऑगर ड्रिलिंग मशीन की मदद नहीं मिल पाएगी। अब भी हमारे पास रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के कई रास्ते हैं। लेकिन, अब आप रेस्क्यू ऑपरेशन में ऑगर मशीन को नहीं देख पाएंगे। ऑगर मशीन खत्म हो गयी है।



### टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड का दावा- क्रिसमस तक बाहर निकाल लिए जाएंगे मजदूर

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू ऑपरेशन का आज 14 वां दिन है। उम्मीद जताई जा रही थी कि शनिवार को सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा, लेकिन फिर एक बार उम्मीद टूट गई। रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने दावा किया है, जिसने चिंता बढ़ा दी है। डिक्स ने कहा, भीतर मजदूर सुरक्षित हैं। हम क्रिसमस तक सभी 41 मजदूरों को बाहर निकाल लाएंगे। डिक्स के मुताबिक मजदूरों को निकालने में अब एक महीने का समय लगेगा।

### 'संविधान दिवस' के मौके पर आज संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** विधि एवं न्याय मंत्रालय भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से आज विज्ञान भवन में संविधान दिवस मनाएगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। वे पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विश्व और उसमें रहने वालों की भलाई के साथ संवैधानिक मूल्यों और वैश्विक आकांक्षाओं के बीच महत्वपूर्ण संबंध का पता लगाना भी है। 26 नवंबर, 1949 को भारत के लोगों ने संविधान को अपनाया था। इस वर्ष समारोह के अंग के रूप में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की परिवर्तनकारी संगोष्ठी आज अपराह्न 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 2047 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के कानूनों की सुधारात्मक जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुश्री इंदिरा बनर्जी और कानूनी मामलों के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### पीएम मोदी की सुरक्षा चूक मामला

## पंजाब पुलिस के एसपी निलंबित

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पिछले साल जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिरोजपुर जिले की यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदार मानते हुए पंजाब पुलिस के एसपी गुरबिंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया है। गुरबिंदर सिंह, जो इस समय बठिंडा में तैनात हैं, पर कर्तव्य में लापरवाही का आरोप लगाया गया है। सुरक्षा में चूक 5 जनवरी, 2022 को हुई थी, जब मोदी फिरोजपुर के हुसैनीवाला जा रहे थे और उनके काफिले को रुकना पड़ा और बाद में प्रदर्शनकारियों द्वारा उनका रास्ता रोके जाने के बाद काफिले ने यू-टर्न ले लिया। प्रधानमंत्री करीब 20 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसे रहे थे। इस घटना के समय पंजाब में कांग्रेस सत्ता में थी। मोदी की यात्रा के दौरान गुरबिंदर सिंह को फिरोजपुर में पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पद पर तैनात किया गया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पांच सदस्यीय समिति ने पहले राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को पर्याप्त कर्मियों की उपलब्धता के बावजूद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहने के लिए दोषी ठहराया था।

### नैनीताल में दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिरी, 5 की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में शनिवार को दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। इसमें सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसा नैनीताल के कोटाबाग क्षेत्र में हुआ। घटनास्थल के आसपास काफी मलबा पड़ा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार चालक ने संतुलन खो दिया। लोगों ने कार को खाई में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बाघनी गांव में पर्यटकों की कार खाई में गिरने से पांच की मौत हुई है।

### डीपफेक सरकार ने सोशल मीडिया को बदलाव करने के लिए 7 दिन का समय दिया


# एआई को काबू करने की मांग बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैम ऑल्टमैन को ओपनएआई से बर्खास्त किए जाने, सत्या नडेला द्वारा संचालित माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने और फिर ओपनएआई में वापसी - छह दिन के भीतर इतना सब होने के बाद सरकारें और नियामक सतर्क हो गए हैं और एआई उद्योग की सीमा तय करने का आह्वान अब पहले से कहीं अधिक मुखर है।

अपने निष्कासन से कुछ दिन पहले, ऑल्टमैन ने एक तकनीकी कार्यक्रम में कहा था कि वर्तमान एआई मॉडल के लिए बड़े नियामक परिवर्तनों की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जल्द ही इनकी आवश्यकता होगी।

सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में एक पैनल में उन्होंने कहा, हमें यहां या शायद अगली कुछ पीढ़ियों के लिए भारी



विनियमन की आवश्यकता नहीं है। लेकिन कुछ बिंदु पर, जब एक मॉडल पूरी कंपनी, या पूरे देश, या पूरी दुनिया के बराबर उत्पादन कर सकता है, तो शायद हम इसके आसपास कुछ सामूहिक पर्यवेक्षण चाहते हैं।

हालाँकि, ओपनएआई की विफलता ने एक बार फिर एआई को इस तरह से विनियमित करने की मांग शुरू कर दी है कि ऐसे प्रकरण दोहराए न जाएं।

फ्रांस, जर्मनी और इटली इस बात पर एक समझौते पर पहुँचे हैं कि एआई को कैसे विनियमित किया जाना चाहिए। हालाँकि, व्यवसायों और तकनीकी समूहों ने यूरोपीय संघ को आगामी एआई नियमों में फाउंडेशन मॉडल के अत्यधिक विनियमन के प्रति आगाह किया है। डिजिटलयूरोप, जिसके सदस्यों में एयरबस, एप्पल, एरिक्सन, गूगल, एलएसई और एसएपी शामिल हैं, ने एक पत्र में लिखा, यूरोप को एक वैश्विक डिजिटल पावरहाउस बनाने के लिए हमें ऐसी कंपनियों की आवश्यकता है जो फाउंडेशन मॉडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप (जीपीएआई) का उपयोग करके एआई नवाचार का नेतृत्व कर सकें। भारत में, डीपफेक पर चिंताओं ने सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को अपने संबंधित प्लेटफार्मों से परिवर्तित ऑडियो/वीडियो हटाने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी देने के लिए प्रेरित किया है।

सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को अपने प्लेटफार्मों पर डीपफेक के प्रसार को संबोधित करने के लिए भारतीय नियमों के अनुसार अपनी नीतियों में बदलाव करने के लिए सात दिन का समय सीमा दिया।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि डीपफेक पर मौजूदा आईटी नियमों, विशेष रूप से नियम 3(1)(बी) के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जो उपयोगकर्ता की शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर 12 प्रकार की सामग्री को हटाने का आदेश देता है। सरकार भविष्य में भी ऐसे उल्लंघनों पर आईटी नियमों के तहत 100 फीसदी कार्रवाई करेगी। मंत्री ने कहा, किसी उपयोगकर्ता या सरकारी प्राधिकरण से रिपोर्ट प्राप्त होने पर उन्हें 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाने का आदेश दिया गया है। इस आवश्यकता का पालन करने में विफलता से नियम 7 लागू होता है, जो पीड़ित व्यक्तियों को आईपीसी के प्रावधानों के तहत अदालत में जाने का अधिकार देती है।

चंद्रशेखर ने कहा, जो लोग खुद को डीपफेक से प्रभावित पाते हैं, मैं आपको अपने नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता हूं। उन्होंने कहा कि आईटी मंत्रालय पीड़ित उपयोगकर्ताओं को डीपफेक के संबंध में एफआईआर दर्ज करने में मदद करेगा।

## FILMY हलचल

### नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का हुआ प्रीमियर, दर्शकों ने सराहा

**ड्रीम वर्ल्ड** सिनेमा के बैनर तले बनी नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का प्रीमियर मिनी सुजाता में किया गया। फिल्म के निर्माता श्वेता साहू हैं जबकि इसका निर्देशन नारायण साहू ने किया है। इससे पहले नारायण साहू ने झारखंड में बनी फीचर फिल्म फेसबुक वाला प्यार का निर्देशन किया था जिसमें बॉलीवुड के कलाकारों ने काम किया था और फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। नारायण साहू ने बताया कि ये शॉट फिल्म पति पत्नी के रिश्ते पर आधारित है जहां छोटी-छोटी बात पर मनमुटाव धीरे धीरे कैसे रिश्तों में जहर घोलती है। साथ ही इसमें किसी तीसरे का आना रिश्तों को और खराब कर देता है चाहे वह पति के परिवार वाले हों या पत्नी के। आपसी तालमेल और संवाद से इन रिश्तों को कैसे बचाया जाए यही इस फिल्म का संदेश है। फिल्म को नागपुरी में बनाने का उद्देश्य ये है कि नागपुरी में इस तरह का कंटेंट अभी तक नहीं आया है और नागपुरी में अपार संभावनाएं हैं इसलिए इसे नागपुरी में बनाने का फैसला किया। फिल्म में नारायण साहू के साथ दिव्या गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं इसके अलावा दीपक चौधरी और शशिकला पौराणिक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। फिल्म के लेखक नारायण साहू और नवल किशोर साहू, कैमरा पंकज गोस्वामी, एडिटिंग चितरंजन गोस्वामी और संगीत सौरव गौरव का है। प्रीमियर के बाद दर्शकों ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि नागपुरी में इस तरहा की फिल्म पहली बार देखने को मिली है। इस फिल्म को निंगनी टीवी यूट्यूब चैनल में देख सकते हैं।

### अमिताभ बच्चन ने बेटी श्वेता को गिफ्ट किया करोड़ों का बंगला

**महानायक** अमिताभ बच्चन ने बेटी श्वेता नंदा को जुहू में एक आलीशान बंगला तोहफे में दिया है। इस बंगले की कीमत करोड़ों रुपये है। अमिताभ बच्चन के पास मुंबई में तीन आलीशान बंगले हैं, जिनमें से एक उन्होंने अपनी बेटी को दे दिया है। अमिताभ बच्चन और पत्नी जया बच्चन ने अपनी बेटी श्वेता नंदा को मुंबई के जुहू में एक बंगला "प्रतीक्षा" गिफ्ट किया है। विट्ठलनगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का यह बंगला 774 वर्ग मीटर और 890.47 वर्ग मीटर के दो प्लॉट में फैला हुआ है। कुल लागत करीब 50.63 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों भूखंडों के दस्तावेजों पर 8 नवंबर को हस्ताक्षर किए गए थे और पंजीकरण के लिए 50.65 लाख रुपये का स्टांप शुल्क का भुगतान किया गया है। जुहू स्थित यह बंगला अब श्वेता बच्चन के नाम पर है। श्वेता बच्चन नंदा एक कुशल लेखिका और उद्यमी हैं।

### अपने एक्टिंग करियर में कुछ हटकर किरदार निभाना चाहती हूं : एक्ट्रेस नेहा पेंडसे

**एक्ट्रेस** नेहा पेंडसे, जो 'मे आई कम इन मैडम', 'देवदास', 'तुम से अच्छा कौन है' सहित अन्य प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, अपने एक्टिंग करियर में कॉमेडी से हटकर कुछ अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, ₹मैं लोगों को हंसाने में भाग्यशाली रही हूं, मुझे लगता है कि मेरी एक चीज जिसे अभी तक खोजी नहीं जा सकी है, वह है एक अभिनेता के रूप में कॉमेडी के अलावा भावनाएं व्यक्त करने की मेरी क्षमता।" "मैं गहरी और सूक्ष्म भावनाओं को चित्रित करने के क्षेत्र में उतरने के लिए उत्सुक हूं। एक अभिनेत्री के रूप में मेरे पास बहुत कुछ है और मेरा मानना है कि प्रदर्शन की कई परतें हैं जिन्हें मैं दर्शकों के सामने ला सकती हूं।" सिटकॉम 'मे आई कम इन मैडम' में मैडम संजना के रूप में उनकी भूमिका के लिए पसंद किया जाता है, और संदीप आनंद और सपना सिकरवार के साथ उनकी केमिस्ट्री ने दर्शकों को शो से बांधे रखा है। 'मे आई कम इन मैडम' स्टार भारत पर प्रसारित होता है।



## एक नजर

### सामूहिक आदर्श विवाह सह वात्सल्य उत्सव की तैयारियां पूरी

**रांची।** 26 नवंबर रविवार को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रांची गौशाला न्यास सुकुरहुटू कांके मे विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग झारखंड के तत्वाधान में एवं रांची आवरण संस्थान के मी टू वी के सहयोग से 121 निर्धन कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह एवं वात्सल्य उत्सव समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। विहिप झारखंड सेवा विभाग के सह प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष आदर्श विवाह समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से 121 कन्याओं का विवाह होगा। आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मेदमल जैन,मी टू वी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, पूरे कार्यक्रम का बागडोर संभाले है।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया, दिये निर्देश

**रांची ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मोहराबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया. इस दौरान रैंक उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे. निरीक्षण के दौरान डीसी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ में हमला करने वालों पर डीजीपी से कड़ी कार्रवाई की मांग : बसंत मित्तल

## अपराधियों ने खुलेआम कहा था कि सेठ मारवाड़ी यहां से भाग जाओ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने डीजीपी से मिलकर रामगढ़ में हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में रामगढ़ के भुक्तभोगियों के अलावा रांची से अरुण बुधिया तथा प्रेम मित्तल शामिल थे। बसंत मित्तल ने डीजीपी को 18 नवंबर को रामगढ़ के राजस्थान कलेवालय में हुई आपराधिक घटना की पूरी जानकारी दी। रामगढ़ से आए भुक्तभोगी श्याम सुंदर शर्मा, कमल शर्मा, गोपाल शर्मा ने विस्तार से घटना की जानकारी दी। इस दौरान अपराधियों ने खुलेआम कहा कि



सेठ मारवाड़ी यहां से भाग जाओ । परिजनों के साथ छिनतई और मारपीट की गई। अपराधियों द्वारा उनसे रंगदारी की मांग किया जाना भी चिंता का विषय है। अब भी अपराधियों द्वारा उनको धमकियां दी जा रही हैं जिसके कारण पुनः किसी अप्रिय घटना की आशंका है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व में ही धनबाद में भी ऐसी ही निंदनीय घटना मारवाड़ी समाज के सदस्य के साथ हुई थी। पुनः रामगढ़ में ऐसी आपराधिक घटना और मारवाड़ी समाज को जातिसूचक गाली दिया जाना अत्यंत शर्मनाक एवं चिंताजनक है। झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलनअपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर दंडित करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अरुण बुधिया और प्रेम मित्तल ने कहा कि डीजीपी महोदय ने उनकी बातें काफी गंभीरता से सुनीं और ठोस कार्रवाई का भरोसा दिया।

# सैनिक बाजार की दुकानों का किराया 600-800 फीसदी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भूतपूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय ने सैनिक बाजार की दुकानों का किराया 600 से 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है. दुकानों के लीज रिन्युअल की बारी आयी, तो किराया बढ़ाने की जानकारी दी गयी है. अचानक किराये में बड़े पैमाने पर हुई बढ़ोतरी से सैनिक बाजार के दुकानदार गुस्से में हैं. उनका कहना है कि सरकार के स्तर पर जितने भी मार्केट बनाये गये हैं, कहीं इतने बड़े स्तर पर किराया नहीं बढ़ा है. लेकिन सैनिक कल्याण निदेशालय नें बड़े पैमाने पर किराया बढ़ा कर दुकानदारों पर बोझ डाल दिया है. व्यवसायियों ने किराया बढ़ाने का विरोध करते हुए राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित तमाम उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है. सैनिक बाजार दुकानदार संघ के महासचिव धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निदेशालय की मनमानी किसी भी कीमत पर नहीं चलने दी जायेगी. किराये की बढ़ोतरी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जायेगी. व्यवसायी किसी भी कीमत पर बढ़ा हुआ किराया नहीं देंगे.आगे की दुकानों का किराया 800 % बढ़ा दुकानदारों का कहना है कि निदेशालय ने सैनिक बाजार में आगे की ओर जो दुकानें हैं, उसका किराया 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जबकि बीच की दुकानों का किराया 700 प्रतिशत और पीछे व दाएं-बाएं ओर की दुकानों की किराया 600 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया.

## वायु प्रदूषण पदयात्रा का आयोजन

**रांची।** ह्यूमन राइट्स सेफ्टी आर्गेनिशन एवम स्वीच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वायु प्रदूषण पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कोकर यूनियन रांची एवम राजकीयकृत मध्य विद्यालय खोरहा टोली,कोकर के 300 छात्र छात्राओं ने मास्क पहन कर पदयात्रा को सफल बनाया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं को संस्था के द्वारा मास्क एवम एनर्जी ड्रिंक भी दिया गया। वायु प्रदुषण से संबंधित स्लोगन भी बोले गए।

## पृष्ठ एक के शेष

**देश के कई राज्य अपना रहे...**

कहा कि वे इन योजनाओं से जुड़े और सशक्त तथा स्वावलंबी बनने की राह पर आगे बढ़ें।

**सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है। हमारी सरकार बनने के बाद अधिकारियों की सोच में बदलाव आया है। वे गांव-गांव पहुंच रहे हैं और आपके बीच रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उसका समाधान भी कर रहे हैं।

**गरीबों तक योजनाओं को पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गांव- पंचायत में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर पहुंच रहे हैं और आपको उससे जोड़ने का काम कर रहे हैं । यहां लगने वाले शिविरों में अधिकारियों का दल आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मौजूद हैं। आप इन शिविरों में आएं और योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

**गरीबों के सुख-दुख में हमेशा साथ है सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों की सरकार है। यह सरकार गरीबों के हर सुख -दुःख में उनके साथ खड़ी है और पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी सेवा कर रही है। राज्य सरकार अपने बलबूते 8 लाख परिवारों को देगी आवास, 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्डधारी को दे रही अनाज मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब अपने बलबूते अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख परिवारों को आवास देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकुड़ जिले में कालाजार की बीमारी आम है। यह गरीबों की बीमारी है क्योंकि कच्चे और टूटे-फूटे मकान में रहने वालों को यह होती है ऐसे में अबुआ आवास योजना के तहत इन घरों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है । इसके अलावा भी अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिसका वित्तीय भार राज्य सरकार अपने दम पर वहन कर रही है। ये योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित हों, इसके लिए वित्तीय व्यवस्था मजबूत कर रहे हैं।

**अब पेंशन के लिए इंतजार नहीं करना होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था । जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है। आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

**शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने पर सरकार का विशेष फोकस है। निजी विद्यालयों के तर्ज पर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। आदर्श विद्यालयों के गठन के साथ सरकारी विद्यालयों को पठन- पाठन से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्सेज करने के लिए आर्थिक सहायता सरकार दे रही है। वहीं, दूसरी तरफ पढ़े-लिखे और कम पढ़े लिखे एवं स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों के रोजगार के लिए भी सरकार की कार्य योजना है। आज बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी दी जा रही है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपना रोजगार कर सकें।

**97 योजनाओं की रखी गई नींव , 21 योजनाओं का हुआ उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 66 करोड़ 76 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित 21 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 97 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर 87 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए खर्च होंगें। इस तरह 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का तोहफा पाकुड़ वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 9942 लाभुकों के बीच 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपए की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद श्री विजय हांसदा, विधायक श्री स्टीफन मरांडी और श्री दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती जूली खिस्टमनी हेम्ब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे , संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुदर्शन प्रसाद मंडल और पाकुड़ जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**भ्रष्टाचारी को गवर्नर बना कर...**

सरकार डरने वाली नहीं है बल्कि लड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष की गठरी बना कर गुजरात भेज देंगे। इसमें 2-4 आदिवासी नेता भी शामिल हैं।

**अहम विधेयक पर कुंडली मारके बैठे हैं राज्यपाल :** सीएम यहीं नहीं रुके। उन्होंने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पर भी जम कर हमला किया। कहा कि हमने आदिवासियों की पहचान के लिए सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित कराया, लेकिन उसे केंद्र की मंजूरी नहीं मिली। ओबीसी आरक्षण बिल पर राज्यपाल कुंडली मार कर बैठे हैं। सीएम ने राज्यपाल पर राजनीतिक व्यक्ति की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बाकी गैर बीजेपी शासित राज्यों में भी राज्यपालों का यही हाल है। विधानसभा से पारित बिल को कानून नहीं बनने देते। सरकारों को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पर जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने इशारों ही इशारों में मरांडी पर कड़ा प्रहार किया। कहा कि जुलाई 2023 में प्रदेश बीजेपी की कमान सौंपी गई। इससे पहले उनको सदन में नेता प्रतिपक्ष के लिए भी नामित किया गया था लेकिन दल-बदल मामले को लेकर इसकी मंजूरी नहीं मिली। पिछले 3 वर्षों में बीजेपी की ओर से वे ही हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मुखर रहे हैं। ऐसा एक भी दिन नहीं जाता जब बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विधि-व्यवस्था के मुद्दे पर हेमंत सोरेन सरकार पर हमला न बोला हो। कहा कि एक आदिवासी नेता शिबू सोरेन बनने निकला था। 14 साल तक लाख कोशिशों के बाद जब शिबू सोरेन नहीं बन पाया, तो अब उनके शावकों से उलझता है।

**सप्ताह में 70 घंटे काम से...**

होस्ट कर रहे थे। जबकि अभिजीत ने लिखा था, 'बिल्कुल ठेठ भारतीय मिठाई दुकानदार वाला रवैया। यही कारण है कि इन्फोसिस एक गौरवशाली आईटी कुली प्रदाता कंपनी है जिसका मूल्यवान उत्पाद के लिहाज से कोई खास योगदान नहीं है।'

'कैब एग्रीगेटर ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल कहते हैं, 'मैं मूर्ति के विचारों से पूर्णतः सहमत हूं। यह हमारा समय कम काम करने और अपना मनोरंजन करने का नहीं है। बल्कि यह हमारा क्षण है कि हम सब कुछ करें और एक ही पीढ़ी में वो सब तैयार कर दें जो अन्य देशों ने कई पीढ़ियों में किया है।'

मेकमाईट्रिप के चीफ एचआर अधिकारी युवराज श्रीवास्तव भी इस बात से सहमत हैं, जिनका मानना है कि इन्फोसिस के संस्थापक ने 70 घंटे की बात प्रतीकात्मक अर्थों में कही है, इसे शब्दशः लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'युवाओं के देश के रूप में हमें अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि उत्पादकता प्रभावित न हो। आज बाजार की मांग, व्यापार, देश, जिस विकास दर की हम उम्मीद कर रहे हैं, उसका मतलब है कि देश को आगे ले जाने के लिए हर किसी को बहुत कुछ करने की जरूरत है।'बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन लैब तलाववी के सीईओ राजेश पद्मनाभन कहते हैं, अलग-अलग अपेक्षाओं के साथ मिलकर काम करने वाले वर्क फोर्स की पांच पीढ़ियों को पिछले जापानी या जर्मन मॉडल पर वापस जाने के बजाय आपसी सहमति से नया क्रांतिकारी मॉडल खोजने की जरूरत है। टेक्नॉलजी के उपयोग से स्मार्ट वर्किंग, पारदर्शिता के उपायों के साथ कामकाज में लचीलापन जैसे पहलुओं को शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि घंटों में बांधने के खिलाफ विद्रोह हो रहा है।

प्रॉपटेक यूनिकॉर्न नोब्रोकर के सीईओ अमित अग्रवाल कहते हैं, 'एक निश्चित अवधि के बाद व्यक्ति बौद्धिक रूप से सतर्क नहीं रह सकता है। अगर आउटपुट पर असर पड़ता है तो क्या फायदा? मैं आम तौर पर अपने कर्मचारियों से, चाहे वे किसी भी उम्र के हों, लंबे समय तक काम करने के लिए नहीं कहूंगा, जब तक कि यह ग्राहक की आपातकालीन स्थिति या अग्निशमन की स्थिति न हो। मैं उन्हें उत्पादक ढंग से काम करने, आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने और वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। आउटपुट महत्वपूर्ण है, घंटे नहीं।'

अपग्रेड के संस्थापक और प्रसिद्ध टीवी प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला कहते हैं, 'उत्पादकता बढ़ाना केवल लंबे समय तक काम करना नहीं है। यह आप जो करते हैं उसमें बेहतर होने के बारे में है - अपस्किलिंग, सकारात्मक कार्य वातावरण और किए गए काम के लिए उचित वेतन। किए गए कार्य की गुणवत्ता > अधिक घंटों में पूरा होना।'मैनेजमेंट कन्सल्टिंग फर्म मर्सर में भारत और दक्षिण एशिया के कमर्शियल लीडर अरविंद यूसरे का मानना ??है कि आदर्श रूप से उच्च उत्पादकता केवल अतिरिक्त घंटों के बजाय बेहतर कौशल, टेक्नॉलजी, बेहतर पॉलिसी, वर्क कल्चर आदि में निवेश से आनी चाहिए। 'आज की युवा पीढ़ी पेशेवर रूप से योगदान देने के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत स्थान और पारिवारिक समय की भी रक्षा करना चाहती है। जिम्मेदार एंप्लॉयर एक संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि कर्मचारी थकें नहीं।'भारतपे के पूर्व एमडी अशनीर ग्रोवर ने लिखा, 'मुझे लगता है कि लोग नाराज हो गए क्योंकि काम को अभी भी 'नतीजे' से ज्यादा 'घंटों' में मापा जा रहा है। दूसरी बात यह है कि लोगों को ऐसा लग रहा है मानो युवाओं का आलस्य ही भारत को विकसित होने से रोक रहा है। शौकिया- क्रिकेट, धर्म, जाति या भाषा से ज्यादा नाराज होना हमें एक करता है।'

सॉफ्टबैंक इंडिया के कंट्री हेड और भारती एयरटेल के सीईओ रह चुके बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन एडवाइजर मनोज कोहली कहते हैं, 'अगर हमें 2047 तक विकसित देश का दर्जा हासिल करना है, जो कि एक घोषित उद्देश्य है, तो हमें उस लक्ष्य की दिशा में काम करना होगा। प्रतिभा की प्रचुरता को देखते हुए भारत की समृद्धि शिक्षा और कड़ी मेहनत से निकलेगी। अगर हमें उस लक्ष्य तक पहुंचना है तो हमें आगे बढ़ना होगा- उस बिंदु तक नहीं जहां आप थक जाएं और अपना जुनून और स्वास्थ्य खो दें- बल्कि एक शानदार लक्ष्य हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।'

जबकि, डेलॉयट इंडिया के ह्यूमन कैपिटल कंसल्टिंग पार्टनर संकल्प मोहंती कहते हैं, 'उत्पादकता का मुद्दा अपने आप में बहुत सही है, लेकिन युवा पीढ़ी यह भी उम्मीद करती है कि वो कहां काम करते हैं, कब काम करते हैं और नियोक्ता के साथ कैसे जुड़ते हैं, इसमें अधिक लचीलापन हो।संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि वो प्रॉडक्टिविटी बढ़ाते हुए इन बातों का ध्यान रखें।'

मोटे तौर पर भारत में कार्यरत कंपनियों के नपे तुले बयान से अलग इंडिया और भारत तथा झारखंड भी है जहां की जमीनी सच्चाइयां अलग हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की बात करें तो यहां की सबसे बड़ी समस्या इसकी सवा करोड़ से ऊपर की भारी भरकम आबादी है जो स्वास्थ्य,बेरोजगारी और पेट भरने की चुनौती से जूझ रही है । रोज कमाओ और रोज खाओ वाली बहुसंख्य इस आबादी को सप्ताह में दो दिन आराम की नहीं बल्कि भोजन की है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाला यह देश परिश्रमी और अधिक से अधिक काम करने वाले लोगों के कारण अमेरिका, कनाडा जैसे देशों में वहां के नागरिकों से अधिक समृद्ध और गिरमिटिया मजदूर के रूप में अनेक देशों में प्रतिष्ठित हुए हैं। ऐसे लोग झारखंड में भी बहुतायत में हैं जो सीमित साधनों में भी संतुष्ट और खुश हैं। इस बड़ी आबादी के सामने आराम और छुट्टी की नई परिभाषा कुछ वर्षों पहले गढ़ी गई जब सचिवालयों सहित बड़े अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय कार्यदिवस तय किए गए पर जिला स्तर पर पूर्ववत छः दिवसीय कार्यदिवस ही रहे।दिलचस्प यह है कि पांच दिवसीय कार्यदिवस की अवधारणा यह होती है कि पांच दिन अधिक कार्य किए जाएं जो पश्चिमी देशों की ईमानदार कार्यसंस्कृति पर आधारित थी और यहां दुर्भाग्य से सार्वजनिक सेवाओं में ऐसा नहीं हो पाया। अनेक सरकारी कार्यालयों में कार्यावधि में वृद्धि सिर्फ कागजों तक की सीमित रह गई । कोरोना के कारण बंद हुई बायोमेट्रिक हाजरी अब अधिकांशतः प्रचलन में नहीं है ।

भय इस बात का है कि यदि यह संस्कृति निचले स्तर तक पहुंची तो करोड़ों कार्यदिवस का नुकसान शुरू होगा जो भारत के लिए घातक होगा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-12/2023-24

पत्रांकः– 799 हुसैनाबाद, दिनांकः– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | खुटीसोत नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 94,00,213=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.12. 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 312058 Minor Irrigation(23-24)D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 09/2023-24

पत्रांक–710 लातेहार/दिनांक– 25.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | भुसूर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–,लातेहार जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 99.859 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 30.11.2023 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1) केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

PR.NO.312069 Water Resource(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

(लापता सुषमा कुमारी, उम्र करीब–18 वर्ष)



रंका थाना कांड सं0–174/2023 दिनांक–23.10.2023, धारा–363/34 भा0द0वि0 में लापता सुषमा कुमारी, उम्र–18 वर्ष, पे0–अकलू सिंह, सा0–कितासोती थाना+जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड की रहने वालें है। जो लापता है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता सुषमा कुमारी, उम्र 18 वर्ष, पे0–अकलू सिंह, सा0–कितासोती थाना+जिला–गढवा, का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः–
नाम– सुषमा कुमारी रंग– सावला,
पहनावा–गुलाबी रंग का सलवार सूट
कद– करीब 5 फीट मो0न0–8580273405

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 312049 (Police) 23-24 (D)

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 12/2023-24

पत्रांक–713 लातेहार/दिनांक–25.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डेमु मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–,लातेहार, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 45.90 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 30.11.2023 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.12.2023 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.12.2023 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 312073 Water Resource(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-14/2023-24

पत्रांकः– 801 हुसैनाबाद, दिनांकः– 24/11/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | टेढ़ा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 54,09,267=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.12. 2023 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 312060 Minor Irrigation (23-24)_D

## एक नजर

### 7वें राष्ट्रीय पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 3 दिसंबर तक

**अहमदाबाद।** भारत की प्रीमियर पिकलबॉल संस्था ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन (एआईपीए) पिकलबॉल एसोसिएशन ऑफ गुजरात (पीएजी) के साथ मिलकर 1 से 3 दिसंबर 2023 तक 7वें राष्ट्रीय पिकलबॉल टूनार्मेंट का आयोजन करेगा। तीन दिवसीय टूनार्मेंट में भारत भर के 20 राज्यों के 250 से अधिक एथलीट खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खिलाड़ी 6 अलग-अलग श्रेणियों, अंडर-लड़के और लड़कियां, अंडर-19 पुरुष और महिलाएं, 35 प्लस पुरुष और महिलाएं, 50 प्लस पुरुष और 60 प्लस पुरुष में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। एआईपीए अध्यक्ष, अरविंद प्रभु ने कहा, हमें राज्यों और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। खेल बढ़ रहा है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह भारत के हर कोने तक पहुंचे।

### इमाद वसीम ने नेशनल टी20 कप से हटने का फैसला किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमाद वसीम ने आगामी अबू धाबी टी10 लीग में भाग लेने के पक्ष में मौजूदा राष्ट्रीय टी20 कप से हटने का फैसला किया है। इस फैसले की पुष्टि इस्लामाबाद टीम के कोच जुनैद खान ने की, जिन्होंने खुलासा किया कि इमाद लीग क्रिकेट में अपने भविष्य की कल्पना कर रहे हैं, जिससे उन्होंने टी10 क्रिकेट की ओर कदम बढ़ाया। जुनैद खान ने कहा, इमाद को लगता है कि लीग क्रिकेट में उनका भविष्य बेहतर है इसलिए उन्होंने टी10 लीग में खेलने का फैसला किया।

### डी मिनौर ने ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरे डेविस कप फाइनल में पहुंचाया

**मलागा।** एलेक्स डी मिनौर ने शुक्रवार को फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी की सर्विस पर हावी होकर ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरे डेविस कप फाइनल में पहुंचाया। डी मिनौर ने अपनी 6-4, 6-3 की जीत के दौरान 18 ब्रेक पॉइंट अवसर अर्जित किए, पांच बार कन्वर्ट किया और अपने पहले सर्विस रिटर्न पॉइंट का 48 प्रतिशत जीता। उन्होंने अब डेविस कप फाइनल्स में लगातार चार एकल मैच जीते हैं। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी की जीत टीम के साथी एलेक्सी पोपिरिन की ओटो वर्टेनन पर 7-6(5), 6-2 से जीत के बाद हुई। पोपिरिन ने डेविसकप.कॉम को बताया, शायद यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। ऐसा मैच जीतना जो हमारे लिए बहुत मायने रखता है, एक सम्मान की बात है और कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। रविवार के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया सर्बिया और इटली के विजेता से खेलेगा, एक टाई जिसमें नोवाक जोकोविच और जानिक सिनर के बीच निट्टो एटीपी फाइनल्स खिताबी मुकाबले का रीमैच होगा। इस सप्ताह की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया चेक गणराज्य के खिलाफ बड़ी मुश्किल में था, जब टॉमस मचाक ने जॉर्डन थॉम्पसन को 6-4, 7-5 से हराया और जिरी लेहेका ने डी मिनौर के खिलाफ 6-4, 5-3 की बढ़त बना ली।

# झारखंड को मिलेगा नया स्टेडियम

## सहवाग व हरभजन ने दी सहमति : राज्यसभा सांसद धीरज साहू

**आरएनएम। रांची/लोहरदगा**

झारखंड के लोहरदगा जिले के बीएस कॉलेज परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न क्रिकेट स्टेडियम और पवेलियन का निर्माण किया गया है। यह खास स्टेडियम सर्व सुविधाओं से लैस होगा, जिसका उद्घाटन 3 जनवरी को किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में देश के दो जाने-माने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भाग लेंगे। इसके अलावा कई अन्य गणमान्य लोगों के भी शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। कार्यक्रम के लिए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने क्रिकेटरों को आमंत्रित किया है। इसमें आने के लिए हरभजन सिंह



और वीरेंद्र सहवाग ने अपनी सहमति दे दी है। साथ ही 3 जनवरी से लोहरदगा में आईपीएल के तर्ज पर भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा।

लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। लोहरदगा में बलदेव साहू क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण बलदेव साहू महाविद्यालय के पास किया गया है। वहीं 3 जनवरी से लोहरदगा में आईपीएल के तर्ज पर भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जिला क्रिकेट क्लब और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा आयोजित किया जायेगा।

### सांसद निधि से करवाया स्टेडियम का निर्माण

स्टेडियम के निर्माण में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बड़ा योगदान है। पूरे स्टेडियम के कायाकल्प, पवेलियन एंड के निर्माण और सुविधाओं के विकास के लिए सांसद निधि से राशि उपलब्ध कराई है। राज्य के एक अच्छे स्टेडियम के रूप में उभरकर आए इस स्टेडियम में राज्य के अलग-अलग क्रिकेट खिलाड़ियों और टीमों का प्रशिक्षण भी आयोजित होता रहा है। वहीं उद्घाटन के बाद इसमें बड़े मैच खेले जाने की संभावना है जिससे खिलाड़ियों को मदद मिलेगी।

## एक ही स्कूल में पढ़ी हैं अनुष्का शर्मा और साक्षी धोनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महेंद्र सिंह धोनी की वाइफ साक्षी धोनी और एक्ट्रेस एवं विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा बचपन में असम के एक ही स्कूल में पढ़ती थीं। विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी कितने अच्छे दोस्त हैं, ये बात सभी अच्छे से जानते हैं। दोनों ने कई सालों तक साथ में क्रिकेट खेला है। दोस्ती होने के बावाजूद भी विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी का बहुत सम्मान करते हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी भी बचपन की दोस्त हैं। कम ही लोग जानते हैं कि दोनों कभी असम के एक ही स्कूल में पढ़ते थे और कथित तौर पर सहपाठी भी थीं।

अनुष्का और साक्षी की उनके स्कूल के दिनों की एक पुरानी तस्वीर ऑनलाइन सामने आई है जिसमें दोनों को एक साथ पोज देते देखा जा सकता है। यह फोटो उन दिनों की है जब अनुष्का शर्मा के पिता (सेवानिवृत्त)कर्नल अजय कुमार शर्मा असम में तैनात थे। उन दिनों एक्ट्रेस सेंट मैरी स्कूल में पढ़ती थीं। यह वही स्कूल है जहां साक्षी धोनी ने भी पढ़ाई की थी।

## कफील खान और एजाज आलम की शानदार जीत



**आरएनएम। रांची**

रोमांच, संघर्ष से भरपूर मैच में कफील खान और एजाज आलम की जोड़ी के सामने संघर्ष करते हुए मो आमिर और मुस्तकीम आलम की जोड़ी अपने तीन मैचों में दो मैच हार कर सेमीफाइनल की दौड़ में पिछड़ती दिखाई दे रही है। वहीं कफील खान और एजाज आलम की जोड़ी भी अपने तीन मैच में दो मैच गवाने के बाद शनिवार को खेले गए। अपने मैच में शानदार वापसी कर सेमीफाइनल की आस जगा ली है। चर्च कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में आयोजित मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में खेले जा रहे मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट अब अपने रोमांच पर पहुंचता जा रहा है जहां ग्रुप 'ए' में मिमशाद और मो. इरशाद की जोड़ी और अतीक अहमद कुस्सु और परवेज खान की जोड़ी का सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की मानी जा रही है। वहीं इसी ग्रुप के मो मीर और यूनुस खान भी उल्ट फेर कर सब की गणित बिगाड़ सकती है, जबकि ग्रुप 'बी' में डॉक्टर शेरान की जोड़ी ने सेमी फाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली है जबकि बाकी के तीनों जोड़ी अपने-अपने तीन मैचों में एक-एक मैच जीत कर असमंजस की स्तिथि बनाए हुए है। आज होने वाले ग्रुप 'बी' के मैच में नेहाल अहमद की जोड़ी को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए फाइनल के प्रबल दावेदार डॉक्टर शेरान अली की जोड़ी को हराना होगा। वहीं डॉक्टर शेरान अली अपना यह मैच जीत कर सेमी फाइनल में जगह पक्की करना चाहेगा। इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि अताउल रहमान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया आज के मैच रेफरी प्रिंस सैफी और मो नईम के साथ लाइन मैन मकबूल और परवेज ने भूमिका निभाई।



## खेलो इंडिया वीमेंस 'किक बॉक्सिंग लीग' का खेलगांव में हुआ शुभारंभ

### मुख्य अतिथि संजय सेठ व बिनय सिन्हा दीपू नें दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया

**आरएनएम। रांची**

शनिवार को खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग स्थानीय खेलगांव होटवार रांची में मुख्य अतिथि संजय सेठ सांसद लोकसभा रांची एवं विनय सिंह दीपू वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव कांग्रेस के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिस येलो ने अपना योगदान दिया इस अवसर पर झारखंड की बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ ने कहा महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए खेल की भावना को और प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की है और आज के इस वूमेंस किक बॉक्सिंग लीग में आए हुए सभी महिला खिलाड़ियों का हम रांची में स्वागत करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा ऐसे खेल को प्रोत्साहित करने से महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है और झारखंड की खिलाड़ियों ने पहले भी देश में अपना परचम लहराया है और उम्मीद है कि कीक बॉक्सिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात, करण कुमार, संस्कार तिवारी, सहित रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद, वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग, आलोक श्रीवास्तव, नौशाद खान, कलीम खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप, संजीव श्रवास्तव सहित पूनम सिंह, अधिवक्ता प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा, इबरार अंसारी, गुलाम गौस कुरैशी, लालचंद लोहार, राहुल सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में बैजबॉल नहीं देखा : नाथन




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दो एशेज टेस्ट मैचों में इंग्लैंड द्वारा खेले जाने वाले किसी भी तरह के 'बैजबॉल' को नहीं देखा, इससे पहले कि वह पिंडली की चोट के कारण अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाए। 'बैजबॉल' शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के 'बाज' उपनाम के आधार पर अस्तित्व में आया। लियोन ने चैनल 7 के फ्रंट बार शो में कहा, बैजबॉल के खिलाफ मेरा स्कोर 2-0 है इसलिए मैं खुश हूं। यदि आप मुझसे पूछें तो यह बहुत बकवास है। यह क्रिकेट का एक ब्रांड है जिसे अंग्रेज जारी रखना चाहते हैं। अब यह शब्दकोष में है जो बहुत असाधारण है।

## ऑस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक स्टेडियम टूटेगा

### टीम इंडिया यहां तोड़ चुकी है ऑस्ट्रेलिया का घमंड

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने लंबे समय बाद गाबा के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का घमंड तोड़कर पहली बार जीत हासिल की थी। अब इस स्टेडियम को ऑस्ट्रेलियाई सरकार तुड़वाने जा रही है। उक्त फैसला 2032 ग्रीष्मकालीन खेलों के कारण लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि स्टेडियम को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। इससे लोगों के बैठने की क्षमता तो बढ़ेगी ही साथ ही साथ सुविधाएं भी बढ़ा दी जाएंगी। क्वींसलैंड राज्य के उप प्रधान स्टीवन माइल्स ने शुक्रवार को पुष्टि की कि स्टेडियम का 2.7 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का पुनर्विकास, जिसे व्यापक रूप से गाबा के नाम से जाना जाता है, जल्द शुरू हो जाएगी। इस



परियोजना से स्टेडियम की बैठने की क्षमता 50,000 तक बढ़ जाएगी। इसके तहत गाबा स्टेडियम से नए भूमिगत रेलवे स्टेशन से भी जोड़ा जाएगा।

माइल्स ने कहा कि निर्माण में 4 साल लगेंगे, जो 2025 के अंत में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज क्रिकेट टेस्ट की मेजबानी के बाद शुरू होगा और 2030 में पूरा होगा। माइल्स ने कहा कि यह एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ स्टेडियम होगा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शहरी नवीनीकरण को गति देगा जिसे हम देखना चाहते हैं ... यह रहने के लिए शहर के सबसे अच्छे हिस्सों में से एक होगा।

जुलाई 2021 में ब्रिस्बेन को बिना किसी प्रतिद्वंद्वी बोली के 2032 ओलिम्पिक मेजबान के रूप में चुना गया था जिससे यह 1956 में मेलबर्न और 2000 में सिडनी के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा ऑस्ट्रेलियाई शहर बन गया।

## हैरी केन के एकमात्र गोल ने बायर्न को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया


**कोलोन।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन के गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को एफसी कोलन को 1-0 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। 12 लीग मैचों में यह केन का 18वां गोल था क्योंकि वह बुंडेसलीगा सीजन में 18 बार गोल करने वाले एकमात्र अंग्रेज बन गए। एरिक मैक्सिम चौपो-मोटिंग के शॉट को लाइन से क्लीयर किये जाने के बाद केन ने 20वें मिनट में नजदीकी रेंज से गेंद को गोल में पहुंचाया। चौपो-मोटिंग, साने और किंग्सले कोमन ने बायर्न की बढ़त को दोगुना करने के मौके गंवाए। जीत के परिणामस्वरूप बायर्न शनिवार को अपना मैच खेलने वाले बायर लेवरकुसेन से एक अंक आगे है। यदि वे वेर्डर ब्रेमेन में जीत हासिल करते हैं, तो लेवरकुसेन-जर्मन बुंडेसलिगा में एकमात्र अन्य अपराजित टीम-शीर्ष रैंक वापस ले लेगी। इंग्लैंड के रिकॉर्ड गोलस्कोरर के सामने अब थॉमस ट्यूशेल की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 17 मैचों में 22 गोल का रिकॉर्ड है।

## भारत 'ए' के खिलाफ टी20 शृंखला के लिए इंग्लैंड 'ए' टीम घोषित

### चार्ली डीन होंगी कप्तान

**एजेंसी। लंदन**

चार्ली डीन भारत 'ए' के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए शनिवार को घोषित इंग्लैंड महिला 'ए' टीम का नेतृत्व करेंगी। इस शृंखला के तीनों मैच क्रमशः 29 नवंबर, 1 दिसंबर और 3 दिसंबर को खेले जाएंगे। ओमान में एक पखवाड़े लंबे प्रशिक्षण शिविर के बाद, टीम वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले तीन टी20 मुकाबलों से पहले मुंबई में अपनी तैयारियों को दुरुस्त करेगी। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स पारिवारिक शोक के बाद टीम से हट गईं हैं, जबकि थंडर की लिबर्टी हीप अपनी कॉलर बोन में फ्रैक्चर के बाद घर लौट आई हैं। वह अपने उपचार के अगले चरण की योजना बनाने के लिए एक विशेषज्ञ से मिलेंगी।



इंग्लैंड 'ए' के मुख्य कोच माइकल बेट्स ने कहा, हम सभी भारत में आगामी टी20 मुकाबलों का पूरी तरह से इंतजार कर रहे हैं। हमने ओमान में एक बहुत ही उपयोगी शिविर का आनंद लिया है, समूह ने अच्छी तरह से प्रशिक्षण लिया है, कड़ी मेहनत की है और वास्तव में एक टीम के रूप में एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, इंग्लैंड की महिला 'ए' खिलाड़ियों के लिए इंग्लैंड महिला प्रदर्शन कोचों के साथ काम करने के साथ-साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ जुड़ने का अवसर मिलना शानदार अनुभव रहा है। यह हमारी तैयारी में एक और तत्व लेकर आया है और समूह के विकास को बढ़ाया है। उन्होंने कहा, भारत 'ए' के खिलाफ ये तीन मैच हमारे कौशल और प्रतिस्पर्धा करने की हमारी क्षमता का परीक्षण करने का एक शानदार तरीका होंगे और निस्संदेह खिलाड़ियों के लिए एक और रोमांचक सीखने का अवसर प्रदान करेंगे।

**इंग्लैंड महिला 'ए' टीम**

होली आर्मिटेज, हन्ना बेकर, चार्ली डीन, लॉरेन फाइलर, माहिका गौर, किर्स्टी गॉर्डन, फ्रेया केम्प, रियाना मैकडोनाल्ड-गे, ग्रेस स्क्रिवेंस, सेरेन स्माले, रियाना साउथबी, मैडी विलियर्स, इस्सी वोंग।

**यादों को ताजा**

## सीएसके के साथ अपने सफर को लेकर बड़ी अंबाती रायडू का बड़ा बयान

# मुंबई इंडियंस के साथ सफर अच्छा रहा था

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने करियर की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर शानदार था, लेकिन उन्हें अपना खास समय चेन्नई सुपर किंग्स में मिला। रायुडू ने 2010 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में पदार्पण किया और 2017 संस्करण तक टीम के लिए खेले,साथ ही 2013, 2015 और 2017 में उनके साथ तीन खिताब जीते।



इसके बाद 2018 सीजन से पहले उन्हें सीएसके ने अपने साथ जोड़ा। उस संस्करण में, रायुडू ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाए थे, जिसमें उनका नाबाद 100 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था, क्योंकि टीम ने स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी में एक प्रमुख अधिकारी की संलिप्तता के कारण दो साल के निलंबन के बाद ट्रॉफी जीती थी। वह आईपीएल 2021 और 2023 का खिताब जीतने वाली सीएसके टीम के सदस्य थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले सीजन के बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात टाइटन्स पर फ्रेंचाइजी की जीत के बाद उन्होंने लीग से संन्यास ले लिया था।

यूट्यूब पर प्रसारित द रणवीर शो पॉडकास्ट पर रायुडू ने कहा, मैं खुद को टीम के माहौल में बहुत लचीले होने के रूप में याद रखूंगा। मैं मध्यक्रम के साथ निचले मध्यक्रम के साथ भी खुलकर बल्लेबाजी कर रहा था। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां मुझे टीम के लिए योगदान करने पर बहुत गर्व है और मैं अपने करियर में उस पहलू को बहुत महत्व देता हूं।"

उन्होंने कहा,बेशक, मैंने मुंबई के लिए आठ साल तक खेला। मैंने अपने आईपीएल करियर की शुरूआत मुंबई से की। यह एक शानदार यात्रा थी और हमने तीन आईपीएल और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीतीं। हमने बहुत अच्छा समय बिताया।"

सीएसके में अपने समय के बारे में बात करते हुए, रायुडू ने आगे कहा, सीएसके में जाना और भी खास था, लेकिन दूसरे ड्रेसिंग रूम में बैठना, नीले के बजाय पीले पैड पहनना और मुंबई का सामना करना बहुत अजीब था। उन्होंने कहा, यह मेरे दिमाग में एक फ्लैशबैक की तरह चल रहा था, यह याद करते हुए कि हम हर दिन क्या करते थे। तब से, हाँ, मुझे सीएसके में रहने की आदत हो गई है। दाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने भारतीय क्रिकेट और आईपीएल में एक लीडर के रूप में एमएस धोनी की विरासत के बारे में भी विस्तार से बात की।

उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि धोनी ने सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, साथ ही कई खिलाड़ियों को चमकाया भी है, यहां तक कि उन्होंने सीएसके के लिए खेलने वाले कई विदेशी खिलाड़ियों से भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराया है। मुझे लगता है कि यह उनके अंदर है। मैं यह नहीं जानता कि इसे कैसे व्यक्त करूं, लेकिन इतना कहूंगा कि वह धन्य हैं और उन्होंने इतने वर्षों तक खेलते हुए इसे विकसित किया है।"

उन्होंने कहा, लेकिन कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि वह ऐसा कुछ क्यों कर रहे हैं जो मुझे उचित नहीं लगता। लेकिन दिन के अंत में, परिणाम दिखाते हैं कि वह सही थे और 99.9 प्रतिशत बार वह सही हैं, इससे पता चलता है कि वह जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं और उन्होंने इसे इतने लंबे समय तक और इतनी सफलतापूर्वक किया है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी उनकी तरह ऐसा कर सकता है। भारतीय क्रिकेट अब उनके फैसलों पर सवाल उठाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि वह काफी सफल रहे हैं।'

## स्पेन पर जीत के साथ ही जर्मनी इतिहास रचने की ओर अग्रसर



**एजेंसी। जकार्ता**

जर्मनी एक ही वर्ष में फीफा अंडर-17 विश्व कप और यूईएफए यूरोपीय अंडर-17 चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली टीम बनने से दो जीत दूर है।

मंगलवार को सेमीफाइनल में जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से होगा, जिन्होंने अंतिम-आठ के तनावपूर्ण मुकाबले में अपने साथी यूरोपीय दिग्गज स्पेन को 1-0 से हरा दिया। बढ़ते आत्मविश्वास के जर्मनी की टीम अब इतिहास बनाने की राह पर है। जब 2023 में जर्मनी की अविश्वसनीय सफलता के बारे में पूछा कहा गया, तो कोच क्रिस्चियन वुक और उनके खिलाड़ियों दोनों के मुंह से एक शब्द निकलाः मानसिकता। वुक ने फीफा को बताया, यह विश्वास यहां भी है, जैसा कि यूरो में था। शायद हम विश्वास करने में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। हम हारने के बारे में नहीं सोचते, हम जीतने के बारे में सोचते हैं। मानसिक रूप से हम मजबूत रहे हैं। अब, हम सेमीफाइनल में हैं, हम 2 दिसंबर तक रहना चाहते हैं, फाइनल खेलना चाहते हैं और जीतना चाहते हैं। स्पेन के मुकाबले में, जर्मनी ने उस टीम के खिलाफ गेंद के बिना काफी समय बिताया, जिसे वुक ने 'शायद तकनीकी रूप से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ' बताया था।